हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शनिवार ● 10.05.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 285 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# पाकिस्तान ने 400 ड्रोन दागे, यात्रियों को बनाया ढाल
# जवाबी कार्रवाई में उसका एयर डिफेंस रडार नष्ट : कर्नल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' से बौखलाकर पाकिस्तान ने गुरुवार रात भारत के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में ड्रोन और मिसाइल हमलों की कोशिश की, लेकिन भारत ने अपनी ताकतवर स-400 एयर डिफेंस सिस्टम से इन हमलों को नाकाम कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम के बारे में विदेश मंत्रालय ने प्रेस कांफ्रेंस में नई जानकारी दी और बताया कि पाकिस्तान ने सीमा पार से बड़ी संख्या में ड्रोन भेजे, जिनका उद्देश्य खुफिया जानकारी जुटाना था। हालांकि, भारतीय सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के इन हमलों को सही समय पर जवाब देकर उसे एक बड़ा झटका दिया।

### पाकिस्तान ने ड्रोन और गोलाबारी की कोशिश की

कर्नल सोफिया कुरैशी ने प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी कि पाकिस्तान ने 8-9 मई की रात भारत के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में भारी गोलाबारी की। इसके साथ ही, पाकिस्तान ने कई क्षेत्रों में ड्रोन भेजकर भारतीय सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश की। इन ड्रोन का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना की एयर डिफेंस क्षमता को कमजोर करना और खुफिया जानकारी इकट्ठा करना था। ये तुर्की के बने अस्सिगार्ड सोंगर ड्रोन थे। पाकिस्तान ने कुल 36 जगहों पर घुसपैठ की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना ने उसे नाकाम किया और पाकिस्तान को इसका भारी नुकसान हुआ।


### पाकिस्तान ने लगभग 300 से 400 ड्रोन भेजे

कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान ने लगभग 300 से 400 ड्रोन का इस्तेमाल किया, जिनमें से कई ड्रोन भारतीय सुरक्षाबलों ने मार गिराए। पाकिस्तान के इन ड्रोन हमलों का उद्देश्य भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम की कमजोरी को जानना और खुफिया जानकारी जुटाना था। इन ड्रोन का मलबा अब फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है और शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, यह तुर्की के अस्सिगार्ड सोंगर ड्रोन थे, जो पाकिस्तान ने इस्तेमाल किए थे।

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पाकिस्तान के हमले के दौरान भारतीय सेना के 4 जवान शहीद हो गए और कई अन्य घायल हुए। इसके अलावा, दो स्कूली बच्चों की भी जान गई। पाकिस्तान ने भारी कैलिबर वाली तोपों और हथियारों से लैस ड्रोनों से नियंत्रण रेखा पर गोलाबारी की थी। हालांकि, भारतीय सेना ने जबरदस्त जवाबी कार्रवाई की और पाकिस्तान की सेना को भारी नुकसान पहुंचाया।

### पाकिस्तानी हमलों को नाकाम करने के लिए भारत ने इस्तेमाल की ये मिसाइलें

भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान को हुआ बड़ा नुकसान भारतीय सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के ड्रोन और गोलाबारी का तुरंत जवाब दिया और पाकिस्तान को एक बड़ा नुकसान पहुंचाया। भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान की एयर डिफेंस सिस्टम के कुछ हिस्सों को नष्ट किया, जिसमें पाकिस्तान के चार एयर डिफेंस राडार सिस्टम शामिल थे। इसके बाद पाकिस्तान की सेना ने अपना हमला रोक लिया और भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद उसे भारी क्षति उठानी पड़ी। पाकिस्तान ने एक खतरनाक रणनीति अपनाई, जिसमें उसने अपने नागरिक हवाई क्षेत्र को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। जब पाकिस्तान के ड्रोन हमले किए जा रहे थे, तब कराची और लाहौर जैसे बड़े शहरों में नागरिक विमान उड़ान भर रहे थे, जिससे आम नागरिकों की जान जोखिम में पड़ रही थी। भारत ने अपनी कार्रवाई में संयम बरते हुए नागरिकों को बचाने की पूरी कोशिश की और इस दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की इस रणनीति की सराहना की गई।




## राजनाथ ने शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की



**नयी दिल्ली :** भारतीय सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर से हताश और बौखलाए पाकिस्तान के गुरूवार रात पश्चिमी सीमा से लगते क्षेत्रों में मिसाइल और ड्रोन से विफल हमलों के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार सुबह यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा की स्थिति और तैयारियों की समीक्षा की। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि रक्षा मंत्री ने यहां साउथ ब्लॉक में पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और रक्षा सचिव राजेश कुमार ने हिस्सा लिया। सूत्रों के अनुसार शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने रक्षा मंत्री को पाकिस्तानी सेना की पश्चिमी सीमा से लगते क्षेत्रों में हमले की कोशिश और भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा इसे विफल किये जाने की जानकारी दी।

## 8 राज्यों के 29 एयरपोर्ट्स 10 मई तक बंद, कई उड़ानें रद

**नयी दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच एयरपोर्ट पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। हवाई क्षेत्र से संबंधित प्रतिबंधों के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं, जबकि 8 राज्यों के 29 एयरपोर्ट्स को 10 मई तक यातायात के लिए बंद किया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर जिन राज्यों के एयरपोर्ट को बंद किया गया है, उनमें जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो की जारी एडवाइजरी के बाद विमानन कंपनियों ने शुक्रवार को यात्रियों को अपने-अपने हवाई अड्डों पर निर्धारित समय पर पहुंचने की सलाह दी है। वहीं, इंडिगो और एअर इंडिया एयरलाइंस ने 10 मई की रात 12 बजे तक श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर, जोधपुर, किशनगढ़ और राजकोट की अपनी सभी फ्लाइट्स को रद्द कर दिया है। पाकिस्तान के भारत पर ड्रोन अटैक के बाद सिविल एविएशन डिपॉर्टमेंट ने नई एडवाइजरी जारी की है। इसको देखते हुए अब यात्रियों को दोहरी सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। इसको लेकर एअर इंडिया, आकासा, स्पाइसजेट और इंडिगो एयरलाइन ने 3 घंटे तक पहले एयरपोर्ट पहुंचने को कहा है। इस बीच दिल्ली एयरपोर्ट ने कहा कि हवाई अड्डा पर कामकाज सामान्य है, लेकिन कुछ उड़ानों पर एयरस्पेस और सुरक्षा कारणों से असर पड़ा है।

## पीएम मोदी के आवास पर हाई लेवल बैठक, राजनाथ और तीनों सेना प्रमुखों के अलावा सीडीएस और एनएसए डोभाल रहे मौजूद



**नयी दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले तीन दिन से इंटरनेशनल बॉर्डर पर जो हो रहा है, उससे पूरी दुनिया हिली हुई है। ऑपरेशन सिंदूर से बिलबिलाए पाकिस्तान ने बीती रात भारतीय एयरस्पेस का उल्लंघन कर अग्रेशन दिखाने का प्लान किया। हालांकि भारतीय सेना के आगे उनकी एक नहीं चली। शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेनाओं के प्रमुख के साथ एक बैठक हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और सीडीएस भी नजर आए। बैठक के दौरान पाकिस्तान को मिट्टी में मिलाने का आगे का प्लान तैयार किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस तनावपूर्ण स्थिति में हाईलेवल बैठक की। सभी सेना प्रमुख हो सीडीएस सेना की वर्दी में ही नजर आए। जिससे अंदाज लगाया जा सकता है कि भारत पाकिस्तान के हमलों के बाद चीजों को हल्के में लेने के मूड में नहीं है। इस मीटिंग के दौरान पाकिस्तान के लगातार सीजफायर उल्लंघन और छद्म व अंतरराष्ट्रीय सीमा पर उकसावे की समीक्षा हुई। पीएम ने इससे पहले सेना, वायुसेना और नौसेना के पूर्व प्रमुखों सहित सशस्त्र बलों के दिग्गजों के साथ भी चर्चा की। यह बैठक भारत की रणनीति को और मजबूत करने का हिस्सा थी, जिसमें भविष्य की कार्रवाइयों पर विचार-विमर्श हुआ। दिग्गजों का अनुभव और सुझाव भारत की रक्षा नीति को और धार देने में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

## गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को इमरजेंसी हालात के लिए तैयार रहने का दिया आदेश

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालात के बीच भारत पूरी तरह तैयार है। भारतीय सेना ने आज सुबह तड़के पाकिस्तान द्वारा भेजे गए कई ड्रोन और मिसाइलों को नष्ट कर दिया। इसके साथ ही, पाकिस्तान बॉर्डर से लगे कई चेक पोस्टों पर भीषण गोलीबारी का सिलसिला जारी है, जिसका भारतीय सेना ने माकूल जवाब दिया है। इस माहौल को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विशेष चिट्ठी भेजी है, जिसमें उन्हें हर स्थिति के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा भेजी गई चिट्ठी में कहा गया है कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को पूरी तरह तैयार रहने की सलाह दी गई है। चिट्ठी में यह भी कहा गया है कि सभी प्रशासन को नागरिक सुरक्षा नियमों के तहत आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करना होगा ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## भारत-पाक सीमा पर पंजाब सरकार लगाएगी एंटी ड्रोन सिस्टम

**चंडीगढ़ :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पंजाब सरकार ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर एंटी ड्रोन सिस्टम लगाने और पंजाब की 13 जेलों में फाइव जी जैमर लगाने की मंजूर दी है। साथ ही युद्ध जैसे हालातों में जमाखोरी से निपटने के लिए सरकार ने छह जिलों में 12 मंत्रियों को नियुक्त करने का फैसला लिया है। शुक्रवार को कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पत्रकारों को बताया कि पठानकोट से लेकर अबोहर तक कुल 532 किलोमीटर का एरिया पाकिस्तान की सीमा से सटा हुआ है। यहां आएदिन ड्रोन के माध्यम से हथियार व नशा भेजा जा रहा है। इससे छुटकारा पाने के लिए पंजाब की सीमा में एंटी ड्रोन सिस्टम को विकसित किया जाएगा। आज की बैठक में इसे मंजूरी दे दी गई है।

## बीएसएफ के जवानों ने सांबा सेक्टर में सात आतंकवादियों को किया ढेर

**नयी दिल्ली :** सीमा सुरक्षा बल(बीएसएफ) के जवानों ने जम्मू फ्रंटियर के सांबा सेक्टर में गुरुवार की रात घुसपैठ की कोशिश करने वाले सात आतंकवादियों को ढेर कर दिया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि निगरानी ग्रिड को सांबा सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश करने वाले आतंकवादियों की भनक लगी। पाकिस्तान के रेंजर्स ढांढर पोस्ट से गोलीबारी कर आतंकवादियों को कवर दे रहे थे। बीएसएफ के सतर्क जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए कम से कम 7 आतंकवादियों को मार गिराया और पाक पोस्ट ढांढर को भारी नुकसान पहुंचाया। बीएसएफ ने पाकिस्तानी चौकी को ध्वस्त करने का वीडियो भी जारी किया है।

## बलूच विद्रोहियों ने सेना को दौड़ाया, पाकिस्तानी झंडे उतार किया 'आजादी का ऐलान'

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान और भारत में इस समय युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। पाकिस्तान को 6 मई की रात से ही लगातार भारत के हमलों का सामना करना पड़ रहा है। ये कार्रवाई इंडियन आर्मी ऑपरेशन सिंदूर के तहत कर रही है। एक तरफ पाकिस्तान की सेना भारत की ओर से आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई से बौखलाई हुई है तो दूसरी ओर बलूचिस्तान में उसके लिए नया फ्रंट खुल गया है। बलूच विद्रोहियों ने भारत के साथ तनाव को एक मौके की तरह लपकते हुए पाकिस्तानी सुरक्षाबलों पर हमले तेज कर दिए हैं। कई इलाकों में तो विद्रोही गुटों ने आजादी के नारे लगाते हुए झंडे फहरा दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बीते कुछ दिनों में बलूच लड़ाकों के कम से कम तीन समूहों ने बलूचिस्तान प्रांत के कई हिस्सों पर कब्जा जमा लिया है। सोशल मीडिया पर ऐसी तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जिनमें बलूच विद्रोही इमारतों से पाकिस्तान के राष्ट्रीय झंडे को उतारकर बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान करते हुए अपने झंडा फहरा रहे हैं।

**एक नजर**

### मिलिट्री इंटेलिजेंस और झारखंड एटीएस का छापा, सेना की नकली वर्दी बरामद

**रांची :** रांची में सेना की खुफिया एजेंसी (मिलिट्री इंटेलिजेंस) और झारखंड एटीएस (आतंकवाद निरोधी दस्ता) ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर सेना की नकली वर्दी बरामद की है। अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेंस से मिली विशेष सूचना के आधार पर बूटी मोड़ इलाके में स्थित श्री गणेश आर्मी स्टोर पर कार्रवाई की गई। जहां से सेना की नकली वर्दी और बिना इजाजत बनाए गए लड़ाई वाले कपड़े बरामद किए गए। इन नकली वर्दियों को आम लोगों को बेचा जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए दुकान के मालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और फिर बॉन्ड भरवाकर उसे छोड़ दिया गया। सदर थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। उल्लेखनीय है कि इस समय भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है।

# आईपीएल एक हफ्ते के लिए हुआ सस्पेंड, भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बीसीसीआई का फैसला




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत पाकिस्तान तनाव के बीच बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 का आयोजन एक हफ्ते के लिए सस्पेंड कर दिया है। अब शुक्रवार से अगले एक हफ्ते तक आईपीएल सीजन 18 का कोई मैच नहीं खेला जाएगा। बोर्ड ने केंद्र और सभी फ्रेंचाइजी और हितधारकों से सलाह के बाद यह फैसला लिया है। शुक्रवार से आईपीएल के मैचों पर रोक लग गई है।

आईपीएल में लीग स्टेज के अभी 13 मैच बचे हुए हैं, इसमें पंजाब बनाम दिल्ली मैच भी शामिल है, जो गुरुवार को रद कर दिया गया था। अभी तक कोई टीम आईपीएल प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाई है। अब यह तय नहीं किया गया है कि बचे हुए मैच कब और कहां खेले जाएंगे। बोर्ड की प्राथमिकता अभी सभी खिलाड़ियों की सुरक्षा है और जल्द ही विदेशी खिलाड़ियों को भी अपने-अपने वतन सुरक्षित पहुंचाया जाना है।

धर्मशाला में मैच रोके जाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स घबरा गए थे। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में दावा किया जा रहा था कि रिकी पोंटिंग समेत सभी प्लेयर्स स्वदेश लौटना चाहते हैं। हालांकि धर्मशाला में एयरपोर्ट बंद होने के कारण सभी प्लेयर्स को रेल द्वारा दिल्ली लाया जाएगा। फ्रेंचाइजी भी विदेशी खिलाड़ियों को स्थिति के बारे में बता रही है। उन्हें ये भी आश्वस्त किया गया कि उन्हें वापस भिजवाने की व्यवस्था की जा रही है।

आईपीएल 2025 में 57 मैच सफलतापूर्वक हो गए थे जबकि 8 मई को धर्मशाला में खेले गए 58वें मैच को सुरक्षा कारणों से बीच में ही रोक दिया गया। जम्मू समेत कई जगहों पर पाकिस्तान ने नाकाम ड्रोन हमले किए, जिसे भारत की सेना ने मार गिरायाव लेकिन एहतियातन धर्मशाला में खेले जा रहे मैच को रोककर प्लेयर्स को होटल वापस भेज दिया गया था।

## आईपीएल सस्पेंड होते ही विराट कोहली ने तोड़ी चुप्पी

**नयी दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच, भारत के क्रिकेट आइकन विराट कोहली ने भारतीय सशस्त्र बलों के लिए समर्थन का एक मजबूत संदेश दिया है। सीमा पर मिसाइल हमलों, हवाई हमले की चेतावनी और बढ़ी हुई सैन्य गतिविधियों के कारण सुरक्षा चिंताएं बढ़ गई हैं। इसका असर आईपीएल 2025 पर भी पड़ा है। आईपीएल को शुक्रवार को सस्पेंड कर दिया गया। विराट कोहली ने भारतीय सेना के समर्थन में एक इंस्टा पोस्ट किया है। विराट कोहली ने एक इंस्टा पोस्ट में लिखा, 'हम अपने सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता से खड़े हैं, जो इन कठिन समय में हमारे देश की रक्षा कर रहे हैं। हम अपने नायकों की अटूट बहादुरी और हमारे महान राष्ट्र के लिए उनके और उनके परिवारों द्वारा किए गए बलिदानों के लिए हमेशा ऋणी रहेंगे।'

# झारखंड में सभी सरकारी डॉक्टरों की छुट्टियां रद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारत पाक तनाव के बीच झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने राज्य के सभी डॉक्टरों की छुट्टी रद्द कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा है कि झारखंड का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष एडवाइजरी जल्द ही जारी की जाएगी। राज्य के सभी सिविल सर्जनों और डॉक्टरों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। हर जिले के अस्पतालों को तैयार रहने का सख्त निर्देश जारी किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि आर्मी कैंप क्षेत्र में विशेष तैयारी की गई है और वहां के अस्पतालों को अतिरिक्त बजट आवंटित किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की आपात चिकित्सा व्यवस्था में कोई बाधा न आए। सबसे महत्वपूर्ण निर्णय के तहत, झारखंड के सभी सरकारी डॉक्टरों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं। सभी चिकित्सकों को अपने कार्यस्थलों पर उपलब्ध रहने का निर्देश दिया गया है। डॉ. अंसारी ने स्पष्ट कहा कि अगर जरूरत पड़ी, तो झारखंड के डॉक्टर बॉर्डर इलाके में जाकर फ्रंटलाइन पर सेवाएं देने को तैयार हैं। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि मैं खुद उन डॉक्टरों का नेतृत्व करूंगा और उन्हें इमरजेंसी क्षेत्र में लेकर जाऊंगा। हम किसी भी परिस्थिति से पीछे नहीं हटेंगे।

डॉ. इरफान अंसारी का यह साहसिक निर्णय ऐसे वक्त में आया है जब देश की सीमाओं पर तनाव है। यह कदम न सिर्फ झारखंड के स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता का प्रमाण है, बल्कि यह भी दिखाता है कि झारखंड का नेतृत्व केवल भाषण नहीं, जमीन पर उतर कर काम करने में विश्वास रखता है।

## मां तीन बच्चों के साथ कुएं में कूदी, बच्चों की मौत

**गिरिडीह :** जिले के देवरी थाना इलाके में शुकवार को पति और पत्नी के विवाद के बाद पत्नी आरती देवी अपने तीन बच्चों के साथ कुएं में कूद गई। इसमें तीनों बच्चों की मौत हो गयी । आरती देवी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया गया कि देवरी थाना इलाके के खसलोडीह गांव में दोपहर करीब 12 बजे के करीब तीनो बच्चों के साथ आरती देवी को कुएं में कूदते हुए खेत में काम कर रहे लोगों ने देख लिया।चारों को डूबते देख लोगों ने हल्ला किया। बड़ी संख्या मे ग्रामीण जुटे ग्रामीणों ने आरती देवी के पति सोनू चौधरी को कॉल कर घटना की जानकारी दिया। सोनू चौधरी भी कुएं के पास पहुंचे । जानकारी मिलने के बाद देवरी थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर चारो को ग्रामीणों के सहयोग से निकालने मे जुट गई । काफी प्रयास के बाद तीनो बच्चों के साथ आरती देवी कोकुएं से बाहर निकाला गया। लेकिन तबतक आरती देवी के छह सालका अविनाश कुमार, चार साल की रानी कुमारी और ढाई साल की फूल कुमारी की मौत हो गई थी। तुरंत ग्रामीणों के सहयोग से चारों को देवरी के स्वास्थ्य केंद्र मे लाया गया। जहां डॉक्टर ने तीनों बच्चों के मौत की पुष्टि की।

# अबुआ आवास योजना के तहत गृह प्रवेश कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** अबुआ आवास योजना के तहत शनिवार को जिले में वृहद स्तर पर आयोजित होने वाले गृह प्रवेश कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त ने प्रखंडवार प्रखंड विकास पदाधिकारी से गृह प्रवेश कार्यक्रम के आयोजन को लेकर की गई तैयारी की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने गृह प्रवेश कार्यक्रम में सांसद, विधायक, जिला परिषद सदस्यों, मुखिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को शामिल होने हेतु आमंत्रित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त जिला स्तर से वरीय पदाधिकारियों को प्रखंड वार प्रतिनियुक्त करते हुए उनके द्वारा गृह प्रवेश कार्यक्रम का निरीक्षण करने, नवनिर्मित आवासों का निरीक्षण करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र में नवनिर्मित आवासों का निरीक्षण करने एवं सफलतापूर्वक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित कराने का निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना के तहत नवनिर्मित आवासों के लाभुकों को गृह प्रवेश के दौरान उपलब्ध कराए जाने वाले उपहारों की भी समीक्षा की एवं सफलता पूर्वक लाभुकों के बीच इनका वितरण करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौरतलब होकि शनिवार को पूरे जिले में अबुआ आवास योजना के तहत आयोजित होने वाले गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान कुल 1447 नवनिर्मित आवासों का गृह प्रवेश किया जाएगा जिसमें चितरपुर प्रखंड से 143, दुलमी प्रखंड से 205, गोला प्रखंड से 497, मांडू प्रखंड से 322, पतरातू प्रखंड से 207 एवं रामगढ़ प्रखंड से 73 आवासों का गृह प्रवेश किया जाएगा। उपायुक्त द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में अबुआ आवास योजना के तहत होने वाले गृह प्रवेश कार्यक्रमों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।




## एक नजर

### वैश्विक प्रतियोगिता में झारखंड के छात्रों को मिला सम्मान

**हजारीबाग :** मेड टू मूव कम्युनिटीज चैलेंज के ओटिस एशिया प्रशांत क्षेत्र के परिणामों की घोषणा की है। रांची के डीएवी नंदराज और जादवपुर विद्यापीठ के छात्रों ने इस वर्ष भारत का प्रतिनिधित्व किया और अपनी उल्लेखनीय प्रविष्टियों के लिए सम्मानजनक उपलब्धि हासिल की। ओटिस इंडिया की ओर से यह प्रतियोगिता हर साल छात्रों को स्टेम विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के सिद्धांतों को लागू करने और वास्तविक दुनिया की शहरी गतिशीलता समस्या का समाधान खोजने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय एआई का उपयोग कर शहरी मोबिलिटी समाधान विकसित करना था। लिफ्ट-एस्केलेटर के निर्माण में अग्रणी ओटिस इंडिया के अध्यक्ष सेबी जोसेफ ने छात्रों को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए बधाई दी और कहा स्टेम और एआई के उनके रचनात्मक अनुप्रयोग न केवल तकनीकी समझ को दर्शाते हैं, बल्कि अपने-अपने क्षेत्रों में वास्तविक दुनिया की शहरी गतिशीलता समस्याओं को हल करने के लिए गहरी प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं।

### सांसद ने नवनिर्मित गौरी शंकर मंदिर का लिया जायजा

**हजारीबाग :** सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को रामगढ़ शहर के कैथा स्थित जगरनाथ नगर कॉलोनी का निरीक्षण कर जायजा लिया। यहां पहुंचने पर कॉलोनी वासियों ने सांसद मनीष जायसवाल का फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर जबरदस्त स्वागत किया गया। स्थानीय लोगों के आग्रह पर सांसद मनीष जायसवाल ने यहां नवनिर्मित गौरीशंकर मंदिर का जायजा लिया और जल्द मंदिर के प्राण- प्रतिष्ठा को लेकर विशेष चर्चा- परिचर्चा की। स्थानीय लोगों की मांग पर इस नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमा भेंट करने का भरोसा जताया । मौके पर विशेष रूप से भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ. कुंटू, रामगढ़ जिले के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसवाल, राजू चतुर्वेदी, भाजपा नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, सुनील प्रसाद, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रामगढ़ विधानसभा के सांसद मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, सांसद प्रतिनिधि अनमोल सिंह, मनोज गिरी, स्थानीय जेबी सिंह, आरपी सिंह, सीबी सिंह, सरोज यादव, गुड्डू ओझा, यूके सिंह, पीयूष अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

### सीएन कॉलेज शासी निकाय की हुई बैठक

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिला अंतर्गत रामगढ़ शहर के रामनगर, मरार स्थित छोटा नागपुर महाविद्यालय (सी.एन.कॉलेज), रामगढ़ की शासी निकाय की बैठक हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कॉलेज परिसर में संपन्न हुई। बैठक में स्थाई शासी निकाय का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में सांसद मनीष जायसवाल एवं सचिव राजू चतुर्वेदी और को-ऑप्ट शिक्षाविद् सदस्य के रूप में डॉक्टर सुरेश प्रसाद पाल का चुनाव किया गया।
साथ ही नवनिर्वाचित शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. खिरोधर साहु, (विभागाध्यक्ष, वाणिज्य) एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. के.के.गुप्ता (स्नातकोत्तर, हिंदी विभाग) को शासी निकाय की पहली बैठक में अभिनन्दन किया गया। बैठक में कॉलेज के विकास के साथ शैक्षणिक क्षेत्र में बेहतर करने को लेकर लंबी चर्चा- परिचर्चा हुई। इससे पूर्व सांसद मनीष जायसवाल ने कालेज परिसर का निरीक्षण कर जायजा लिया।

# उपायुक्त के निदेशानुसार जनता दरबार का किया गया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैन्सी सहाय के निदेशानुसार, सामाजिक सुरक्षा निदेशक निवेदिता रॉय ने शुक्रवार को समाहरणालय सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में सन्तोष कुमार सिंह एवं संजीव कुमार समस्त योग शिक्षक एचडब्ल्यूसी हजारीबाग ने 2 वर्ष पूर्व से कार्य कर रहे योग शिक्षकों की पुनः नियुक्ति के संबंध में आवेदन सौंपा, कुम्हार टोली हजारीबाग से सुमित चंद्र सहाय ने एलपीसी निर्गत नहीं किए जाने के संबंध में आवेदन दिया, डांडी आंचल थाना गिद्दी की रीमा देवी ने अपने जमीन पर अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिए, दादपुर पंचायत चौपारण के मोहम्मद वसीम ने ट्राई साइकिल उपलब्ध किए जाने को लेकर आवेदन दिए, विष्णुगढ़ की सुनीता कुमारी ने पिता के संपत्ति में अधिकार एवं मायका में सम्मान प्राप्ति हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवेदन सौंपा। समाजिक सुरक्षा निदेशक ने जनता दरबार में आए सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जांचोपरांत त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया।

# शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर माल्यार्पण कर किया गया नमन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन बलिदान करने वाले वीरता, बलिदान और पराक्रम के परिचायक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती शुक्रवार को मनी। हजारीबाग शहर के पोस्ट ऑफिस चौक पर स्थित महाराणा प्रताप के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने बारी बारी से महाराणा प्रताप को पुष्पांजलि दी। महाराणा प्रताप अमर रहे, भारत माता की जय जैसे उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित डॉ कमल नयन सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। आज उनकी जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा रही है। साथ ही जिला प्रशासन से पोस्ट ऑफिस चौक को महाराणा प्रताप चौक नामकरण करने की मांग की। वहीं पंकज कुमार सिंह ने कहा कि आज का दिन पूरे भारतीयों के लिए खास है। आज एक ऐसे वीर सपूत की जयंती हमलोग मना रहे हैं जिनके नाम मात्र से मुगलों के पसीने छूटते थे। शशि मोहन सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम और दृढ प्रण के लिये अमर है। वहीं प्रो प्रदीप सिंह ने कहा कि ऐसे वीर सपूत को मेरा नमन। दहेज उन्मूलन सह समाज उत्थान सवर्ण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीडी सिंह ने कहा कि वे भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक हैं जिन्होंने अपनी मातृभूमि के ह्यमान,सम्मान और स्वाभिमानह्न की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। मौके पर मिथलेश सिंह, दीपक सिंह, डॉ मिथलेश कुमार, गुडु सिंह, सुनील सिंह राठौर, रवि सिंह, संजय सिंह, मनोज कुमार सरोज, कृष्ण कुमार सिंह, चंदन सिंह, रवि सिंह, राजेश सिंह, राकेश सिंह, ऋषि सिंह, अमित सिंह, बबलू सिंह, मनोज सिंह, ऋषभ सिंह, अंकित सिंह, उमेश सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ग्रामीणों के जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप जिला प्रशासन से की कार्रवाई की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के सखिया पंचायत के गुढ़वा गांव में गरीब किसानों की जमीन पर कथित तौर पर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय द्वारा अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। किसानों ने इस मामले में जिला प्रशासन को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खाता संख्या 02, प्लॉट संख्या 632 से जुड़ा है, जिसकी कुल भूमि 24.52 एकड़ बताई गई है। ग्रामीण पक्ष का आरोप है कि वर्तमान में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा लगभग 8 एकड़ भूमि पर जबरन पक्का बाउंड्री निर्माण कराया जा रहा है। जबकि इस भूमि पर विवाद पहले से लंबित है और इस संबंध में न्यायालय में वाद संख्या 476/24 भी चल रहा है। किसानों का कहना है कि जबरन निर्माण कार्य रोकने के लिए उन्होंने कई बार प्रशासन को सूचित किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए और न्यायालय के आदेश का पालन कराया जाए। इस बाबत सदर अंचलाधिकारी मयंक भूषण ने कहा कि ₹त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित भूमि की जांच के लिए विभागीय कर्मचारी एवं अमीन को स्थल पर भेजा जा रहा है।

# भारत गौरव ट्रेन से करें ज्योतिलिंगों की तीर्थ यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** रेलवे यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी), क्षेत्रीय कार्यालय पटना द्वारा देखो अपना देश योजना के अंतर्गत एक विशेष भारत गौरव पर्यटक ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन श्रद्धालुओं को भारत के प्रमुख ज्योतिलिंगों और धार्मिक स्थलों की यात्रा पर लेकर जाएगी। यह खास ट्रेन 31 मई 2025 को धनबाद से रवाना होगी और हजारीबाग रोड, गया, राजगीर, बिहारशरीफ, बख्तियारपुर, पटना, आरा, बक्सर, दिलदारनगर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से यात्री इसमें सवार हो सकेंगे। ट्रेन 12 जून 2025 को लौटेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु उज्जैन में श्री महाकालेश्वर एवं ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग,द्वारका में नागेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं द्वारिकाधीश मंदिर, सोमनाथ में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, शिरडी में साई बाबा मंदिर, नासिक में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, पुणे में भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, औरंगाबाद में घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग जगहों में यात्रियों को दर्शन कराया जाएगा। यात्रियों के लिए टिकट दर (स्लीपर क्लास) 23,575/- प्रति व्यक्ति कंफर्ट श्रेणी (3 एसी) 39,900/- प्रति व्यक्ति रखा गया है साथ ही भारतीय रेलवे इस योजना में लगभग 33% की विशेष रियायत भी दे रहा है। यात्रा के दौरान वातानुकूलित/गैर-वातानुकूलित होटलों में रात्रि विश्राम,पूर्ण शाकाहारी भोजन (तीन समय), चाय और प्रतिदिन एक पानी की बोतल,स्थानीय दर्शनीय स्थलों के लिए एसी/नॉन एसी बस की व्यवस्था,कोच में सुरक्षा गार्ड, सफाईकर्मी और अनुभवी टूर एस्कॉर्ट की प्रमुख सेवाएं उपलब्ध रहेंगीं ।

# नोबेल पुरस्कार सम्मानित विश्वविख्यात साहित्यकार रविंद्र नाथ टैगोर का हजारीबाग से था गहरा संबंध

प्रदीप कुमार सिन्हा

**हजारीबाग :** प्रकृति की गोद में बसा हजारीबाग, अपने हरियाले बाग-बगिचों और शांत वातावरण के कारण सदा से लोगों को आकर्षित करता रहा है। इस शहर की रमणीयता ने न केवल आमजन को बल्कि महान साहित्यकारों को भी अपनी ओर खींचा है। विश्वविख्यात कवि और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवींद्रनाथ टैगोर का हजारीबाग से गहरा भावनात्मक लगाव रहा। वे इस धरती पर न केवल आए, बल्कि यहां की प्रकृति और वातावरण से प्रेरित होकर कई कविताओं और कहानियों की रचना भी की। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित विश्वविख्यात साहित्यकार रवींद्रनाथ टैगोर का हजारीबाग से विशेष संबंध रहा है। उन्होंने 1885 और 1903 में दो बार इस शहर की यात्रा की और यहां के अनुभवों को अपनी रचनाओं में स्थान दिया है। उनके प्रसिद्ध लेख ह्यदश दिनेर छुट्टीह्न में हजारीबाग की शांति, प्रकृति की सुंदरता और सामाजिक सौहार्द का गहन चित्रण मिलता है ' हजारीबाग शुरूआती समय से ही हिल स्टेशन के रूप में जाना जाता है। यहां कई बंगाली परिवार उसे समय भी मौजूद थे। गर्मियों की छुट्टी में पश्चिम बंगाल से लोग यहां गर्मी छुट्टी मनाने के लिए आते थे। अप्रैल 1885 में टैगोर पहली बार हजारीबाग आए। इस यात्रा का उद्देश्य था अपनी भतीजी इंदिरा देवी को उनकी प्रिय शिक्षिका सिस्टर एलोसिया से मिलवाना, जिनका स्थानांतरण कोलकाता से हजारीबाग के कान्वेंट स्कूल में हो गया था। वह यहां भतीजी और बच्चों के साथ उसे समय हजारीबाग पहुंचे थे। टैगोर मधुपुर और गिरिडीह होते हुए एक चार पहियों वाले रथ (फुसफुस गाड़ी) से हजारीबाग पहुंचे और जुलू पार्क स्थित पीडब्ल्यूडी डाक बंगले में ठहरे थे। इस दौरान वह लगभग 6 से 10 दिन तक उन्होंने शहर की स्वच्छता, शांत परिवेश, छोटे लेकिन सुंदर घरों और लोगों की सौम्य जीवनशैली को नजदीक से देखा था। उन्होंने अपने किताबों में हजारीबाग के संबंध में लिखा कि ह्हजारीबाग न तो किसी विद्युत इंजन की तरह तेज है, और न ही बोझिल बैलगाड़ी की तरह भारी। यहां की ज़िंदगी किसी पेड़ की छांव में बहते ठंडे झरने जैसी है। टैगोर की दूसरी यात्रा 1903 में हुई, जब वे अपनी टीबी से पीड़ित बेटी रेणुका के स्वास्थ्य लाभ की उम्मीद में हजारीबाग आए थे। डॉक्टरों ने उन्हें किसी हिल स्टेशन और साफ प्राकृतिक जगह पर जाने की सलाह दी थी। जिस कारण वह हजारीबाग आए थे। 1902 में रविंद्र नाथ टैगोर के पत्नी का भी निधन हो गया था। इस समय रविंद्र नाथ टैगोर मानसिक रूप से काफी परेशान थे ' हजारीबाग आने के बाद प्रारंभ में अपने रिश्तेदार कालीकृष्ण टैगोर के जुलू पार्क स्थित बंगले में रुके।

## संक्षिप्त खबरें

### एनटीपीसी के आरईडी नवीन जैन ने पीबी का किया दौरा



**बड़कागांव :** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का शुक्रवार को क्षेत्रीय कोयला कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन), नवीन जैन ने अवसंरचना विकास और परियोजना प्रगति की समीक्षा हेतु औपचारिक दौरा किया। ढेंगा स्थित आर एंड आर कॉलोनी में आगमन पर परियोजना प्रमुख, सुब्रत कुमार दाश ने स्वागत किया। आरईडी ने कॉलोनी में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया और तत्पश्चात सिकरी साइट कार्यालय का दौरा किया, जहां उन्होंने नव-निर्मित एक- आवासीय इकाइयों का जायजा लिया। अपने दौरे के दौरान जैन ने कर्मचारियों और हितधारकों के लिए गेस्ट हाउस सहित सभी आवश्यक सुविधाओं और आवासीय इकाइयों के समयबद्ध निर्माण के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने इन बुनियादी ढांचों को कर्मचारियों के सुगम संचालन और जीवन-स्तर को बेहतर बनाने की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक बताया। स्थल निरीक्षण के बाद, जैन ने परियोजना सम्मेलन कक्ष में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें परियोजना प्रमुख एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में उन्हें परियोजना में चल रही प्रमुख पहलों, नवीन विकास कार्यों तथा समग्र प्रगति की विस्तृत प्रस्तुति दी गई। यह दौरा एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की कोयला खनन परियोजनाओं में उच्चस्तरीय संचालन, मजबूत अवसंरचना और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। मौके पर कार्यक्रम में मानव संसाधन अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना के अलावा एनटीपीसी के कई वरीय पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### 16 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का किया गया वितरण



**बड़कागांव :** झारखंड सरकार कल्याण विभाग के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंझलीडाडी के विद्यालय में आठवीं क्लास के 16 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। जिसमें 11छात्रा एवं 5 छात्र शामिल है। साइकिल वितरण वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंसस सह बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद सह प्रतिनिधि कृष्ण राम, चेपाकला पंचायत के मुखिया अनिकेत नायक, वार्ड सदस्य बसंती देवी के हाथों साइकिल का वितरण किया गया। बच्चों को सुझाव देते हुए कृष्णा राम ने कहा कि साइकिल का प्रयोग विद्यालय आने-जाने के लिए करेंगे। आप मन लगाकर पढ़ें अपने माता-पिता के सहारा बने। मौके पर विद्यालय अध्यक्ष जीतन महतो, उपाध्यक्ष रिंकी देवी, संयोजिका माला देवी, सचिव ललन कुमार सिंहा, दिनेश्वर महतो, सहायक शिक्षकों में शोभी लाल महतो, मनोज कुमार, छबिनाथ महतो ,रामकुमार प्रसाद, छात्रों में ममता कुमारी, काजल कुमारी, सुमित्रा कुमारी, अमित कुमार, जोगेंद्र कुमार नीतू कुमारी, अंकित कुमार, करीना कुमारी, प्रकाश कुमार, टूकनी कुमारी, रीना कुमारी, पूर्णिमा कुमारी तथा उनके माता-पिता उपस्थित थे।

### मनीष जायसवाल चौपारण के दो महायज्ञ के पूणार्हुति में हुए शामिल



**चौपारण :** सांसद मनीष जायसवाल शुक्रवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के दौरे के क्रम में चौपारण प्रखंड अंतर्गत झापा पंचायत के ग्राम विशुनपुर में आयोजित 09 दिवसीय श्री दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा एवं नव चण्डी महायज्ञ और जगदीशपुर पंचायत के ग्राम केंदुआ में आयोजित 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री महारुद्र यज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के पूणार्हुति समारोह सह भंडारे में शामिल हुए और यज्ञ मंडप की परिक्रमा के साथ मंदिरों में माथा टेक कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना ईश्वर से की। इस दौरान दोनों महायज्ञों के आयोजन समिति द्वारा सांसद मनीष जायसवाल का अंग- वस्त्र भेंटकर एवं फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। सांसद मनीष जायसवाल को तपती दोपहर की प्रचण्ड गर्मी में अपने बीच पाकर क्षेत्रवासियों में अद्भुत उत्साह और श्रद्धा का भाव दिखा। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ के आयोजन की विशेष महत्ता है। ऐसे आयोजनों से धार्मिक चेतना जागृत होता है साथ ही सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से भी हम समृद्ध होता है। इन महायज्ञों के माध्यम से चौपारण क्षेत्र में धार्मिक कर्मकांड, भजन- कीर्तन और कथा- प्रवचन से भक्ति एवं आस्था की बयार बही और लोगों का तन, मन और क्षेत्र का वातावरण शुद्ध हुआ। सांसद मनीष जायसवाल ने लोगों से अपील किया कि यज्ञ के दौरान जो अच्छी और प्रेरक जानकारी आपको प्राप्त हुई उसे अपने जीवन में आत्मसात कर दैनिक दिनचर्या के अमल में जरूर लाए तभी यज्ञ के आयोजन की सार्थकता पूरी होगी।

### शोभित यादव ने एशियन पेसिफिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में लहराया परचम



**हजारीबाग :** हजारीबाग के होनहार पावरलिफ्टर शोभित यादव ने एशियन पेसिफिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण पदक और 1 रजत पदक अपने नाम किया है। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न देशों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिस्सा ले रहे थे। शोभित के इस अद्वितीय प्रदर्शन ने न केवल हजारीबाग बल्कि पूरे भारत का नाम गर्व से ऊँचा कर दिया है। उनकी मेहनत, समर्पण और दृढ़ निश्चय की बदौलत यह ऐतिहासिक सफलता संभव हो सकी है। स्थानीय नागरिकों, खेल प्रेमियों और प्रशासन ने शोभित यादव को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है। लोग आशा कर रहे हैं कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार झारखण्ड और भारत का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

## एक नजर

### पूरा देश सेना के साथ है एकजूट : भाकपा

**रांची :** भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक और पार्टी के जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि सेना के साथ पूरा देश एकजूट है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि हमारे देश की सेना पाकिस्तान में आतंकवादियों को मार रही है। हमें हमारे देश की सेना पर गर्व है। पाकिस्तान पहले भी भारत के हाथों कई बार युद्ध हार चुका है। युद्ध और आतंकवाद से लड़ने की स्थिति में पूरा देश एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए एक साथ खड़ा है। पार्टी नेताओं ने कहा कि हम सभी देशवासी अपनी सेना के साथ मिलकर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देंगे। वहीं महेंद्र पाठक ने बताया कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए 11 मई को अल्पसंख्यक अधिकार मंच की ओर से आयोजित होनेवाले कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है।

### बुद्ध पूर्णिमा 12 को मंदिरों में दोमांग पाठ शुरू

**रांची :** भगवान बुद्ध की जयंती 12 मई को मनाई जाएगी। इसकी तैयारी राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में शुरू हो गई है। इसे लेकर जैप–एक स्थित बुद्ध मंदिर में दोमांग पाठ किया गया। दोमांग पथ 10 मई तक किया जाएगा। शाम में मंदिर में पूजा-अर्चना की जाएगी। दार्जिलिंग के मणि सिंह लामा सहित अन्य चार लामा के नेतृत्व में पाठ किया जा रहा है। इस अवसर पर जैप–एक में शोभायात्रा निकाली जाएगी। जैप–एक स्थित बुद्ध मंदिर में शुक्रवार को 1001 दीप जलाकर विश्व शांति के लिए प्रार्थना की गई। 11 मई को झंडा लगाया जाएगा। वहीं 12 मई को मुख्य समारोह होगा। सुबह 9.45 बजे मुख्य झंडा लगाया जाएगा। इसके बाद दीप प्रज्वलन के बाद सुबह 10.30 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी। दोपहर में प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### देश में तनाव को लेकर रिम्स में 50 बेड तैयार

**रांची :** रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राज कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को भारत–पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव की स्थिति को देखते हुए किसी भी आकस्मिकता से निपटने की तैयारी को लेकर बैठक हुई। रिम्?स निदेशक के कार्यालय में हुई बैठक में जो निर्णय लिए गए उनमें बेड की उपलब्धता के लिए न्यू ट्रॉमा सेन्टर, पेइंग वार्ड और कॉटेज में 50 बेड फिलहाल चिन्हित किया गया है। साथ ही जरूरत पडने पर बेडों की संख्या बढाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि सभी 50 बेड में मॉनिटर और ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा बैठक में एक मल्टी डिसिप्लिनरी टीम का गठन करने का निर्णय लिया गया। इसमें जिन विभागों से चिकित्सक और रेजीडेंट उपलब्ध रहेंगे। इनमें न्यूरो सर्जरी के दो, सर्जरी से दो, अस्थि रोग विभाग से दो, औषधि विभाग से दो, प्लास्टिक सर्जरी से एक, नेत्र रोग विभाग से दो, कान नाक और गला विभाग से दो, निश्चेतना विभाग से दो चिकित्सक, चार रेजीडेंट चिकित्सक, डेन्टल से मैक्सीलोफेसियल सर्जन के दो चिकित्सक, डीजीएमओ के छह, चिकित्सजक शामिल हैं। इसके अलावा यह टीम जरूरत पडने पर चिकित्सकीय और प्रशासनिक कार्यो के लिए भी उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। साथ ही आकस्मिकता से निपटने के लिए 50 स्टाफ नर्स, 50 पारामेडिकल स्टाफ, 15 व्हील चेयर और 16 ट्रॉली रिजर्व रखे जायेंगे।सभी भंडारों में औषधि, सर्जिकल सामानों और अन्य सामानों की सातों दिन चौबीस घंटे उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। यह मल्टी डिसिप्लिनरी टीम हर दिन बैठक कर अद्यतन रिपोर्ट से निदेशक को अवगत करायेंगे।

# हाईकोर्ट का बड़ा आदेश, अब 65 वर्ष में सेवानिवृत्त होंगे विश्वविद्यालों के डेमोंस्ट्रेटर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालयों में कार्यरत डेमोंस्ट्रेटरों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उनकी सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा को फिर से 65 वर्ष कर दिया है। पहले राज्य सरकार ने इसे घटाकर 60 वर्ष कर दिया था, जिसके खिलाफ कई डेमोंस्ट्रेटरों ने याचिका दायर की थी। सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा कम करने के खिलाफ दायर ब्रजेश कुमार वर्मा, भुवनेश्वर प्रसाद गुप्ता सहित अन्य की अलग-अलग याचिकाओं पर झारखंड हाईकोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। हाइकोर्ट के मुख्य




न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शुक्रवार को प्रार्थियों की याचिका को स्वीकृत करते हुए कहा कि सरकार ने 2011 में जो गजट नोटिफिकेशन जारी किया, उसमें उसे लागू करने की तारीख स्पष्ट नहीं थी, इसलिए वह मान्य नहीं है। इसलिए प्रार्थियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 65 वर्ष की जा रही है। खंडपीठ ने पूर्व में सभी पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। प्रार्थियों के अधिवक्ता श्रेष्ठ गौतम ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2011 में एक प्रस्ताव लाते हुए विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी डेमोंस्ट्रेटर को गैर शैक्षणिक की श्रेणी में डाल दिया। वर्ष 2011 का सरकार का जो गजट नोटिफिकेशन है, उसमें एक तिथि दी जानी थी, जिस दिन से उसे लागू किया जाना था, वह तिथि कभी घोषित नहीं की गई। उनकी ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि पूर्व में डेमोंस्ट्रेटर शिक्षक की श्रेणी में आते थे। लेकिन सरकार के इस फैसले के बाद सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 65 वर्ष के बजाय 60 वर्ष हो गयी। उन्होंने बताया कि प्रार्थी उक्त प्रस्ताव के लागू होने के पहले से डेमोंस्ट्रेटर पद पर कार्यरत हैं। प्रस्ताव प्रार्थियों पर लागू नहीं होता है। पूर्व में सुनवाई में कोर्ट ने प्रस्ताव इन पर लागू नहीं होने का आदेश दिया था, लेकिन राज्य सरकार डेमोंस्ट्रेटर को 60 वर्ष में ही सेवानिवृत्त कर रही है।

## राज्य में खासमहाल जमीन की लीज नवीकरण जल्द

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य के पलामू सहित विभिन्न जिलों में खास महाल की जमीन की लीज नवीकरण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। खास महाल की जमीन पर पूर्व से निर्मित रिहायशी मकान, व्यवसायिक दुकान की लीज नवीकरण से संबंधित मामले को लेकर तीन मंत्रियों ने शुक्रवार को रांची में एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में जो तीन मंत्री मौजूद थे इनमें वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, राजस्व, निबंधन और भूमि-सुधार मंत्री दीपक बिरूआ तथा नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू शामिल थे। बैठक में सचिव अलका तिवारी, भू-राजस्व सचिव चंद्रशेखर और वन विभाग के सचिव अबूबकर सिद्दीकी भी उपस्थित थे। बैठक में राधाकृष्ण किशोर ने लीज नवीकरण के लिए भुगतान की जाने वाली सलामी राशि को घटाने, लीज भूमि को बंधक रखने का प्रावधान, आवासीय और व्यवसायिक लीज में बहुमंजिला मकान बनाने की अनुमति, लीज नवीकरण, अन्तरण, लीज प्रयोजन में परिवर्तन की प्रक्रिया निर्धारित किये जाने तथा लीजधारियों के लिए लगान दर को कम करने की बात कही। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि लीजधारियों के लिए लगान दर का निर्धारण इस तरह से किया जाए जो व्यवहारिक हो, उन पर अधिक आर्थिक बोझ न पड़े और सरकार को राजस्व की भी प्राप्ति हो सके। वहीं भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरूआ ने अधिकारियों को लीज नवीकरण की समस्याओं का जल्द निराकरण कर संकल्प तैयार करने का निर्देश दिया। ताकि, कैबिनेट की स्वीकृति लेकर जल्द समस्या का समाधान किया जा सके।

## जीएसटी घोटाले में गिरफ्तार आयरन एंड स्पंज कारोबारी भालोटिया भेजा गया जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जीएसटी घोटाले में गिरफ्तार आरोपित आयरन एंड स्पंज कारोबारी अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया। अदालत ने उसे 14 दिनों के न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इसके बाद उसे बिरसा मुंडा जेल भेज दिया गया। जीएसटी घोटाले में ईडी की ओर से गत आठ मई को हुई छापेमारी के दौरान ईडी ने जमशेदपुर के जुगसलाई से भालोटिया को गिरफ्तार किया था। रांची लाने के बाद गुरुवार देर रात को ही उसे पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। साथ ही यह भी कहा कि मामले में जारी जांच के दौरान जरूरत होने पर उसे रिमांड लेकर पूछताछ के लिए न्यायालय में आवेदन दिया जायेगा। विशेष न्यायाधीश ने ईडी के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। ईडी ने न्यायाधीश को भालोटिया की ओर से किये गये अपराध की पूरी जानकारी दी। ईडी ने विशेष न्यायाधीश को बताया कि फर्जी व्यापार दिखा कर जीएसटी का अनुचित लाभ लेने और सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाने के लिए सक्रिय संगठित गिरोह का यह सदस्य है। वह कागजी व्यापार के सहारे दूसरों को आइटीसी का अनुचित लाभ दिलाने के साथ ही खुद भी इसका अनुचित लाभ लिया है। अब तक की जांच के दौरान यह पाया गया कि भालोटिया ने छह फर्जी कंपनियों के सहारे खुद भी 15.95 करोड़ रुपये के आइटीसी का लाभ लिया है। फर्जी बिल और बैंक खातों की जांच के दौरान यह पाया गया कि शिव कुमार देवड़ा, अमित और सुमित गुप्ता और भालोटिया मिल कर कागजी व्यापार के सहारे दूसरों को आइटीसी का लाभ देने के अलावा खुद भी आइटीसी का लाभ लेते हैं। इस संगठित गिरोह ने सरकार को आइटीसी मद में 800 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया है। इसके लिए 135 कंपनियों का इस्तेमाल किया है। इन कंपनियों के सहारे उसने 55.83 करोड़ की आइटीसी ली है। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जीएसटी घोटाला मामले में गत गुरुवार को झारखंड और कोलकाता में नौ स्थानों पर छापा मारा था।

## शिबू सोरेन पुल का नाम बदलकर वीर बुधु भगत करे सरकार : भाजपा




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी का नाम बदलने को लेकर प्रदेश की राजनीति गर्मा गई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस फैसले को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सरकार के इस कदम को राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए कहा कि यह निर्णय न केवल एक देशभक्त महापुरुष का अपमान है, बल्कि राज्य के आदिवासी नायकों के सम्मान के साथ भी एक निष्ठाहीन खिलवाड़ है। अजय साह ने कहा, जब पूरा देश पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए हुए है, ऐसे समय में झारखंड सरकार का यह ओछी राजनीति साबित करती है कि झामुमो को न तो देश की चिंता है और न ही झारखंड के आत्मसम्मान की परवाह है। साह ने सरकार पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए उदाहरण दिया कि जब मयूराक्षी नदी पर राज्य का सबसे बड़ा पुल बना, तो उसका नाम आदिवासी नायक बाबा तिलका मांझी के नाम पर न रखकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पिता शिबू सोरेन के नाम पर रख दिया। इसी तरह धोती-साड़ी योजना को भी मुख्यमंत्री ने अपने दादा-दादी सोना-सोबरन के नाम से जोड़ दिया, जबकि आदिवासी समाज के महानायकों को दरकिनार कर दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और वीर बुधु भगत दोनों को समान रूप से सम्मान देती है। उन्होंने राज्य सरकार के फैसले को इन दोनों महापुरुषों के विरुद्ध बताया और मांग की कि अगर झामुमो वास्तव में वीर बुधु भगत का सम्मान करती है, तो यूनिवर्सिटी का नाम बदलने का फैसला तुरंत वापस ले और उनके नाम पर उस नई लॉ यूनिवर्सिटी का नाम रखे, जिसका वादा सरकार पहले ही कर चुकी है। साह ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर सरकार में हिम्मत है और आदिवासी सम्मान की बात करती है, तो मयूराक्षी नदी पर बने शिबू सोरेन पुल का नाम बदलकर वीर बुधु भगत के नाम पर करके दिखाए।

## भाजपा आदिवासी नायकों के नाम पर कर रही राजनीति : झामुमो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भाजपा पर आदिवासी नायकों के नाम पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया है। झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा एक ओर आदिवासी नायकों के सम्मान का ढोंग करती है, जबकि दूसरी ओर झारखंड की संस्कृति, इतिहास और आदिवासी अस्मिता को लगातार अपमानित करती रही है। पांडेय ने कहा कि भाजपा को झारखंड के गौरवशाली आदिवासी नायकों के बलिदान और उनकी विरासत पर टिप्पणी करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने शासनकाल में जल, जंगल, जमीन को कॉरपोरेट घरानों के हवाले करने की साजिश रची और आदिवासियों की मूलभूत समस्याओं को नजरअंदाज किया। उन्होंने वर्ष 2017 के भूमि अधिग्रहण संशोधन विधेयक का हवाला देते हुए कहा कि इस कानून के जरिए आदिवासियों की जमीन छीनने की कोशिश की गई, जिसे झामुमो और आदिवासी समाज के विरोध के चलते विफल कर दिया गया। पांडेय ने कहा कि भाजपा ने बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने जैसे प्रतीकात्मक कदम उठाए, लेकिन जमीनी स्तर पर आदिवासियों के हक में ठोस नीतियां बनाने में वह पूरी तरह विफल रही। उन्होंने कहा कि हम भाजपा के पाखंड को बेनकाब करते रहेंगे और आदिवासियों के हक, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

## भारतीय सेना के समर्थन में कांग्रेस ने निकाली तिरंगा यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**रांची :** भारतीय सेना की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई के समर्थन में सशस्त्र सैन्य बल का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा शुक्रवार को कांग्रेस भवन से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाली गई। इस अवसर पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि हमारे देश का मस्तक विश्व मे ऊंचा बनाए रखने के लिए भारतीय सेना पर हमें गर्व है। पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या का बदला लेने के लिए सैनिकों ने पाकिस्तान के अंदर स्थित आतंकी ठिकानों को जिस तरह ध्वस्त किया है वह अनुकरणीय




है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले देश के खिलाफ किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई के हम समर्थक हैं। पूरे देश की जनता सेना के साथ खड़ी है। पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि सेना की कार्रवाई से देशवासियों के बीच उत्साह का माहौल है और तिरंगा यात्रा के सेना के साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने की है। भारतीय सेना ने हमेशा से अपने शौर्य और साहस से पूरी दुनिया में अपनी एक पहचान कायम की है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि हम देश और सेना के साथ हैं। बिना किसी भेदभाव के, कांग्रेस हमेशा से देश के साथ रही है। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा सैनिकों को साथ और समर्थन देने के लिए निकाली गई है। यह सैनिकों को सम्मान देने का माध्यम है जिस मजबूती से वह देश के लिए लड़ रहे हैं उसके लिए पूरा देश साथ खड़ा है।कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बलमुचु, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, ममता देवी, जयशंकर पाठक, संजय लाल पासवान, राजीव रंजन प्रसाद, शमशेर आलम, ज्योति मथारू, राकेश सिन्हा, अमूल्य नीरज खलखो,सुरेंद्र सिंह ,बिनय सिन्हा दीपू ,राजेश गुप्ता, आलोक दुबे,कुमार राजा सहित अन्य पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर बरती जा रही विशेष सतर्कता



**रांची :** भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के मद्देनजर झारखंड की राजधानी रांची में शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गयी है। रांची एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। एयरपोर्ट पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की टीम स्निफर डॉग की मदद से यात्रियों के सामान की जांच कर रही है। एयरपोर्ट के एंट्री गेट पर भी यात्रियों की कड़ी जांच की जा रही है। इसी तरह रांची रेलवे स्टेशन सहित राज्य के अन्य स्टेशनों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। रेलवे स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान गहनता से जांच करते देखे जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि रांची एयरपोर्ट से हर दिन औसतन 25 से 27 विमान अलग–अलग शहरों के लिए उड़ान भरते हैं। यहां से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, पटना, पुणे से लिए सीधी विमान सेवा उपलब्ध है। रांची के रेलवे स्टेशन से भी देश के अलग अलग राज्यों के लिए प्रतिदिन दर्जनों रेल गाड़ियां का परिचालन होता है।

### झारखंड का तापमान पहुंचा 40 डिग्री



**रांची :** झारखंड एक बार फिर से तपने लगा है। राज्य के पलामू जिला में तापमान 40 डिग्री पहुंच गया है। अन्य जिलों में भी तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। राजधानी रांची में पिछले छह दिनों में तापमान में पांच डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। तीन मई को रांची में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री था जो शुक्रवार को बढ़कर 36.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। तापमान बढ़ने से राजधानीवासियों को दिन में प्रचंड गर्मी का एहसास हो रहा है, जबकि शाम होते ही बादल छा रहे हैं और कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हो रही है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है। वहीं गुरुवार की शाम में बूंदाबांदी के बावजूद काफी उमस महसूस की गई। मौसम विभाग ने अगले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की आशंका जताई है। साथ ही 10 से 14 मई तक उत्तर-पूर्वी झारखंड में लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

### कलाम के परिजनों को सरकार दे 50 लाख : विजय शंकर नायक

**रांची :** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने बोकारो जिला मे अल्पसंख्यक युवा मो अब्दुल कलाम को पीट पीट कर बेहरमी से मॉब लिंगचिंग करने पर अपनी प्रतिक्रिया में कही। इन्होंने आगे कहा कि आज फिर एक बार मॉब लिंगचिंग के कारण एक मजलूम मां ने अपने घर के इकलौते सहारे को खो दिया है जिसकी जितना भी निन्दा किया जाए कम है। झारखंड के बोकारो जिला में ये घटना घटी है अल्पसंख्यक समुदाय का युवा मो अब्दुल कलाम को भीड़ के द्वारा बेहरमी से पीट पीट कर जान से मार दिया गया तो दुसरी ओर बुदमु मे एक बुजुर्ग अल्पसंख्यक समाज के आदमी से मारपीट करने से मौत होना यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। नायक ने आगे कहा कि हेमंत है तो हिम्मत है के नारे के साथ छाती चौड़ा करने वालो की सरकार में अल्पसंख्यक युवा का सेंद्रा किया जा रहा है अगर सरकार इस घटना को गंभीरता से नही लेती है तो आप दिन इसी तरह बेहरमी से अल्पसंख्यको मॉब लिंगचिंग किया जाता रहेगा और सरकार में बैठे दो अल्पसंख्यक मंत्री अल्पसंख्यक समाज के रहने के बावजूद मॉब लिंगचिंग के घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही जो इनको चुल्लु भर पानी मे डुबकर मर जाना चाहिए। जब राज्य मे दलित आदिवासी, मूलवासी अल्पसंख्यक समाज सुरक्षित है ही नहीं तो क्या फायदा ऐसे मंत्रियों के रहने का, झारखंड में सबसे महत्वपूर्ण और जरूरी मामला है तो वो मॉब लिंगचिंग का मगर सरकार लगातार मॉब लिंगचिंग के घटनाओं को नजर अंदाज करके मॉब लिंगचिंग पर कानून न बना करके सिर्फ मॉब लिंगचिंग के मुद्दे को चुनावी मुद्दा तक ही सीमित रखना चाहते है मगर सरकार की ये बहुत बड़ी भूल है।

### ट्रक लूटकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची :** रांची पुलिस ने ट्रक लूटकांड का खुलासा करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने कार्रवाई करते हुए इस लूटकांड में शामिल विशाल पंडित और चंदन कुमार तिवारी को गिरफ्तार किया है। लूटे गए ट्रक को भी लातेहार के मनिका से बरामद किया गया है। डीएसपी ने शुक्रवार को बताया कि मधुकम के रहने वाले सुनील कुमार यादव ने 6 मई को सुखदेव नगर थाना में अपने 407 ट्रक को लूट लेने से संबंधित मामला दर्ज कराया था। डीएसपी ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ पूर्व से छह मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### झारखंड सचिवालय में तीन दिन की छुट्टी

**रांची :** झारखंड सचिवालय में शनिवार से सोमवार तक लगातार तीन दिन की छुट्टी रहेगी। शनिवार और रविवार को सचिवालय बंद रहता है और सोमवार को बुध पूर्णिमा के कारण भी सचिवालय में कोई कामकाज नहीं होगा। राज्य सरकार के सभी सचिवालय, क्षेत्रीय कार्यालयों जैसे- उपायुक्त कार्यालय, अनुमंडलाधिकारी कार्यालय, सीओ–बीडीओ कार्यालय भी रविवार के अलावा सोमवार को बंद रहेंगे।

**चक्रधरपुर मंडल में विभिन्न परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर मंडल द्वारा चक्रधरपुर मंडल में निम्नलिखित श्रेणी की परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इस सम्बन्ध में ई-नीलामी सूचना का मसौदा संलग्न है, जिसे वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर अधिसूचित किया गया है। ई-नीलामी का विवरण निम्नानुसार है: **क्र.सं.; श्रेणी; कैटलॉग संख्या: ; नीलामी की तारीख; नीलामी शुरू होने का समय एवं नीलामी बंद होने का समय** निम्नलिखित अनुसार हैं : 1; विज्ञापन; एडीवीटी-वीडब्ल्यू-ओओएच-25; 20.05.2025; सुबह 11.45 बजे एवं दोपहर 1.05 बजे। 2; विविध; एमआईएससी-सीकेपी-एमएवाई-25; 21.05.2025; दोपहर 12.00 बजे एवं दोपहर 1.20 बजे। 3; विज्ञापन; एडीवीटी-सीकेपी-एमएवाई-2; 21.05.2025; सुबह 10.00 बजे एवं सुबह 11.10 बजे। इच्छुक पार्टियां इस बात पर ध्यान दें तथा कार्यालय के विवरण तथा ई-नीलामी सूचना के बारे में संबंधित जानकारी के लिए, ऊपर बताई गई वेबसाइट देखें। किसी भी पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।
(PR-141)
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर
दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

एक नजर

## दो बाइक के बीच सीधी भिड़ंत, पूर्व सैनिक की मौत

खूंटी : डोड़मा-लापुगंग पथ पर जरियागढ़ थाना क्षेत्र के सोटेया तालाबा के पास शुक्रवार को दो बाइक के बीच हुई सीधी टक्कर में बाइक सवार भूतपूर्व सैनिक बंधना होरो (60) की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य बाइक पर सवार राजू सिंह(30) तथा जलेश्वर गोप घायल हो गये। दोनों तिलमी गांव के रहने वाले है। बंधना होरो जरियागढ़ थाना क्षेत्र के जलंगा बड़का टोली के रहने वाला थे। वर्तमान में वह खासुआ टोली, तोरपा में रहते थे। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को बंधना अपनी बाइक से जलंगा से तोरपा आ रहे थे। सोटेया गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से बंधना की मोटरसाइकिल की सीधी भिड़त हो गई। इससे बंधना की मौत हो गई, जबकि राजू सिंह और जलेश्वर गोप घायल हो गये। सभी घायलों को रेफरल अस्पताल तोरपा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने बंधना को मृत घोषित कर दिया। घायलों का इलाज रेफरल अस्पताल में किया जा रहा है। सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे स्वजनों को सौंप दिया गया।

## आशीर्वाद बस ने बाइक में मारी टक्कर, पति की मौत



दुमका : जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के दुमका-रामपुरहाट मुख्य पथ पर सिमनीजोड़ मोड़ के समीप यात्री आशीर्वाद बस ने बाईक सवार दंपति को ठोकर मार दी। इससे पति की मौत घटनास्थल पर हीं हो गई। जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। दंपति शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के नवपहाड़ गांव के रहने वाला है। मृतक का नाम पांचू मियां (68) और पत्नी का नाम फातिमा बीबी (63) है। जानकारी के अनुसार दंपत्ति अपने बाइक से चिरुड़ी सीएसपी बैंक गया था और पैसा निकासी कर वापस अपना घर लौट रहा था। इसी क्रम में दुमका से रामपुरहाट जा रही आशीर्वाद बस ने टक्कर मार दी। इससे पति का मौत घटनास्थल पर हो गयी और पत्नी घायल हो गई। सूचना पर शिकारीपाड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। हादसे के बाद बस मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने बस को बंगाल सीमा लौड़ीपहाड़ी के पास जब्त कर शिकारीपाड़ा थाना ले आयी। पूलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि बस चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मां तीन बच्चों के साथ कुएं में कूदी बच्चों की मौत

गिरिडीह : जिले के देवरी थाना इलाके में शुकवार को पति और पत्नी के विवाद के बाद पत्नी आरती देवी अपने तीन बच्चों के साथ कुएं में कूद गई। इसमें तीनों बच्चों की मौत हो गयी । आरती देवी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया गया कि देवरी थाना इलाके के खसलोडीह गांव में दोपहर करीब 12 बजे के करीब तीनो बच्चों के साथ आरती देवी को कुएं में कूदते हुए खेत में काम कर रहे लोगों ने देख लिया। चारों को डूबते देख लोगों ने हल्ला किया। बड़ी संख्या मे ग्रामीण जुटे । ग्रामीणों ने आरती देवी के पति सोनू चौधरी को कॉल कर घटना की जानकारी दिया। सोनू चौधरी भी कुएं के पास पहुंचे । जानकारी मिलने के बाद देवरी थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर चारो को ग्रामीणों के सहयोग से निकालने मे जुट गई । काफी प्रयास के बाद तीनो बच्चों के साथ आरती देवी कोकुएं से बाहर निकाला गया।

# लातेहार में आग लगी की घटना में शामिल चार नक्सली गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



लातेहार : लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। उक्त नक्सली माओवादी कमांडर मनोहर गंझू के दस्ते के लिए काम करते थे। गिरफ्तार नक्सलियों में अरुण गंझु, गोविंद गंझु, सतीश गंझु और राजकुमार भगत शामिल है। सभी नक्सली चंदवा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। गत 2 मई को चंदवा थाना क्षेत्र में खनन सर्वे कंपनी के गाड़ियां और ड्रिलिंग मशीन में आग लगाने की घटना में गिरफ्तार नक्सलियों के द्वारा सहयोग दिया गया था। शुक्रवार को प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी विनोद रवानी ने बताया कि खनन कंपनी की गाड़ियां और ड्रिलिंग मशीन में आग लगाए जाने की घटना के बाद एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस की टीम लगातार अपराधियों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नक्सलियों को घटना में सहयोग करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों ने पुलिस को बताया कि घटना के दौरान उन लोगों के द्वारा रास्ते की निगरानी की जा रही थी ।ताकि पुलिस के आने के पहले ही घटना को अंजाम दे रहे नक्सलियों को सूचित किया जा सके। इसके अलावा संगठन के लोगों के खाने और ठहरने की भी व्यवस्था उनके जिम्मे थी। डीएसपी ने बताया कि नक्सलियों ने रंगदारी की वसूली के लिए गाड़ियों तथा ड्रिलिंग मशीन में आग लगाई थी। उन्होंने कहा कि घटना को अंजाम देने वाले नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर भाजपा ने राष्ट्ररक्षा का लिया संकल्प



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम : वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर इकाई ने मरीन ड्राइव गोलचक्कर स्थित महाराणा प्रताप चौक पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने किया। इस दौरान कार्यकताओं ने 'महाराणा प्रताप अमर रहें' और भारत माता की जय के नारों के साथ राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया और उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करते हुए राष्ट्ररक्षा का संकल्प लिया। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने मुगलों की अधीनता स्वीकारने के बजाय घास की रोटियाँ खाकर भी स्वतंत्रता की रक्षा की। आज जब भारत पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से निर्णायक सैन्य कार्रवाई कर रहा है, तब महाराणा प्रताप का साहस और आत्मबल हमारे सैनिकों और देशवासियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि जैसे महाराणा प्रताप ने मातृभूमि की रक्षा के लिए संघर्ष किया, वैसे ही आज हमारे सैनिक आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहे हैं। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, राजीव सिंह, रेणु शर्मा, मंत्री पप्पू सिंह, कोषाध्यक्ष कृष्णा शर्मा काली, मीडिया प्रभारी प्रेम झा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सागर राय, मंडल अध्यक्ष बजरंगी पांडेय, सोशल मीडिया संयोजक अमित सिंह, आईटी सेल सह संयोजक उज्ज्वल सिंह, अनूप सिंह, मनोज सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूरा भुगतान करने के बाद भी 9 साल में बिल्डर ने नहीं किया फ्लैट हैंडओवर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों ने उपायुक्त को अपनी समस्या से अवगत कराया। इसमें धनबाद के नुतनडीह से आए एक व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि उसने 4 जून 2016 को बिल्डर को अग्रिम राशि देकर जे.सी. मल्लिक रोड में एक 3 बीएचके फ्लैट बुक कराया था। 23 नवंबर 2016 तक शेष 17 लाख रुपए का पूरा भुगतान कर दिया। 9 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक बिल्डर ने फ्लैट हैंडओवर नहीं किया है। बताया कि वह एक निजी कंपनी में काम करता है। अपनी दिव्यांग पत्नी, बच्चों एवं 82 वर्षीय सास के साथ किराए के मकान में रहता है। उसने उपायुक्त से फ्लैट का मालिकाना हक दिलाने की गुहार लगाई। उपायुक्त ने शिकायतकर्ता को उनकी समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। गोविंदपुर के नवाटांड से आए एक व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि नवाटांड स्थित प्राथमिक विद्यालय के रास्ते पर दबंग पिता - पुत्र जबरन अतिक्रमण कर सरकारी जमीन पर दीवार बनाकर कब्जा कर रहे हैं। बताया कि सड़क के किनारे मस्जिद भी है। जिसके पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण चल रहा है। परंतु दबंगों द्वारा नाली निर्माण अवरुद्ध किया जा रहा है। मामले पर संज्ञान लेकर उपायुक्त ने अंचल अधिकारी गोविंदपुर को जांच करने का निर्देश दिया। वहीं टुंडी के कदैया से आए एक व्यक्ति ने बताया कि घनी आबादी के बीच हैवी ब्लास्टिंग कर पत्थर उत्खनन से वहां रहने वाले 50 से अधिक ग्रामीणों के घर एवं मंदिर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को मामले की जांच करने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में कोचा कुल्ही, वार्ड नंबर 53 में पानी की समस्या दूर करने, जमीन तक जाने वाला रास्ता अवरूद्ध करने, फर्जी डीड के आधार पर मापी कराकर जमीन अतिक्रमण करने, जमीन पर अवैध कब्जा करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

## अवैध संबंध का विरोध करने पर पत्नी की हत्या




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पलामू : पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के बुढ़ीवीर पंचायत के खरकटी गांव में एक पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया। महिला की पहचान 32 वषीर्या चिंता देवी, पति रामू चौधरी के रूप में हुई है। पत्नी पति के अवैध संबंध से नाराज रहती थी। घटना के बाद से आरोपित रामू फरार है। शुक्रवार को महिला के शव का पोस्टमार्टम एमआरएमसीएच में किया गया। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। बताया गया कि चिंता देवी ने पांच मई को चैनपुर थाने में शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनका पति किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध रखता है। पुलिस ने रामू को बुलाकर समझाया और बांड भरवाकर छोड़ दिया था।

मृतका के पिता मूसन चौधरी ने बताया कि 12 साल पहले चिंता की शादी रामू से हुई थी। रामू पिछले एक साल से बाहर काम करता था। वह घर के लिए बहुत कम पैसे भेजता था। एक महीने पहले जब वह घर आया, तो लगातार किसी महिला से फोन पर बात करता था। चिंता का आरोप था कि रामू अपना सारा पैसा उस महिला को देता है और मेदिनीनगर में उसके साथ रहता है। घटना के समय चिंता की मां लीलावती देवी अपने घर रबदा गई थीं। गुरुवार रात करीब उन्हें बेटी की मौत की खबर मिली। चिंता के एक लड़की और दो लड़के है। मृतका के 10 वर्षीय पुत्र राजू चौधरी नें बताया कि उसके पिता नें ही उसकी मां की गला दबाकर हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया था। घटना के बाद से आरोपित रामू चौधरी फरार है।

## शारदा देवी को अज्ञात व्यक्तियों ने पेट्रोल डालकर की हत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



सिल्ली : मुरी ओपी अंतर्गत सिंगपुर निवासी शारदा देवी उम्र 70 वर्ष की अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उनके ही घर में अल्बेस्टर तोड़कर पेट्रोल डालकर आग लगा दिया गया जिससे उनका शरीर जल गया परिवार वालों के द्वारा आनन फानन में सिंगपुर नर्सिंग होम लाया गया जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक शारदा देवी अपने पीछे पांच पोती एवं एक पोता छोड़ गई वही पोती पायल कुमारी एवं खुशी कुमारी ने बताई की हमारी नानी का रेलवे पेंशन मिलता था वह गुरुवार को यूनियन बैंक मुरी के द्वारा पेंशन तीस हजार रूपया उठाकर घर आई एवं रात में सब अपने-अपने रूम में सोने चले गए गुरुवार की रात्रि लगभग 1.00 बजे से 2.00 बजे के बीच में नानी की चिल्लाने की आवाज सुनाई पड़ी हम लोग अपने रूम का दरवाजा खोलने का प्रयास किया मगर बाहर से बंद कर दिया गया था जिससे हम लोगों का रूम नहीं खुला वही बगल के रूम में दीदी जीजा सोए हुए थे उनका रूम बाहर से बंद नहीं था जिसके चलते वह लोग बाहर निकले और देखा कि नानी के शरीर में आग लगा दिया गया है और जल रही है बचाने का प्रयास किया गया आग को बूझकर सिंगपुर नर्सिंग होम लाया गया जहां डॉक्टर रमनेश के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। नानी की दोनों पोती ने कहां की इसके पूर्व में भी हमारे नानी को मारने का प्रयास किया गया था नानी जिस रूम में सोई थी उसका अल्बेस्टर ऊपर से टूटा हुआ था पता चलता है कि ऊपर से कोई पेट्रोल नानी के शरीर पर डालकर माचिस से जला दिया गया। हम लोगों के बीच डर बना हुआ है हम लोगों का रक्षा कौन करेगा हम पांच पांच बहन है हमारे पिताजी बाहर काम करते हैं हमारा पालन पोषण नानी हमारी करती थी।

# चिकित्सीय संस्थानों में अग्नि सुरक्षा मानदंड का उल्लंघन बर्दाश्त योग्य नहीं : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



धनबाद : अस्पताल, डायग्नोस्टिक सेंटर, नर्सिंग होम सहित सभी चिकित्सीय संस्थानों में अग्नि सुरक्षा मानदंड का उल्लंघन बर्दाश्त योग्य नहीं है। चिकित्सीय संस्थानों के कर्मियों को अग्निशमन यंत्र के उपयोग करने की जानकारी होनी चाहिए। वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था भी होनी चाहिए। उपरोक्त निर्देश उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को पीसी एंड पीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक में सिविल सर्जन को दिया। उन्होंने कहा कि क्लीनिकल इस्टेब्लिशमेंट तथा डायग्नोस्टिक सेंटरों को लाइसेंस जारी करने या नवीकरण करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि वहां अग्नि सुरक्षा मानदंड का पालन हो रहा है, फायर फाइटिंग सिस्टम सुचारू रूप से काम कर रही है तथा पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था है।
उपायुक्त ने पीसी एंड पीएनडीटी समिति को डायग्नोस्टिक सेंटरों की नियमित रूप से औचक जांच करने का भी निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने अल्ट्रासाउंड सेंटरों के रिन्यूअल तथा नए सेंटरों के रजिस्ट्रेशन के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने सदस्यों को सेंटर का भौतिक सत्यापन करने, बिल्डिंग नक्शे की जांच करने, अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित अन्य बिंदुओं पर करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, डॉ विकास राणा, डॉ राजकुमार सिंह, डॉ शम्स तबरेज खान, डॉ गायत्री सिंह, डॉ नितु सहाय, डॉ राकेश इंदर सिंह, श्रीमती निता सिन्हा के अलावा समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

## खरखरी में चल रहा है खुलेआम अवैध कोयला का कारोबार



कतरास (धनबाद) : बाघमारा पुलिस अनुमंडल के खरखरी ओपी क्षेत्र के मधुबन मैदान के पास,पाडुआभीठा,खिलानधौड़ा सोनानागर(कुटकुटिया पट्टी) में अवैध कोयला धंधेबाजों के लिये सुरक्षित क्षेत्र माना जा रहा है,बरोरा क्षेत्रीय सीआईएसएफ,एएमपी कोलियरी प्रबंधन और खरखरी पुलिस की संरक्षण से धंधेबाज डंके की चोट पर अवैध खनन जारी है। जहाँ दिन के उजाले में भी बड़े पैमाने पर पीसी मशीन से आउटसोसिंग के तर्ज पर अवैध कोयला खनन किया जाता है। सूत्रों की माने तो सीआईएसएफ व खरखरी पुलिस की निगरानी में पीसी मशीन से ओपन कास्ट प्रोजेक्ट व खदान का मुहाना खोलकर आधा दर्जन स्थानों पर अवैध डिपू संचालन किया जा रहा है। जहां प्रतिदिन ट्रकों में अवैध कोयला लोड कर अन्यंत्र भेजा जा रहा है ।खरखरी ओपी क्षेत्र में दो दो पीसी मशीन व आधा दर्जन अवैध कोयला डिपू का संचालन में बरोरा क्षेत्रीय प्रबंधन, सीआईएसएफ और खरखरी पुलिस की चुप्पी से धंधेबाजों का मनोबल बढ़ा हुआ है। स्थानीय लोगो की माने तो अवैध कोयला ट्रक खरखरी ओपी के बगल से जाती है। खरखरी पुलिस द्वारा हरी झंडी मिलने से लोगो मे आक्रोश है। लोगो द्वारा बरोरा क्षेत्र संख्या एक के प्रबंधन और बरोरा सीआईएसएफ को अवैध कोयला खनन का कई बार जानकारी देने के बाद भी कार्रवाई नही किया गया। बताया जाता है कि दो दिन पूर्व ही अवैध कोयला में हिस्सेदारी को लेकर मारपीट की घटना घटी थी। एक माह पूर्व भी दोनों पक्षो के अवैध धंधेबाज द्वारा फायरिंग की घटना हो चुकी है ।अवैध कोयला खनन में कई पंचायत जनप्रतिनिधि भी शामिल है ।जो कोयला खनन में हिस्सेदारी के लिये सक्रिय रहते है।

## खेलो इंडिया में राजकमल स.वि.मंदिर के रणवीर ठाकुर ने झारखंड के लिए जीता कांस्य पदक



धनबाद : भारत सरकार की महत्वाकांक्षी खेल योजना खेलो इंडिया युथ गेम्स- बिहार 2025 मे गतका एशोसियेशन ऑफ झारखंड के गतकाबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम इभेंट मे स्वर्ण व कांस्य पदक जीत कर इतिहास बनाया। इसकी जानकारी देते हुए राजकमल स.वि.मंदिर के शारीरिक आचार्य वा गतका प्रशिक्षक पप्पू कुमार ने बताया की बिहार के बोधगया मे 3 से 8 मई तक आयोजित गतका चैम्पियनशिप के टीम इभेंट मे राजकमल स.वि. मंदिर के कक्षा बारहवीं के भैया रणवीर ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत कर राज्य का मान बढाया। रणवीर ठाकुर ने मध्य प्रदेश वा छत्तीसगढ के खिलाड़ीयों को हराया। सेमीफाइनल मे पंजाब से झारखंड की टीम हार गई। ज्ञात रहे पुरे देश से 16 चयनित राज्य के खिलाड़ी ही खेलो इंडिया मे भाग लेते हैं। रणवीर ठाकुर को झारखंड सरकार के खेल निती के अंतर्गत नगद राशि सम्मान प्राप्त होने की सम्भावना है ।राजकमल स.वि.मंदिर के भैया द्वारा देश की प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता मे पदक जितने पर विधालय परिवार मे हर्ष का माहौल है राजकमल स.वि.मंदिर की प्रबंध कार्यकारिणी, प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा,उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह, प्रभारी कमल नयन, पार्थ सारथी सरकार ने खिलाड़ी वा कोच को बधाई देते हुए रणवीर ठाकुर के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## थाने में पूछताछ के दौरान आरोपित ने की खुदकुशी



सरायकेला : सरायकेला खरसावां जिला स्थित आदित्यपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक आरोपित ने थाने के बंद कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान रोड नंबर सात, आदित्यपुर निवासी अनिल महतो के रूप में हुई है, जो पेशे से व्यापारी था और शर्मा मार्केट में अपना व्यवसाय करता था। मिली जानकारी के अनुसार अनिल महतो को एक नाबालिग युवती के साथ अवैध संबंध के मामले में पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया था। युवती की मां ने इस संबंध में आदित्यपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस की ओर से की जा रही पूछताछ के दौरान अनिल महतो को एक बंद कमरे में रखा गया था, जहां उसने कंबल फाड़कर फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही थाना परिसर में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तत्काल अनिल महतो को जमशेदपुर के टाटा मेन अस्पताल (टीएमएच) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सरायकेला एसडीपीओ समीर सेवईया ने बताया कि मृतक अनिल महतो का नाबालिग लडकी से संबंध था। दूसरी ओर युवती अपनी सौतेली मां को भी कई दिनों से प्रताड़ित कर रही थी। इसकी शिकायत पहले भी थाने में की जा चुकी थी। पुलिस ने युवती की मां की लिखित शिकायत के आधार पर जांच शुरू की थी। इसमें अनिल महतो की संलिप्तता पायी गयी थी। पूछताछ के लिए युवक को लाया गया था। लेकिन उसने खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## विधायक ने लिया फसलों की बबार्दी का जायजा, मुआवजे का आश्वासन

खूंटी : विधायक सुदीप गुड़िया ने शुक्रवार को तोरपा प्रखंड की सुंदारी पंचायत के विभिन्न गांवों-टोलों में मौसमी मार और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों की बबार्दी का जायजा लिया। विधायक ने खेतों में जाकर किसानों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने फसल नुकसान का त्वरित आकलन कर प्रशासन से मुआवजे की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत पर मौसम की मार भारी पड़ी है। सरकार की ओर से हर संभव सहायता दी जाएगी। प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाया जाएगा। इसके साथ ही विधायक ने क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था में सुधार पर भी जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को समय पर सिंचाई की सुविधा मिले, इसके लिए जरूरी योजनाएं तुरंत शुरू की जाएं। किसानों ने विधायक की पहल का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि उन्हें जल्द मुआवजा मिलेगा। तोरपा प्रखंड के सुंदारी गांव में झूलन के साथ शिवोपासना का पर्व मंडा शुक्रवार को संपन्न हो गया। इसमें 21 भोक्ताओं ने हिस्सा लिया। मंडा पूजा के समापन के मौके पर विधायक सुदीप गुड़िया ने भोक्ताओं के बीच फल और पानी का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्व त्योहार हमें आपस में जोड़ते हैं। हमारी विशेषता है कि हम सभी त्योहार आपस में मिल जुलकर मनाते हैं। मौके पर पुरेन्द मांझी, गंझू प्रधान, संतोष त्रिपाठी, मुखिया विमला डोडराय, जेम्स आईंद, मुकेश सिंह, नयन सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### समिति के लोगो ने कहा शहीदों का अपमान कब तक



**अनगड़ा :** मिलन चौक स्थित शहीद लांस नायक राजकुमार महतो के प्रतिमा को ध्वस्त किया गया। बहुत ही दुर्भाग्य है कि आज बीते रात देश के लिए अपनी जान निछावर करने वाले शहीद लांस नायक राजकुमार महतो का आदमकद प्रतिमा को शरारती तत्वों ने गिरा दिया। इसको लेकर गुस्साए स्थानीय ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए सड़क को बाधित कर दिया मौके पर स्थानीय थाना प्रभारी हीरा लाल साह पहुंचे घटना स्थल पर और लोगो को समझा बुझा कर जाम से मुक्त कराया उसके बाद समिति के लोगो ने एक ज्ञापन भी सौंपा प्रभारी ने कहा कि इस तरह की घटना को अंजाम दिया है चाहे कोई भी हो बक्सा नहीं जाएगा समिति के लोगो ने कहा जब देश को दुश्मनों से सुरक्षा के लिए एक-एक सैनिक अपने जान की बाजी लगा रहे हैं।

### डीएवी स्कूल में मनाई गई टैगोर जयंती

**पश्चिम सिंहभूम :** सूरजमल जैन डीएवी पब्लिक स्कूल, चाईबासा में शुक्रवार को कविगुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत टैगोर के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्रभारी प्राचार्य चंद्रशेखर ने टैगोर के बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका गीत एकला चलो रे आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देता है। शिक्षिका श्वेता सिन्हा ने टैगोर के वैश्विक सांस्कृतिक योगदान की सराहना की।

# पलामू का जमा अनुपात 40 प्रतिशत से ऊपर करने के लिए करें लक्ष्य के अनुरूप कार्य : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। इसमें सरकार की योजनाओं में बैंकिंग सहभागिता से संबंधित चर्चा की गई। वहीं प्राप्त लक्ष्य, संबंधित विभागों की ओर से बैंकों को प्रेषित आवेदनों और उनमें ऋण की स्वीकृति आदि की समीक्षा की गई। उपायुक्त शशि रंजन ने पलामू जिला का जमा अनुपात 40 प्रतिशत से उपर करने के लिए रिजर्व बैंक के निदेशानुसार बैंकों के लिए एक्शन प्लान तैयार कर बैंकवार लक्ष्य के अनुरूप कार्य प्रगति लाने तथा सभी बैंकर्स को व्यक्तिगत रूचि



लेकर प्राथमिकता के तहत ऋण की स्वीकृति प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी लाभार्थियों को ऋण योजना का लाभ दिलाने तथा विभिन्न योजनाओं में विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर लक्ष्य के अनुरूप लोगों को लाभान्वित करने का निदेश दिया। बैंकों में आने वाले व्यक्तियों से बैंक कर्मियों को सहयोगात्मक एवं सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का निदेश दिया। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना से किसानों को जोड़ते हुए उन्हें ऋण उपलब्ध कराने, झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से जुड़ी सखी मंडलों को ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का निर्देश दिया। वहीं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मत्स्य संपदा योजना, लघु एवं मध्यम उद्योग ऋण उपलब्ध कराने, एमएसएमई, कृषि ऋण, किसान उत्पादक समूह, लघु एवं दीर्घकालीन कृषि ऋण सहित अन्य योजनाओं के तहत लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत करने तथा लाभार्थियों के लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, ऋण उपलब्ध कराते हुए, संबंधित व्यक्तियों को लाभ लेने में हो रही समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया।

## सिल्ली में शौर्य सम्मान शोभायात्रा निकाला गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गुरुवार के दिन भारत सरकार के महत्वपूर्ण मिशन ऑपरेशन सिंदूर के सफलता के बाद देशभक्त लोगों ने शौर्य सम्मान सह शोभायात्रा ग्राम विकास विद्यालय से निकाल कर जश्न मनाया। शोभा यात्रा में सभी समुदायों के काफी देश भक्तों ने हिस्सा लिया। शोभा यात्रा का नेतृत्व गोपाल केडिया एवं दुर्गा अग्रवाल कर रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान देशभक्त भारत माता की जय,पाकिस्तान मुर्दाबाद एवं वंदे मातरम इत्यादि का नारा पूरे जोश खरोश के साथ लगा रहे थे। लोगों ने




बताया कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की वीरता और देश के प्रति आस्था का प्रतीक है। हमलोग यह शोभायात्रा देश के वीर सैनिकों का सम्मान में आयोजित किये ताकि हमारे देश के वीर सैनिकों का मनोबल हमेशा ऊंचा रहे एवं दुश्मनों को माकूल जवाब दे सकें। इस आयोजन से पूरा सिल्ली क्षेत्र भावुक हो गया और लोगों ने बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया किया। इस शोभा यात्रा का समापन सिल्ली स्टेडियम के पास स्थित हनुमान मंदिर के समीप हुआ।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, परिवार में मातम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया (गिरिडीह) :** हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 के अंतिम छोर रेलवे पटरी पर शुक्रवार की सुबह लगभग 3:40 बजे ऑन ड्यूटी आर पी एफ की नजर एक शव पर पड़ी। जिसका सिर धड़ से अलग था। इस संबंध में आरपीएफ उप निरीक्षक लखन देव सिंह ने बताया कि इसकी जानकारी जीआरपी गमो को दी गई। सूचना मिलने पर जीआरपी गोमो के ए एस आई साधो बोदरा सदल-बल पहुंचे। रेलवे पटरी से शव को बाहर निकाला गया। उसके जेब की तलाशी ली गई। जेब से उस व्यक्ति के आधार कार्ड तथा कई अन्य डॉक्यूमेंट मिले। जिसके आधार पर उसकी पहचान धर्मेंद्र राम पिता तेजू दुसाद ग्राम लक्कड़ गड्डा, पंचायत तेतरिया सलैडीह,थाना बिरनी, जिला गिरिडीह के रूप में की उसकी जेब से कोलकाता से हजारीबाग रोड का रेलवे टिकट भी मिला। घटना की सूचना परिजनों को मिलने के बाद परिवार के लोग हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन पहुंचे। शव को देखकर लोग लोगों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक के भाई नंदलाल राम ने बताया कि धर्मेंद्र कोलकाता में काम करता था। अपना घर आने के लिए वह गुरुवार को ट्रेन पकड़ा था।

### खूंटी में बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन 17 से

**खूंटी :** खूंटी राइफल शूटिंग क्लब और खूंटी बैडमिंटन अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में 17 से 26 मई तक खूंटी में समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में राइफल शूटिंग क्लब के प्रशिक्षक अनुज कुमार ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों में समर कैंप बच्चों के लिए एक शानदार अवसर है। नए कौशल सीखने और विकसित करने का अवसर है। विभिन्न प्रकार की गतिविधियों और अनुभवों के माध्यम से, बच्चों में सामाजिक और शारीरिक कौशल विकसित करने के लिए समर कैंप काफी फायदेमंद होगा। उन्होंने बताया कि समर कैंप में राइफल एवं पिस्टल में आठ साल के अधिक उम्र के बालक-बालिकाओं का चयन किया जाएगा। समर कैंप में राइफल शूटिंग समेत शारीरिक प्रशिक्षण, मनोरंजक गतिविधियां, योग आदि की कक्षाएं शामिल होंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### उच्च विद्यालय सरिया परिसर में मासिक गुरुगोष्ठी का हुआ आयोजन

**सरिया (गिरिडीह) :** एसआरएसएसआर प्लस टू उच्च विद्यालय सरिया में शुक्रवार को मार्च गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंजीत कुमार चौधरी तथा संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अक्षय कुमार प्रभाकरण ने किया। इस बैठक में गुरुवार 2025-26 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिसमें सभी विद्यालय के पोषक क्षेत्र के शत प्रतिशत बच्चों के नामांकन को सुनिश्चित करने की बात कही गई। जिससे कि कोई भी बच्चा विद्यालय जाने से वंचित नहीं रहे। वहीं सभी बच्चों के अपार आईडी बनाने का शक्ति से निर्देश दिया गया। बायोमेट्रिक शिक्षक उपस्थित तथा छात्रों की उपस्थिति का एसएमएस अनिवार्य रूप से करने की बात कही गई। प्रोजेक्ट इंपैक्ट,रेल आदि कार्यक्रम को आवश्यक रूप से करने को कहा गया जिससे कि बच्चे उत्साहित रहे। जल पखवाड़ा कार्यक्रम, विद्यालय संचालन, बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण आदि विषयों पर भी चर्चा की गई। बीईओ श्री चौधरी ने शिक्षकों को कार्यालय के सभी प्रकार के पणजी का समय पर संधारण करने, एमडीएम की गुणवता पर ख्याल रखना आदि को कहा। विद्यालय में बच्चों का ठहराव तथा नियमित उपस्थित पर भी चर्चा की गई। मौके पर मुकेश पांडेय, योगेन्द्र सिंह,विजय कुमार सहित काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

### आजिविका दीदी कैफे का विधायक सबिता महतो ने किया उद्घाटन




**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को गौरांगकोचा क्लस्टर में आजिविका दीदी कैफे का उद्घाटन विधायक सविता महतो ने फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से विधायक सविता महतो,बीडीओ एकता वर्मा,सीओ दीपक प्रसाद उपस्थित हुए। विधायक ने उद्घाटन के बाद आजिविका दीदी कैफे का निरीक्षण भी किया। वहीं विधायक ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच मोबाइल फोन का भी वितरण किया। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि कैफे का संचालन स्वर्ण रेखा महिला समिति गौरांगकोचा के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कैफे में लोगों को उचित मुल्य पर भोजन, जलपान,चाय आदि मिलेगा, जिससे दूर दराज से प्रखंड मुख्यालय आने वालों को रियायती दर पर भोजन व नास्ता करने का प्रबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि 10 दिवसीय प्रशिक्षण के उपरांत पलाश दीदीयों के समुह द्वारा घर जैसा भोजन कैफे में उपलब्ध रहेगा,जो एक बहुत ही अच्छा पहल है।

### पशुधन विकास योजना के तहत किसानों के बीच बत्तख चुजा का हुआ वितरण



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां के ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत 58 लाभुकों के बीच करीब दो सौ बत्तख चुजा का वितरण विधायक सविता महतो के द्वारा किया गया। मुख्य रूप से बीडीओ एकता वर्मा,अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर हरे लाल महतो उपस्थित थे। वहीं पशु पालन पदाधिकारी हरे लाल महतो ने बताया कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 58 लाभुकों के बीच 58 युनिट बत्तख का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि प्रति लाभुकों को 15-15 बत्तख चूजा दिया गया। लाभुकों के बीच गमला एवं पौष्टिक आहार का भी वितरण किया गया।

## यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया बर्कले में हुआ एसबीयू के आठ विद्यार्थियों का चयन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** अमेरिका के शीर्षस्थ विश्वविद्यालयों में शुमार यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले में सरला बिरला विश्वविद्यालय के आठ विद्यार्थियों का 'स्टडी अब्रॉड कार्यक्रम' के तहत अध्ययन के लिए चयन हुआ है। इन विद्यार्थियों में भावना आनंद, आकांक्षा रानी, हर्ष गुप्ता, शशांक पांडेय, सौंदर्या, भैया आयुष सिन्हा, साहिबा खान एवं श्रुति साव के नाम सम्मिलित हैं। वर्ष 2022 में यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले में बर्कले यूनिवर्सिटी इंटरनेशनल स्टडी प्रोग्राम के माननीय निदेशक प्रो. ट्रॉड पीटरसन एवं सरला बिरला विश्वविद्यालय के तत्कालीन माननीय कुलपति प्रो. गोपाल पाठक के बीच हुए शैक्षणिक करार के तहत अब उक्त छात्रों को वृहत शैक्षणिक परिवेश में पठन-पाठन का अवसर मिल सकेगा। साथ ही उन्हें नवीनतम और शोधपरक जानकारियां भी उपलब्ध हो पाएंगी। राज्य के शैक्षणिक जगत के लिए भी यह हर्ष का विषय है। एसबीयू के विद्यार्थियों के चयन पर विवि की माननीया कुलाधिपति जयश्री मोहता, माननीय प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, विवि के शासी निकाय के माननीय सदस्य अनंत जाटिया, माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## बुद्धा पब्लिक स्कूल में कंप्यूटर लैब की हुई शुरूआत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** गुरुवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल में कंप्यूटर लैब की शुरुआत की गई।लैब में उच्च गुणवत्ता वाले 10 कंप्यूटर सिस्टम को लगाया गया तथा सभी कंप्यूटर को वाई-फाई से जोड़ा गया।वहीं विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने बताया कि कंप्यूटर लैब की स्थापना शिक्षा और शोध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह छात्रों को नवीनतम प्रौद्योगिकी एवं सॉफ्टवेयर तक पहुंच प्रदान करता है। विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने कहा कि लैब कंप्यूटर के प्रति व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है जिससे बच्चे डिजिटल दुनिया में अधिक सक्षम हो सकते हैं।कंप्यूटर शिक्षक सुमंत कुमार ने भी बच्चों को कंप्यूटर के बारे में जानकारी दिया। इस मौके पर अंजली कुमारी, राहुल भद्रा, नकुल बडाईक, गोविंदर सिंह, प्रतिमा देवी, सुषमा सिंह, हर्ष कुमारी, प्रेमचंद, प्रिया दुबे, जितेंद्र महतो,सुमंत कुमार, राकेश महतो, लंकेश्वर एवं विपुल राय समेत विद्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# माझी पारगाना माहाल बारहा दिशोम का पटमदा में बनेगा भवन : शिक्षा मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के डाक बंगला परिसर में माझी पारगाना माहाल बारहा दिशोम के सामाजिक सम्मेलन में आदिवासी माझी पारगाना स्वशासन व्यवस्था कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पारगाना ललित मुर्मू के शारीरिक असमर्थता के कारण उनके पुत्र कमल कांत मुर्मू को सामाजिक रीतिरिवाज के साथ पारगाना पद का दायित्व समाज के लोगों के द्वारा सौंपा गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन शामिल हुए। उन्होंने कहा कि लोकसभा न विधानसभा सबसे ऊंची ग्राम सभा की बात कही। 17 सूत्री मांग पत्र समाज के द्वारा सौंपा गया।ग्राम प्रधान ग्राम सभा का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। आठ समिति बनाने का अधिकार ग्राम प्रधान को है। ग्रामसभा को सक्रिय होने की जरूरत है। जब तक आदिवासी समाज



परम्परा व्यवस्था को मजबूत नहीं करेंगे।तब तक समाज का उत्थान संभव नहीं हो सकता। रघुवर सरकार ने आदिवासी समाज की जमीन को पूंजीपतियों को देने का काम किया। जिला में पंडित रघुनाथ मुर्मू जनजातीय विश्व विद्यालय बनाने का काम करूंगा। जनजातीय भाषा में केजी से पीजी तक पढ़ाई होगा। विषयवार शिक्षक बहाल होगा। 30 से 35 छात्र में एक शिक्षक होगा।आंदोलनकारी के बच्चों को शिक्षित करने का कदम उठाया। विभाग का कोई भी सचिव मुझे गोल गोल नहीं घुमा सकता हैं। मुझे विभाग की सभी विषयों की जानकारी है। झारखंड आंदोलन को कमजोर करने के लिए मुझे जेल भेजा गया।भारत सरकार सरना धर्म कोड को लागू करने के बाद जातिगत जनगणना कराए।सभी क्षेत्रीय भाषा में केजी से पीजी तक पढ़ाई होगा।शिक्षा विभाग को सुधारने का काम करूंगा। कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं होगा। झारखंड में 26 हजार शिक्षक की बहाली होगी। ग्राम प्रधान का सम्मान करना प्रशासन का दायित्व है।डबल इंजन सरकार के डबल इंजन वाले लोगो से सतर्क रहने की जरूरत है।उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को आड़े हाथे लिया। लक्ष्मण टुडू ने कहा पूरे देश में हमारी संस्कृति सबसे मजबूत है। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि संथाल समाज सरल समाज है। सभी को सामाजिक उत्थान को लेकर चिंतन करने की जरूरत है। समाज को शिक्षित करना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा चरण हांसदा ने किया। सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन,विधायक मंगल कालिंदी,पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू,झामुमो मुख्य संयोजक बाघराय मार्डी, पारगाना ललित मुर्मू, कमल कांत मुर्मू,बैजू मुर्मू, चंद्र शेखर टुडू, पार्षद प्रदीप बेसरा, सिजेन हेंब्रम, दशमत हांसदा, मनसाराम पावरी, जीतू लाल मुर्मू, ग्राम प्रधान सुधीर टुडू, दिवाकर टुडू, हरिहर टुडू, चिंतामनी टुडू, ललिता टुडू, चम्पा मुर्मू सहित हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**
Email-eedwsd.gumla@gmail.com
अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 06/2025–26
जिला योजना अनाबद्ध निधि

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 21.06.2025 के अपराह्न 1.00 बजे तक (छुट्टी के दिनों को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.06.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 22.06.2025 के 3.30 बजे अपराह्न।
6. निविदा प्रपत्र बिक्री का स्थान : (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वा० अवर प्रमण्डल सं०–1 गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमंडल, गुमला।

कार्य की विवरणी

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र के मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of rural water supply scheme with 1.0 HP/2.0 HP DC solar motor pump set with 200 mm x 165 mm deep HYDT source for Gumla block which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 200 LPH at least 15/30 years for 24X7 supply in block-Gumla, Panchayat-Fasia, Village-Fasia, Tola – Sanbeer Tongri under Drinking Water & Sanitation Division, Gumla for the year 2025 26. | 15,13,456.00 | 30,300.00 | 5,000.00 | 90 Days |

निविदा की नियम एवं शर्तें :– कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

PR 352108 Drinking Water and Sanitation (25-26)D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा**
सिमडेगा जिला के अल्पकालीन बन्दोबस्ती के लिए
खुला डाक द्वारा करने हेतु सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित राजस्व जलकरों की वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2027–28 (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2028) तक के लिए अल्पकालीन बंदोबस्ती अद्योहस्ताक्षरी की उपस्थिति में खुले डाक द्वारा दिनांक– 27.05.2025 को 12:00 बजे अपराह्न में अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा/जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में किया जाएगा।

बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची :–

| क्र० सं० | जलकरों का नाम | ग्राम | पंचायत | प्रखण्ड | खाता सं० | प्लॉट सं० | रकबा सं० | जलक्षेत्र | सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | गरजा तालाब | गरजा | गरजा | सिमडेगा | 3025 | - | 1.08 | 0.80 | 17000.00 | |
| 2 | तामड़ा तालाब | तामड़ा | तामड़ा | सिमडेगा | 2275 | - | 1.08 | 0.80 | 51000.00 | |
| 3 | लट्ठाखम्हान तालाब | लट्ठाखम्हान | लट्ठाखम्हान | ठेठईटांगर | - | 948, 949 | 1.00 | 0.80 | 12000.00 | |

**डाक की शर्तें :–** डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को डाक बोली के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 20 प्रतिशत, प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्त होने पर उच्चतम डाक वक्ता को छोड़कर बाकी प्रतिभागियों की प्रतिभूति राशि वापस कर दी जाएगी एवं उच्चतम डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि उच्चतम डाक की राशि में समायोजित की जाएगी। डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। अल्पकालीन बन्दोबस्ती की अवधि तालाब/जलकर के अभ्युक्ति कॉलम के अनुसार होगी। डाक की स्वीकृति के पश्चात् उच्चतम डाक वक्ता को संबंधित एकरारनामा करना अनिवार्य है एवं अद्योहस्ताक्षरी से परवाना प्राप्त किये बिना उक्त जलकर में उच्चतम डाक वक्ता कोई कार्य नहीं करेंगे। बंदोबस्त तालाब का निबंधन, निबंधन कार्यालय द्वारा निर्धारित राशि का स्टॉम्प शुल्क देकर निबंधन कराना अनिवार्य है। निबंधन के पश्चात् ही कार्यालय से परवाना निर्गत किया जाएगा। अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी समय किसी भी बोली को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 352025 Simdega(25-26).D

## रेडक्रॉस : आपदा काल का भरोसेमंद दोस्त

रेडक्रॉस की स्थापना महान मानवता प्रेमी जीन हेनरी डयूनेंट द्वारा की गई थी, इसीलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है और संस्था की गतिविधियों से आम आदमी को अवगत कराने के प्रयास किए जाते हैं। रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 में हुई थी और अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी दुनिया के सभी देशों में रेडक्रॉस आन्दोलन का प्रसार करने के साथ-साथ रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में भी कार्य कर रही है। 8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे। युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। युद्ध मैदान में घायल पड़े इन्हीं सैनिकों के दर्दनाक हालात को देखकर उन्होंने मेमोरी और सालफिरोनो नामक एक पुस्तक भी लिखी और 1863 में रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति आईसीआरआई का गठन किया। डयूनेंट के सतत प्रयासों की बदौलत ही 1864 में जेनेवा समझौते के तहत अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस मूवमेंट की स्थापना हुई।

डयूनेंट ने इटली में युद्ध के दौरान रक्तपात का ऐसा भयानक मंजर देखा था, जब चिकित्सकीय सहायता के अभाव में युद्धक्षेत्र में अनेक घायल सैनिक हृदयविदारक कष्ट से तड़प रहे थे। ऐसे घायलों की सहायता के लिए उन्होंने स्थायी समितियों के निर्माण की आवश्यकता को लेकर आवाज बुलंद की, जिसका असर भी दिखा। युद्ध में आहतों की स्थिति के सुधार के साधनों का अध्ययन करने के लिए उसके बाद एक आयोग का गठन किया गया। 1863 में जेनेवा में एक अंतरराष्ट्रीय बैठक में रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांत निर्धारित किए गए तथा रेडक्रॉस आन्दोलन का विकास करते हुए आहत सैनिकों और युद्ध पीड़ितों की सहायता संगठित करने हेतु दुनियाभर के सभी देशों में राष्ट्रीय समितियां बनाने पर जोर दिया गया। नेपोलियन तृतीय के हस्तक्षेप के चलते अंतरराष्ट्रीय समिति स्विस फेडरल काउंसिल को 8 अगस्त 1864 को जेनेवा में सम्मेलन बुलाने के लिए राजी करने में सफल हुई, जिसमें 26 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सम्मेलन के चलते जेनेवा अधिवेशन हुआ, जिसमें सुरक्षा के प्रतीक रेडक्रॉस वाले सफेद झंडे पर स्वीकृति की मोहर लगाई गई, जो आज समस्त विश्व में रेडक्रॉस का प्रतीक चिन्ह बना हुआ है। शुरूआती दौर में रेडक्रॉस की भूमिका युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना तथा उन्हें उचित उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने तक ही सीमित थी किन्तु अब इस संस्था के दायित्वों का दायरा लगातार विस्तृत होता जा रहा है।

मानवीय सेवा को समर्पित रेडक्रॉस ने प्रथम तथा द्वितीय विश्वयुद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अनेक घायल सैनिकों तथा नागरिकों की सहायता कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया था। दुनिया के किसी भी भाग में जब भूकम्प, बाढ़, भू-स्खलन या अन्य किसी भी प्रकार की प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा सामने आती है तो सबसे पहले अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी की टीमें वहां पहुंचकर राहत कार्यों में जुट जाती हैं। शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली इस संस्था ने अपने कर्मठ, समर्पित और कर्त्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवकों के माध्यम से न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। फिलहाल 190 से भी अधिक देशों में रेडक्रॉस संस्था सक्रिय है। भारत में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियम के तहत वर्ष 1920 में रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ था और स्थापना के नौ वर्ष बाद इसकी सराहनीय गतिविधियों को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी ने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी को मान्यता प्रदान की।

भारत में रेडक्रॉस की स्थापना के शुरूआती वर्षों में देश में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष भारत के उपराष्ट्रपति होते थे किन्तु वर्ष 1994 में रेडक्रॉस एक्ट में संशोधन करते हुए सोसायटी का पदेन अध्यक्ष महामहिम राष्ट्रपति तथा सचिव केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बनाया गया। वर्तमान समय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की देशभर में 750 से अधिक शाखाएं मानवता की सेवा में जी-जान से जुटी हैं। रेडक्रॉस एक ऐसी स्वयंसेवी संस्था है, जो देश के किसी भी हिस्से में प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा के शिकार लोगों को बचाने व राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और इसमें शामिल होने वाले कर्मठ स्वयंसेवकों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है।

### सूडोकु नवताल- 7424

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7423 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

# भारत का आतंक पर कभी न भूलने वाला प्रहार

**योगेश कुमार गोयल**



भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से यह साबित कर दिया है कि वह अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं बल्कि आतंक के सभी प्रारूपों और स्रोतों पर निर्णायक और सर्जिकल प्रहार करने वाला राष्ट्र बन चुका है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर निशाना साधते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, उसने न केवल पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई बल्कि भारत की नई सैन्य नीति को भी स्पष्ट कर दिया कि अब हम चुप नहीं बैठेंगे बल्कि आतंक के जन्मस्थल तक जाएंगे और वहां आग लगाएंगे। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह उस बदले हुए भारत की घोषणा थी, जो अब बातों से नहीं, बमों से जवाब देता है, जो कूटनीति की किताब बंद करके अब अपने लड़ाकू विमानों और मिसाइलों की बोली में संवाद करता है। भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के अड्डों पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो यह महज जवाबी हमला नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि भारत अब किसी आतंकी की मांद को भी सुरक्षित नहीं छोड़ेगा, चाहे वह सरहद के इस पार हो या उस पार। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य स्पष्ट था, उन स्थानों को ध्वस्त करना, जहां से भारत में आतंक का बीज बोया जाता है। पहलगाम हमला, जिसमें हमारे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, उसकी साजिश कहीं और नहीं, पाकिस्तान की फौज, आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा जैसों की सांठगांठ से ही तैयार की गई थी। भारत ने न केवल इस साजिश को समझा बल्कि उसे जड़ से उखाड़ने की भी ठान ली है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने जिस साहस, रणनीति और सटीकता का परिचय दिया, वह दुनिया के किसी भी शीर्ष सैन्य बल को चुनौती देने के लिए पर्याप्त है। पाकिस्तान हमेशा से ही दोहरी भूमिका निभाता रहा है, एक ओर वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और वार्ता की बात करता है तो दूसरी ओर अपने क्षेत्र को आतंकियों के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में प्रयोग करता है। भारत ने अब उस नकाब को पूरी तरह नोच फेंका है। ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि भारत अब उन भाषणों या प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं होगा, जो संयुक्त राष्ट्र में दिए जाते हैं बल्कि उन बंकरों को नेस्तनाबूद करेगा, जहां से ये षड्यंत्र जन्म लेते हैं। भारत ने यह कार्रवाई अचानक नहीं की बल्कि पहले खुफिया एजेंसियों के माध्यम से आतंकियों की गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई गई। सैटेलाइट इमेजिंग, मानव खुफिया नेटवर्क और तकनीकी निगरानी के जरिये भारत को यह स्पष्ट हो गया था कि पीओके में कुछ स्थान आतंकियों के लांच पैड के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भी सामने आया कि हालिया पहलगाम हमले की योजना भी यहीं से बनाई गई थी। भारत की यह नीति अब 'हिट ऐंड होल्ड' की है कि हमला करो, कब्जा करो और दबाव बनाए रखो। इस ऑपरेशन में सबसे प्रभावशाली बात यह रही कि भारतीय लड़ाकू विमानों ने रात के अंधेरे में बेहद सटीकता से अपने लक्ष्य साधे और सीमित समय में वहां से निकल आए। यह 'नो वॉर्निंग, नो वॉर' रणनीति का आदर्श उदाहरण था। पाकिस्तान के वायु रक्षा तंत्र को भनक तक नहीं लगी और जब तक वहां के सैन्य प्रतिष्ठान कुछ समझ पाते, तब तक भारत अपना काम करके वापस लौट चुका था।

इस ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी। यही कारण है कि पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य गलियारों में इस ऑपरेशन के बाद सन्नाटा छा गया। अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अन्य लोकतांत्रिक देश भारत के साथ खड़े हैं। आतंक के प्रति उनकी नीति अब स्पष्ट है कि जो आतंक को शरण देगा, वह खुद सुरक्षित नहीं रहेगा। इसीलिए, भारत द्वारा किए गए इस ऑपरेशन को विश्वभर में नैतिक समर्थन और वैधता प्राप्त हुई है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऑपरेशन सिंदूर का सैन्य पक्ष जितना शक्तिशाली था, उतनी ही मजबूत उसकी कूटनीतिक तैयारी भी थी। भारत ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के आतंक समर्थक चेहरे को उजागर कर दिया था। एफएटीएफ जैसे मंचों पर पाकिस्तान की असफलताएं जगजाहिर हैं। ऐसे में भारत का यह सैन्य कदम उस लंबे कूटनीतिक संघर्ष का परिणामी वार था, जिसे वर्षों से संजोया जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब केवल एलओसी तक सीमित नहीं है। यदि आवश्यक हुआ तो भारत नियंत्रण रेखा पार करके भी अपने हितों की रक्षा कर सकता है। यह नीति पाकिस्तान के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि यदि उसने अब भी अपने घर में पल रहे आतंकी सांपों को दूध पिलाना बंद नहीं किया तो अगली बार भारत उनके बिलों तक पहुंचेगा और उन्हें वहीं खत्म करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की सैन्य क्षमता अब केवल परंपरागत युद्धों तक सीमित नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर में जिन हथियारों और तकनीकों का उपयोग किया गया, उनमें राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, ड्रोन निगरानी, रियल टाइम सैटेलाइट डेटा और बंकर भेदी बम शामिल थे। यह सब कुछ दर्शाता है कि भारत अब एक आधुनिक, आक्रामक और निर्णायक सैन्य शक्ति बन चुका है।

पाकिस्तान की अब तक की रणनीति यही रही है कि वह भारत के धैर्य की परीक्षा लेता रहे और भारत केवल विरोध या चेतावनी तक सीमित रहे लेकिन अब वह दौर समाप्त हो गया है। भारत ने बता दिया है कि वह न केवल जवाब देगा बल्कि ऐसा जवाब देगा, जो 'आतंकिस्तान' को अगली साजिश रचने से पहले सौ बार सोचने पर विवश करेगा। ऑपरेशन सिंदूर अब एक ऐसा उदाहरण बन गया है, जो यह बताता है कि आतंक से अब डायलॉग से नहीं, डायनामाइट से निपटना है। भारत ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, चाहे उसके लिए कितनी भी बड़ी कार्रवाई क्यों न करनी पड़े। आज भारत के पास रक्षात्मक ही नहीं, आक्रामक कूटनीति भी है। अब हम इंतजार नहीं करते कि दुश्मन कब वार करे बल्कि अब हम तय करते हैं कि कब, कहां और कैसे प्रहार करना है। यह बदलाव केवल सरकार की नीति में ही नहीं, देश की चेतना में भी है और यही चेतना ऑपरेशन सिंदूर की असली ताकत है। अब पाकिस्तान को भली-भांति समझ लेना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर तो केवल शुरूआत है। अब हर आतंकी ठिकाने के लिए भारत के पास ऐसा जवाब है, जो न केवल आतंकियों के ठिकानों बल्कि समूचे पाकिस्तान का नाम ही विश्व के मानचित्र से गायब कर सकता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# 'सवाल का सौदा' जन से विश्वासघात

**हरीश शिवनानी**

मई के पहले रविवार की सुबह बांसवाड़ा जिले के बागीदौरा के आदिवासी विधायक जयकृष्ण पटेल ने जब बिस्तर छोड़ा होगा तो उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी कि आज वो देश में एक नया इतिहास रचने जा रहे हैं। इतिहास उन्होंने रचा लेकिन शर्मनाक। पटेल सुबह-सवेरे बीस लाख रुपये की घूस लेते गिरफ्तार कर लिए गए। पूरे देश मे यह अब तक का पहला मामला है जिसमें कोई विधायक घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार हुआ हो। पटेल पर आरोप है कि उन्होंने करौली जिले के टोडाभीम क्षेत्र में स्थित एक सोप स्टोन खान के विषय में पूछने के लिए विधानसभा में तीन सवाल लगाए थे। गौरतलब बात यह है कि यह खनन क्षेत्र उनके विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं आता, बल्कि वहां से 600 किलोमीटर दूर है। उनके सवाल विधानसभा में टेबल नहीं हुए और इस घबराए खान मालिक रवींद्र मीणा ने विधायक से मिलकर सवाल वापस लेने की गुहार लगाई।

आरोप है कि सवाल वापस लेने के बदले में विधायक पटेल ने दस करोड़ रुपये मांगे, बाद में बात ढाई करोड़ पर तय हुई। रविवार को पटेल अपने सरकारी फ्लैट वाली इमारत के बेसमेंट में कार में बैठकर घूस की पहली किस्त के बीस लाख रुपये के नोट गिन रहे थे कि पहले से तैयार बैठे एसीबी के अधिकारी वहां पहुंच गए और उनको पकड़ लिया। धुलवाने पर उनके हाथ सचमुच रंग गए। हकबकाए से पटेल को अहसास नहीं था कि खान मालिक मीणा ने इस बात की जानकारी भ्रष्टाचार निरोधक विभाग (एसीबी) को दे दी थी और वो पिछले एक महीने से एसीबी के रडार पर थे और उनकी हर गतिविधि, हर बात रिकॉर्ड हो रही थी।

देश के संसदीय-विधायी इतिहास में यह तीसरा मामला है जब कोई जनप्रतिनिधि सदन में सवाल के संदर्भ में पकड़ में आया हो। इससे पहले 2005 में बहुचर्चित 'क्वेरी फॉर कैश' (सवाल के बदले पैसा) प्रकरण में 11 सांसद चर्चा में आए थे। इन सांसदों में 10 लोकसभा के और एक राज्यसभा के थे। ये सभी विभिन्न राजनीतिक दलों से थे। दूसरा मामला वर्ष 2024 में तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा का था। इन सभी सांसदों पर सवाल पूछने के बदले पैसा(क्वेरी फॉर कैश) लेने का मामला था, जबकि विधायक पटेल के खिलाफ मामला 'सवाल वापस लेने के लिए' पैसा लेने का है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर और अन्य संविधान सदस्यों ने संविधान बनाते समय यह बिलकुल नहीं सोचा होगा कि वे संविधान में जन को सर्वोपरि रखते हुए देश की सबसे बड़ी पंचायत में उसके प्रतिनिधि का जो प्रावधान कर रहे हैं, वे प्रतिनिधि अपने जन के विश्वास पर ऐसा आघात भी कर सकते हैं। ये तो वो मामले हैं जो देश के संज्ञान में आ गए हैं। बहुत संभव है कि इनसे भी ज्यादा ऐसे मामले हों जो 'चुपचाप' सुलटा लिए गए हों और प्रतिनिधियों के जन को उनकी कानों-कान खबर न हुई हो। यहां महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि हर समय भ्ष्टार्चार की शिकायत करने वाली देश की जनता क्या सचमुच भ्ष्टार्चार से लड़ना, उसे मिटाना चाहती भी है ? पहले दो मामलों के इतिहास या उसके हश्र को देखते हुए सवाल उठते हैं कि देश में पहली बार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार हुए इस जनप्रतिनिधि के मामले का भी क्या यही हश्र होगा? इस बार भी जिस जन ने अपने प्रतिनिधि को चुन कर भेजा, वो फिर अपने विश्वास और आघात झेलने को अभिशप्त रहेगा?

महुआ मोइत्रा का ही मामला लीजिए। मोइत्रा पर संसद में सवाल पूछने के लिए रियल स्टेट कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से घूस लेने का आरोप लगाया गया था। छानबीन के बाद सवाल के बदले पैसा-उपहार लेने के प्रकरण में सीबीआई ने 21 मार्च 2024 को उनके खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले की जांच-पड़ताल कर लोकपाल ने साफ कहा कि पूरी जानकारी का सावधानी से मूल्यांकन करने के बाद कोई संदेह नहीं रह जाता है कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ लगाए गए आरोप, जिनमें से अधिकांश में ठोस सबूत हैं, उनके पद को देखते हुए बेहद गंभीर प्रकृति के हैं। इस वजह से गहन जांच जरूरी है।

पूरे मामले की जांच-पड़ताल के बाद मामला संसद की आचार समिति तक पहुंचा और समिति की सिफारिश पर 8 दिसम्बर 23 को महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया। अपने कृत्य पर शर्मिंदा होने की बजाए निष्कासन के बाद महुआ ने सरकार को चुनौती-सी देते हुए कहा था, " मैं 49 साल की हूं और मैं अगले 30 साल तक संसद के अंदर और बाहर सरकार के खिलाफ लड़ूंगी। महुआ ने छह महीने से भी कम समय मे यह बात साबित कर दी और 05 जून 24 को वो डंके की चोट पर फिर लोकसभा पहुंच गईं, वह भी पहले से ज्यादा वोट लेकर। इसे क्या माना जाए? भ्ष्टार्चार कौन मिटाना चाहता है? जिस क्षेत्र की जन के प्रतिनिधि को देश की संसद ने भ्ष्टार्चार का आरोप लगाकर निकाला, उसी क्षेत्र के जन ने फिर से, पहले से ज्यादा वोट देकर वापस उसी संसद में भेज दिया।

इसी तरह 2005 के एक मीडिया कम्पनी के स्टिंग ऑपरेशन में कैश फॉर क्वेरी मामले में शामिल 11 सांसदों में से किसी को भी वीडियो प्रूफ होने के बावजूद जेल भेजना तो दूर, जुमार्ने तक की सजा नहीं हुई। इन सांसदों को दिसंबर 2005 में संसद से निष्कासित किया गया था, जो उनकी प्राथमिक सजा थी। 2017 में दिल्ली न्यायालय की विशेष न्यायाधीश किरण बंसल ने इनके खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप तय किए। मुकदमा 12 जनवरी 2018 से शुरू हुआ। हालांकि, 2025 तक यह सबको पता है कि इनमें से भी जनप्रतिनिधि को न तो जेल हुई न कोई जुमार्ना लगा, न उन्हें भविष्य में चुनाव लड़ने से रोका गया।

ऐसे में किस 'जनप्रतिनिधि' को सदन में 'सवाल पूछने' या 'सवाल वापस लेने' जैसा 'सौदा' करने से पहले किसी बात का भय होगा? जेल जाने या भविष्य में चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित होने का डर ? वक्त की सख्त जरूरत है कि देश में अब जनप्रतिनिधियों के 'अनैतिक आचरण' को पुनर्परिभाषित किया जाए जिसमें 'सवाल पूछने या वापस लेने' के मूल में अंतर्निहित उद्देश्यों का स्पष्ट कारण पूछा जाए और यदि कोई 'अनैतिकता' या 'अनियमितता' (सरल शब्दों में कोई सौदा, लेन-देन या 'डील') पाई जाती है तो तो जेल भेजने से लेकर भविष्य में लड़ने से प्रतिबंधित करने का प्रावधान भी होना चाहिए, तब हर सवाल का जवाब मिल जाएगा।

तब तक बहुत संभव है, राजस्थान की नई नवेली पार्टी ह्यभारत आदिवासी पार्टी (भाआप, अंग्रेजी में बाप) के इस विधायक को भी ऐसी ही 'पर्याप्त सजा' मिल जाए और जनजातीय क्षेत्र से आने वाले जयकृष्ण पटेल 'आदिवासी अस्मिता' के कार्ड पर महुआ मोइत्रा की तरह छह महीने बाद पहले से ज्यादा 'जन' के समर्थन से 'प्रतिनिधि' बनकर लौट आए 'जंगल-जल-जमीन' की लड़ाई के लिए! कुछ भी हो सकता है। आर्थर लेवेलिन बाशम ने भारत के बारे में यूं ही तो नहीं कहा था- 'द वंडर, दैट वाज इंडिया!'

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# अहंकार पर नियंत्रण पाकर हम बेहतर और समाधानी जीवन जी सकते

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

अहंकार मानसिक स्वास्थ्य की ऐसी स्थिति है जो मनुष्य के जीवन के हर पल को प्रभावित करती है। एक हद तक यह प्रेरित करती है, लेकिन लगातार इसके बढ़ने से समस्याओं का अंबार लग जाता है, जो खुद को ही नहीं अपितु आसपास के जुड़े लोगों के जीवन को भी बुरी तरह से अस्तव्यस्त करती है। केवल स्वार्थ या मैं, मेरा विचार करना हमें मानसिक सुख से दूर करता है। इतिहास गवाह है कि इस अहंकार की भेट में राजपाट, शोहरत, दौलत लूट गए। अधिकतम युद्धों का अहंकार मुख्य कारण रहा। रोजाना अनगिनत जिंदगियां तबाह हो जाती है और इसी अहंकार के कारण आवेश में अनुचित निर्णय लेकर जीवन का सुख शांति छीन लेते है। हमारी छोटी सी अनमोल जिंदगी है इसे खुलकर सुख-शांति से जीना चाहिए, निराशा और क्रोध में इसे व्यर्थ गवाना नहीं चाहिए, वक्त निकल जाने के बाद आखिर में जीवन में पछतावे के अलावा कुछ नहीं रहता। रिसर्च से पता चला है कि हमारे अधिकांश दुखों के लिए जिम्मेदार अदृश्य अहंकारी मन से प्रभावित होना हो सकता है, जिसमें श्रेष्ठता, हीनता, पूर्वाग्रह, दूसरों का मूल्यांकन, चालाकी, क्रोध, ईर्ष्या, भय, आक्रोश, व्यसन, तनाव, हिंसा, नस्लवाद, लिंगवाद, प्रशंसा, अनुमोदन, प्रतिक्रियावादी होना, सहानुभूति की कमी, अकेलापन, निराशा, झूठा प्रचार, धार्मिक और जनजातीय युद्ध आदि की झूठी भावनाएं शामिल है। इस प्रकार के सभी नकारात्मक और विनाशकारी गुणों का हमारे व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक संबंधों और समग्र विश्व पर गंभीर परिणाम पड़ता है। कई लोग जो ईगोमेनिया अर्थात अहंकारोन्माद से पीड़ित हैं, जो मानसिक और भावनात्मक दुर्व्यवहार का एक रूप है, उन्हें यह भी पता नहीं होता कि वे इस मानसिक स्थिति का अनुभव कर रहे है।

हर साल 11 मई को विश्व अहंकार जागरूकता दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है, अहंकार जागरूकता आंदोलन और विश्व अहंकार जागरूकता दिवस की स्थापना 2018 में इस मानसिक स्थिति से पीड़ित सभी लोगों की सहायता करने और दूसरों को दुर्व्यवहार के इस अदृश्य रूप के प्रभावों का अनुभव करने से रोकने के लिए की गई थी। इस दिवस का उद्देश्य अहंकार से जुड़े मुद्दों को उजागर करना है, सभी को जागरूक होने, अपनी जागरूकता बढ़ाने और आत्म-केंद्रित या अहंकारी व्यवहार के खिलाफ बोलने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसका लक्ष्य यह समझना है कि अहंकार किस प्रकार क्रोध, पूर्वाग्रह और हिंसा जैसे नकारात्मक व्यवहारों को जन्म दे सकता है। यह दिवस अहंकार से प्रेरित व्यवहार जैसे क्रोध, आक्रोश और हिंसा के नकारात्मक परिणामों पर प्रकाश डालता है, तथा व्यक्तियों को ऐसी प्रवृत्तियों को चुनौती देने और उन पर काबू पाने के लिए प्रोत्साहित करता है। अहंकार की इस मानसिक स्थिति पर प्रत्येक व्यक्ति को काबू पाना होगा।


अहंकार स्वस्थ और अस्वस्थ दोनों प्रकार का होता है, एक स्वस्थ अहंकार मनुष्य को अपनी ताकत और कमजोरियों को समझने में मदद करता है, जिससे अधिक यथार्थवादी लक्ष्य और अधिक सकारात्मक आत्म-छवि प्राप्त होती है, जो प्रेरणा और लचीलेपन के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। अपने विचारों, भावनाओं और व्यवहारों पर नियमित रूप से चिंतन करने से हमको यह पहचानने में मदद मिल सकती है कि कब हमारा अहंकार हमारे निर्णय लेने को प्रभावित कर रहा है, साथ ही दूसरों के दृष्टिकोण को समझना और स्वीकार करना हमें अपने अहंकार को नियंत्रित करने और उनकी प्रेरणाओं के बारे में धारणा बनाने से बचने में मदद कर सकता है। आत्म-सुधार के लिए प्रयास करना हमको अधिक सुरक्षित और स्वस्थ अहंकार बनाने में मदद कर सकता है। स्वस्थ अहंकार वाले व्यक्ति मुश्किल परिस्थितियों से निपटने में बेहतर ढंग से सक्षम होते हैं, वे सक्रिय मुकाबला रणनीतियों के उपयोग को प्रोत्साहित कर रचनात्मक तरीके से तनाव से निपटने की क्षमता को बढ़ाते है।

अस्वस्थ अहंकार हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। जो लोग स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ समझते हैं, दूसरों के प्रति सहानुभूति की कमी दिखाते हैं, तथा दूसरों के दृष्टिकोण का सम्मान नहीं करते, यह अस्वस्थ अहंकार के लक्षण है। अत्यधिक अहंकार के कारण आलोचना को स्वीकार करने में कठिनाई हो सकती है, तथा सहानुभूति की कमी हो सकती है, जिससे रिश्तों में तनाव आ सकता है तथा मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अहंकार व्यक्ति को आलोचना के प्रति अतिसंवेदनशील बना सकता है, नकारात्मक प्रतिक्रिया से आसानी से उत्तेजित हो सकता है, तथा आत्म-विनाश के लिए प्रवृत्त कर सकता है, या दुसरो को नुकसान पहुंचा सकता है। अस्वस्थ अहंकार, आलोचना को सहना, संघर्ष में शामिल होना, तथा सीमाओं को स्वीकार करना कठिन बनाकर दीर्घकालिक तनाव पैदा कर सकता है। अक्रियाशील अहंकार वाले व्यक्ति अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने के लिए इनकार, टालमटोल, या मादक द्रव्यों के सेवन जैसे अनुपयुक्त मुकाबला तंत्रों का सहारा ले सकते हैं। अहंकार निर्णय क्षमता को प्रभावित कर सकता है तथा आवेगपूर्ण या अविवेकपूर्ण निर्णय लेने की ओर ले जा सकता है, जिसका स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

जब अहंकार हमारे बस में होता है या अहंकार से हम समयानुसार परिवर्तनशील व लचीले होते है तब अहंकार हमें नया कुछ ज्ञान देता है, जिंदगी में कुछ सिखाता है, हम अपनी गलतियों से सीखकर खुद

## दैनिक पंचांग

**8 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.49 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मिथुन | 07.48 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 10.01 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.17 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.29 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.40 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.54 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.10 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.16 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | कुंभ | 01.02 बजे से |
| | | मीन | 02.35 बजे से |
| | | मेष | 04.05 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 128 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल **तिथि** एकादशी 12.30 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 21.07 बजे को समाप्त। **योग** हर्षण 01.57 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 12.30 बजे तदनन्तर बव 01.42 बजे रात्र को समाप्त।

**चन्द्रायु** 10.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 06'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872338
**जूलियन दिन** 2460803.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद **तारीख** 09
**विशेष** मोहिनी एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 | बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 | बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 | बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 | बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 | बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 | बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 | बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 | बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 | बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 | बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# डीजल पम्प सेट निकालने कुएं में उतरे दो युवकों की जहरीली गैस से मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिले के नवलशाही थाना अंतर्गत पूर्णानगर गांव में गुरुवार रात एक कुएं में गिरे डीजल पंप सेट को निकालने के दौरान दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बहादुर राणा (30) और सुरेंद्र साव (32) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पूर्णानगर निवासी दोनों युवक गुरुवार देर रात खेत में पटवन के लिए इस्तेमाल होने वाले डीजल पंप जो कि उक्त कुएं में गिर गया था उसे निकालने के लिए पहुंचे। रात में दोनों युवक रस्सी के सहारे कुएं में घुसे, जिसके बाद जब वे काफी देर तक बाहर नहीं निकले तो आसपास मौजूद लोगों को संदेह हुआ। लोग कुएं के पास पहुंचे तो देखा कि उक्त दोनों युवक बेहोशी की हालत में थे। इसके बाद वहां मौजूद चार अन्य लोग उन्हें बाहर निकालने के लिए कुएं में घुसे। कुएं के अंदर जाते ही वे लोग कुएं के बाहर मौजूद लोगों से उन्हें जल्द बाहर खींचने का इशारा करने लगे। जिसके पश्चात वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बाहर निकाला। उक्त चारों व्यक्ति जब बाहर आए तो उन्होंने बताया कि कुएं में महज कमर तक ही पानी है। जो डीजल पंप सेट अंदर कुएं में गिरा था उसके डीजल के रिसाव के कारण अंदर काफी गैस बन गया है और सांस लेने में काफी तकलीफ हो रही है। वहीं, कुएं से डीजल पंप सेट निकालने पहले से पहुंचे दोनों युवकों को बाहर निकाला गया और 108 एम्बुलेंस की सहायता से सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं उक्त दोनों युवकों को निकालने कुएं में घुसे घायल कारू राणा का इलाज अभी जारी है। इधर घटना की सूचना पाकर नवलशाही पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम कराने में जुट गई। घटना के पश्चात पूरे गांव में शोक है।



## डीसी के अध्यक्षता में खाद्य आपूर्ति विभाग की हुई समीक्षा बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक जिला समाहरणालय में आयोजित की गई। बैठक में जिले में खाद्यान्न वितरण प्रणाली की वर्तमान स्थिति एवं सुधारात्मक उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई.उपायुक्त ने निर्देश दिया कि लाभुकों को निर्धारित समय पर चावल का वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि गोदाम से चावल का समय पर उठाव अत्यंत आवश्यक है, ताकि आपूर्ति श्रृंखला में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने राज्य खाद्य निगम, सिमडेगा के सभी प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वे गोदाम में अनाज की समुचित रखरखाव करें तथा गोदाम परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि गोदाम पर तैनात ऑपरेटर द्वारा की जा रही डाटा एंट्री की नियमित समीक्षा की जाए, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न हो और पारदर्शिता बनी रहे। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और हर पात्र लाभुक को समय पर खाद्यान्न प्राप्त हो। उन्होंने खाद्य आपूर्ति विभाग से जुड़े कर्मियों को नियमित निरीक्षण करने, गोदाम की भौतिक स्थिति की निगरानी रखने एवं डिजिटल प्रणाली के तहत कार्यों का निष्पादन करने की सलाह दी। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, एलआरडीसी -सह- जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरुणा कुमारी, सहित सभी प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक एवं आपूर्ति विभाग के कर्मी गण उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स अकैडमी खुलने से बच्चों की प्रतिभा में आएगा निखार : सिद्धाथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** जीनी स्पोर्ट्स अकैडमी विश्रामबाग रोड का शुभारंभ 12 मई को संध्या 7:00 बजे फ्लड लाइट के दूधिया रोशनी में होगा। जिले में खेल को बढ़ावा देने के क्षेत्र में यह कदम प्रशंसनीय एवं गौरव की बात है बच्चों को प्रोफेशनल कोच के द्वारा फ्लड लाइट और ग्रीन ग्रास में फुटबॉल क्रिकेट बैडमिंटन आदि की कोचिंग दी जाएगी 6 से 18 वर्ष तक के बच्चे प्रतिदिन 4 घंटे के कोचिंग के लिए अपना नामांकन करवा सकते हैं स्विमिंग पूल बैडमिंटन कोर्ट निर्माणरत है। जल्द बनाकर तैयार हो जाएगा युवाओं और बुजुर्गों के लिए भी ओपन प्ले खेल सुविधा उपलब्ध है अत्याधुनिक सुविधा लॉकर की सुविधा शुद्ध पेयजल चेंजिंग रूम स्वच्छ बाथरूम फर्स्ट एड आदि की व्यवस्था है। जिनी स्पोर्ट्स अकैडमी के ओनर समाजसेवी सिद्धार्थ झाझंरी जिन्हें खेल के प्रति बहुत ही रुचि और लगाव है ने बताया कि जिले में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस स्पोर्ट्स अकैडमी को खोला गया है। जिले में बच्चों को रियल स्टेडियम जैसा आधुनिक सुविधा देते हुए अच्छे कोच के द्वारा उसकी प्रतिभा को निखारने का काम किया जाएगा। बच्चे ही भारत के भविष्य है। स्पोर्ट्स के माध्यम से वह अपने भविष्य का निर्माण कर सकते हैं सिद्धार्थ झाझंरी के पिता सुरेश झाझंरी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित है शहर के एक अच्छे समाज सेवी बिजनेसमैन है।

## डीएवी में रवीन्द्र नाथ टैगोर की मनाई गई जयंती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया, कोडरमा में गुरुदेव रवीद्र नाथ टैगोर की जयंती धूमधाम से मनाई गई । इस अवसर पर विद्यालय की प्रातः कालीन सभा में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बच्चों ने इस अवसर पर विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नवीं कक्षा के सौहार्द्र सरकार ने बांग्ला में एक सुंदर कविता प्रस्तुत की। वहीं पर नवीं कक्षा के अरिजीत विश्वास एवं देबार्घ्य मंडल बांग्ला में युगल गीत गाकर रवीन्द्र नाथ टैगोर की जयंती पर चार चांद लगाया। 6 सी की प्रकृति घोष ने बांग्ला में वक्तव्य दिया। 11वीं कक्षा की कृतिका देबनाथ ने अंग्रेजी में रवीन्द्र नाथ टैगोर की जीवनी एवं सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं साहित्यिक उपलब्धियों को बच्चों के सामने साझा किया। आठवीं कक्षा की आकृती सिंह ने प्रश्नोत्तरी के द्वारा सभी को नवीनतम जानकारियां दी।

गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर द्वारा लिखित राष्ट्रगान पूरे देश के लिए एक गौरव एवं सम्मान की बात है। वह एक महान साहित्यकार, कलाकार, दार्शनिक, कवि, लेखक एवं समाज सुधारक थे। हमें उनके जन्मदिन के अवसर पर उनकी जीवनी, अनमोल विचारों को याद करना चाहिए। वे एक महान दार्शनिक एवं शिक्षाविद थे। उन्होंने भारतीय साहित्य एवं संस्कृति में महान योगदान दिया था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक उज्जल घोष, लक्ष्मी गुप्ता, चांदनी दुबे एवं जीएस पात्रो का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन सीसीए इंचार्ज पीवी खड़ंगा की देख - रेख में संपन्न हुआ ।

## धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने वाले थे महाराणा प्रताप : राम लखन सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** महाराणा प्रताप किसी एक जाति के आदर्श नहीं थे बल्कि हर एक भारतीय के प्रेरणा स्रोत थे। सत्य ,धर्म और न्याय के मार्ग पर चलकर उन्होंने लंबा संघर्ष कर नागरिकों के हितों की रक्षा की। उक्त बातें उत्तरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष राम लखन सिंह और महासचिव शिवलाल सिंह ने महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में कही। झुमरी तिलैया स्थित महाराणा प्रताप चौक की प्रतिमा पर और क्षत्रिय धर्मशाला कोडरमा में महाराणा के चित्र पर माल्यार्पण कर सैकड़ों क्षत्रिय बंधुओ ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए संघ के संरक्षक कामाख्या नारायण सिंह, रामचंद्र सिंह ,नारायण सिंह और राजेंद्र सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने सत्य के मार्ग को अपनाया । उन्होंने जीवन में कभी हार नहीं मानी। अपनी वीरता और अदम्य साहस से महाराणा ने एक सभ्य समाज की स्थापना में प्रमुख भूमिका निभाई। हम सबको उनके आदर्शों और न्याय पर चलने की प्रक्रिया को आत्मसात करने की जरूरत है। वीरेंद्र सिंह, विजय सिंह और प्रो राजेश सिंह ने कहा कि आज हमारे देश के बहादुर सैनिक वीरता के साथ देश की रक्षा में लगे हुए हैं, महाराणा का भी यही संदेश था कि हमें अपनी माटी और स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं करनी चाहिए। युवा बढ़ चढ़कर उनके आदर्शों को अपनावें। समारोह में कामाख्या नारायण सिंह, राम लखन सिंह, शिवलाल सिंह, रामचंद्र सिंह, विजय सिंह, दिनेश सिंह, राजेंद्र सिंह, नारायण सिंह, विजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, प्रोफेसर राजेश सिंह, रणजीत सिंह, अशोक सिंह, दामोदर सिंह, सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, कामदेव सिंह, परमानंद सिंह, रामविलास सिंह, जगदीश सिंह, सहित अन्य शामिल थे।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवता आश्वाशन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी, प्राचार्या डॉ मृदुला भगत, रिसोर्स पर्सन डॉ उपेन्द्र कुमार एवं सभी सहायक प्राध्यापक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गय। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मृदुला भगत ने पौधा भेंट कर रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया। रिसोर्स पर्सन डॉ उपेन्द्र कुमार, विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग, आर एस पी कॉलेज, झरिया, धनबाद द्वारा प्रकरण -शिक्षा के वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर विस्तृत जानकारी साझा करते हुए शिक्षा के ऐतिहासिक एवं आधुनिक पहलुओं से अवगत कराया तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली को सार्वभौमिक बनाने हेतु ज्ञानवर्धन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2045 तक भारत को पुनः विश्व गुरु बनाना है। इस अवसर पर महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि व्याख्यान कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य ज्ञान एवं विचार को संवर्धित कर व्यावहारिक जीवन में आत्मसात करना है तथा शिक्षा का मूल उद्देश्य सांस्कृतिक धरोहर को सार्वभौमिक करना है। रिसोर्स पर्सन को महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 24-26 के सभी प्रशिक्षु दीपा नाथ, पूनम कुमारी, अनिशा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, काजल कुमारी, खुशबू कुमारी, रवीना कुमारी, नंदनी कुमारी, दीप्ति कुमारी, पारुल कुमारी, तमन्ना प्रवीण, अन्ना श्री, बुशरा अशरफ, द्रोपति कुमारी, स्मिता रंजन, सृष्टि कुमारी, मधु कुमारी, कुणाल कुमार, दीपक कुमार, बिपिन सचदेव, ओशो अंशुमन,रोहित कुमार रौशन, रवि प्रसाद, आदित्य कुमार, बलराम कुमार यादव एवं अन्य सहित महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक डॉ पवन कुमार, स्वर्ण सिंह, अवधेश कुमार यादव, चंद्र प्रकाश, गौतम कुमार, डॉ पूजा कुमारी, मनीष कुमार सिन्हा, डी एल एड विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, सीताराम यादव एवं अन्य सहित सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी उक्त अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय शैक्षणिक समन्वयक सौरभ शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक अनिल दास ने किया।

## एक नजर

### बचपन प्ले स्कूल का सांसद ने किया उद्घाटन

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के कॉलेज के समीप टायर मोड़ में बचपन प्ले स्कूल का बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। तत्पश्चात स्कूल परिसर का उन्होंने निरीक्षण करने के बाद बताया ऐसा प्रतीत हो रहा कि एक बड़े कैंपस में शानदार आधारभूत संरचना के साथ वातानुकूलित और उन्नत तकनीक से लैस क्लासरूम के जरिए इस स्कूल द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनके प्रारंभिक शिक्षा की दिशा में बेहद हितकर साबित होगा। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा ही बच्चों का आधार बनती है और बच्चों के भविष्य के सपनों को उड़ान देने के लिए उन्हें गुणवत्त शिक्षा बेहद जरूरी है। उन्होंने स्कूल के संचालक शिव शरण साहू को इस नेक शुरूआत के लिए ढेरों शुभकामनाएं और अनंत बधाई दिया साथ ही इस विद्यालय में नामांकन लेने वाले बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की उन्होंने कामना भी किया।

### ट्रक के चपेट में आने से युवक की मौत

**मरकच्चो :** नवलशाही थाना क्षेत्र के कोडरमा - गिरिडीह मुख्य मार्ग पर मारुती चौक के समीप गुरुवार देर रात ट्रक जे एच 12 एफ 7465 के चपेट में आ जाने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गया। मृतक की पहचान संतोष राम उम्र 32 वर्ष पिता स्व. सुखदेव राम, ग्राम बरवाडीह, थाना मरकच्चो निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात ट्रक और मोटरसाईकिल दोनों वाहन नवलशाही से कोडरमा की ओर जा रही थी। आगे - आगे मोटरसाईकिल सवार था और उसी के पीछे ट्रक था इसी दौरान मारुती चौक के समीप ट्रक अपने चपेट में ले लिया। जहाँ मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति घायल हो गया। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया जहाँ डॉक्टरों द्वारा घायल व्यक्ति को प्रथमिकी उपचार कर घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया था जहाँ घायल व्यक्ति रास्ते में हीं दम तोड़ दिया। जिसके बाद शव को पुलिस द्वारा अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। वहीं घटना स्थल से नवलशाही पुलिस उक्त ट्रक को जप्त कर लिया है । दूसरी ओर परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है। बता दें की मृतक हीं मजदूरी कर के अपना घर चलाता था। मृतक को दो पुत्री और एक पुत्र है। इस घटना से आहत होकर परिवार वालों का रो - रो कर बुरा हाल है।

### जिला सचिव के निधन पर शौक सभा का हुआ आयोजन

**कोडरमा :** सेवा भारती के जिला सचिव दिवंगत आलोक सिन्हा के निधन पर शौक सभा का आयोजन कर दी गयी श्रधाजलि। उनके निधन के उपरांत शुक्रवार को शिव तारा सरस्वती शिशु मंदिर झुमरीतिलैया में सेवा भारती कोडरमा के द्वारा शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और दु:ख की इस घड़ी में परिजन को शक्ति प्रदान करने की कामना की। मौके पर जिला अध्यक्ष सुभाष वर्णवाल, जिला संयोजक गौरव कुमार, प्रकल्प प्रभारी संजय वर्मा, मनीष वर्णवाल, नगर सचिव चंदन वर्णवाल, नगर अध्यक्ष बिनोद वर्णवाल, भजन मंडली प्रमुख राजेश कुमार, नगर संयोजिका लीना देवी, आरएसएस नगर प्रचारक विशाल कुमार मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रमोद कुमार सिंह बने रामगढ़ थाना प्रभारी



**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना प्रभारी के रूप में प्रमोद कुमार सिंह ने गुरुवार को अपना योगदान दिया। इसके पूर्व पुअनि प्रमोद कुमार सिंह के थाना पहुंचने पर थाना के अन्य पुलिस अधिकारियों ने बूके देकर स्वागत किया। तत्पश्चात पुअनि प्रमोद कुमार सिंह को थाना के निवर्तमान थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने विधिवत पदभार सौंपते हुए उन्हें बधाई दी। और पुलिस अधिकारियों ने बधाई दी। रामगढ़ जिले में स्थानांतरित के पश्चात रामगढ़ थाना में इनकी पदस्थापना हुई। इनकी कार्यकुशलता से प्रभावित होकर जिले के पुलिस कप्तान अजय कुमार ने इन्हें रामगढ़ थाना प्रभारी नियुक्त किया। रामगढ़ थाना में थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने कहा कि पुलिस-पब्लिक संबंध को प्रगाढ़ कर क्षेत्र में अमन, चैन, शांति स्थापित करना, पुराने अपराधियों पर नकेल कसना ,चोरी की घटनाओं पर रोक लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे निर्भीक होकर अपनी समस्याओं को लेकर थाना आएं, नशाखोरी पर भी विराम लगेगा। रामगढ़ थाना पुलिस क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए हर समय तैयार है।

### रजरप्पा में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने दुकानों में की छापेमारी



**रामगढ़ :** शुक्रवार को सिविल सर्जन रामगढ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी के निर्देशानुसार चितरपुर थाना अंतर्गत जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप के द्वारा रजरप्पा मोड़ के समीप कोटपा 2003 के अंतर्गत छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कोटपा अंतर्गत 6 एवं धारा 4 के अंतर्गत 6 दुकानदारों से 1100 रुपए का आर्थिक दंड वसूला गया। बहुत से दुकानदारों से उनके दुकान पर लगे अवैध बैनर को निकलवाया गया। होटल और मॉल में धूम्रपान निषेध का बोर्ड नहीं होने की स्थिति में अर्थदंड लिया गया, उन्हें प्रारूप दिया गया तथा उसे लगाने हेतु निर्देश दिया गया। तंबाकू दुकानदारों द्वारा साइनेज लगाया जाना अनिवार्य है नहीं रहने पर 200 रुपए का आर्थिक दंड लिया जाएगा। छापेमारी में तम्बाकू नियंत्रण परामर्शी, फूड सेफ्टी कर्मी एवं अपर मुख्य चिकित्सा कार्यालय के कर्मियों का सहयोग रहा ।

### वर्षो से रखी गाड़ियों का निलामी नहीं होने से सरकार को हो रहा है करोड़ों नुकसान

**कोडरमा :** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने कोडरमा नगर पंचायत, थाना एवं वन विभाग में वर्षों से रखी गाड़ियों की नीलामी न करा कर कबाड़ बना देने पर प्रशासन से लेकर सरकार तक पर सवाल खड़ा किया है। कोडरमा नगर पंचायत में ही दो कचरा गाड़ी, दो ट्रैक्टर, चार पानी ढोने वाली टंकी एवं बिना उपयोग के 10 लाख से खरीदी गई दो चलंत शौचालय गाड़ी कबाड़ हो गई। इसी प्रकार सभी थानों में एवं वन विभाग में वर्षों से पकड़ी गई कई गाड़ियां कबाड़ हो रही है जिसमें कई गाड़ियां अच्छी स्थिति में है। यह सभी गाड़ियां खुले में रहने के कारण बर्बाद हो रही है एवं झाड़ियां उग आयी है जिससे यहां सांप एवं बिच्छुओं का बसेरा हो गया है जो यहां कार्य करने एवं रहने वालों के लिए समस्या बन गई है और यही स्थिति पूरे राज्य की है। इन गाड़ियों की नीलामी कर दी जाए तो सरकार को करोड़ों का राजस्व प्राप्त होगा साथ ही जगह भी खाली हो जाएगा एवं साफ सफाई से स्वच्छता भी झलकेगा। बसंत ने इन विषयों से मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, मुख्य वन संरक्षक, मा राज्यपाल के साथ ही उपायुक्त को अवगत कराते हुए अविलंब इन कबाड़ हो रही गाड़ियों की नीलामी करने का आग्रह किया है जिससे सरकार के खजाने में धन जमा हो जो विकास के काम आए साथ ही स्वच्छता चरितार्थ हो।

### नागपुरी फिल्म नायका के प्रमोशन को लेकर कलाकारों की टीम पहुंची कुजू



**कुजू :** गीतांजलि सिनेमा हॉल कुजू में चार शो में चल रही नागपुरी फिल्म नायका के प्रमोशन को लेकर फिल्म के निमार्ता, निर्देशक व मुख्य भूमिका निभा रहे विनोद महली, विनोद सिंह व रमन गुप्ता गीतांजलि सिनेमा कुजू पहुंचे। साथ हीं फिल्म नायका का फिल्म प्रेमियों के बीच प्रचार-प्रसार किया। मौके पर मुख्य भूमिका अदा कर रहे विनोद महली ने बताया कि फिल्म लव, एक्शन व सस्पेंस से भरपूर है। फिल्म की कहानी रांची में रहने वाले एक अनाथ नायका की है। जिसका पालन पोषण एक कचड़ा चुनने वाला करता है। फिल्म में इसके आगे की कहानी काफी दिलचस्प है। फिल्म की शूटिंग झारखंड, बंगाल व नेपाल के आकर्षक लोकेशंस पर की गई है। फिल्म में गीतकार केशव केसरिया, प्रवीण लकड़ा, अमित तिर्की हैं। जबकि अमित तिर्की, रोबिन लकड़ा व अमित करमाली ने संगीत दिया है। कर्णप्रिय गीतों को ज्योति साहू, पवन राय व डीआर लकड़ा ने आवाज दी है। फिल्म में नितेश कच्छप, राकेश रमन, अनिल सिकंदर, रामबाबू, चंदा मेहरा ने अभिनय किया है।

### शिक्षा विभाग के लचर व्यवस्था के कारण शिक्षक बच्चों के भविष्य से कर रहे हैं खिलवाड़

**कोडरमा :** जिले के मरकच्चो प्रखंड के अंतर्गत शिक्षा विभाग के लचर रवैये के कारण मरकच्चो क्षेत्र के विद्यालयों का संचालन में सुधार नहीं हो रहा है। यहां के विद्यालयों का न तो खुलने का समय निर्धारित है और न तो बंद होने का। जिसके कारण शिक्षक बच्चों के भविष्य खिलवाड़ कर रहे हैं,शिक्षक वेतन उठाने में पीछे नहीं रहते पर दायित्व के निर्वाहन पर गंभीरता नहीं बरतते। शुक्रवार को जब 8 बजे सुबह पत्रकार की टीम मरकच्चो प्रखंड के दक्षिणी पंचायत स्थित राज्यकृत प्राथमिक विद्यालय महुवा टांड़ पहुंच कर विद्यालय का जायजा लिया तो विद्यालय में एक सरकारी शिक्षक के अलावे विद्यालय में एक भी पारा शिक्षक नहीं पहुंचे थे। इतना ही नही विद्यालय में बच्चे भी नहीं पहुंचे थे। क्लास रूम खाली था। पत्रकारों को देखकर पारा शिक्षक अपने घर से आए और साथ में कुछ लड़के को भी बुलाकर ले आये। इतना ही नहीं विद्यालय में मध्यान भोजन भी नहीं बन रहा था।जानकारी के अनुसार उक्त विद्यालय में मध्यान भोजन महीने में बहुत कम दिन ही बनाया जाता है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मरकच्चो प्रभु देव यादव से पूछे जाने पर बताया कि इस बात की जानकारी मुझे नहीं थी। मेरे संज्ञान में आया है। मैं जांच कर इसकी रिपोर्ट जिला शिक्षा अधीक्षक कोडरमा को भेज दूंगा।

## एक नजर

### टोटो व मोटरसाइकिल में टक्कर, दो युवक घायल

**बरहरवा :** पाकुड़-बरहरवा मुख्य पथ अंतर्गत कोटालपोखर थाना क्षेत्र के विजयपुर के पास मोटरसाइकिल और टोटो में टक्कर हो गयी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, पाकुड़ जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विक्रमपुर के अजफारुल शेख व शनावर शेख अपनी मोटरसाइकिल से गुमानी की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल टोटो से टोटो की टक्कर हो गयी। हादसे में दोनों मोटरसाइकिल सवार घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से दोनों को प्राथमिक इलाज कराया गया।

### 14 डायरिया पीड़ित अस्पताल में भर्ती, इलाज शुरू

**साहिबगंज/राजमहल :** बदलते मौसम के साथ शहर सहित राजमहल, उधवा, तालझारी, प्रखंड के अलग-अलग गांव से बीते दो दिनों में डायरिया से पीड़ित 14 मरीज को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल में भर्ती किया गया है। सभी मरीजों का डॉक्टर की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉक्टर उदय टुडू ने बताया कि अस्पताल में डायरिया लूज मोशन, पेचिश के लगभग 14 मरीज का फिलहाल इलाज किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो ध्यान रखा जा रहा है। डायरिया से संबंधित सभी दवा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इन दिनों ओपीडी में रोजाना 250 से 300 मरीज का इलाज किया जा रहा है।

### जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**साहिबगंज :** जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त हेमंत सती को अवगत कराया। उपायुक्त ने लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया।संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित एवं असंबंधित रहे। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

### जामजोरा जंगल में छापेमारी, चार अवैध चुलाई अड्डे ध्वस्त

**सरायकेला :** सरायकेला खरसावां के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला और उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर उत्पाद विभाग ने गम्हारिया थाना के ग्राम जामजोरा के जंगल में छापेमारी अभियान चलाया। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में चार अवैध चुलाई अड्डों को ध्वस्त किया गया। मौके से लगभग 2500 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया गया और तीन प्लास्टिक जार में रखे लगभग 105 लीटर अवैध चुलाई देशी शराब को जब्त किया गया। इस मामले में अड्डा संचालकों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की के तहत उत्पाद मामला दर्ज किया गया गया है। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध शराब निर्माण और बिक्री के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

# वन विभाग ने बंदगांव से अवैध लकड़ी लदा ट्रक किया जब्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चक्रधरपुर :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोंगरा वन क्षेत्र स्थित बंदगांव में वन विभाग ने छापेमारी कर अवैध लकड़ी लदा ट्रक पकड़ा है। गुरुवार देर रात यह कार्रवाई की गयी है। जब्त लकड़ी की अनुमानित कीमत पांच लाख बतायी जा रही है। बताया जाता है कि सोंगरा वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी ललन उरांव को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग के बंदगांव से अवैध लकड़ी ट्रक पर लादकर ले जाया जा रहा है। उस आधार पर वनपाल कुंदन प्रसाद के नेतृत्व में वन विभाग की टीम बंदगांव पहुंचे और वृदावन के समीप छापेमारी की। वन विभाग के अधिकारियों को देख चालक और खलासी ट्रक छोड़कर फरार हो गया। ट्रक समेत लकड़ी को जब्त कर टीम अपने साथ ले आयी। सोंगरा वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी ललन उरांव ने बताया कि इस छापेमारी में एक 12 चक्का ट्रक समेत कुल 72 बोटे साल की लकड़ी जब्त की गयी है। जिसकी अनुमानित लागत लगभग पांच लाख रुपये हैं। उन्होंने बताया कि वन विभाग अवैध लकड़ी के कारोबार को रोकने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रहा है, अगर किसी व्यक्ति को अवैध लकड़ी के कारोबार की सूचना मिलती है तो इसकी जानकारी वन विभाग को अवश्य रूप से दें। उन्होंने लोगों से सूचना देने वाले की जानकारी गुप्त रखने की बात कही। बताया कि जंगल की कटाई रोकने को लेकर भी लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। छापेमारी टीम में वनकर्मी अश्वनी प्रधान, श्याम लाल बोदरा, रायसिंह व अन्य मौजूद थे।

## मालदा प्रभारी डीआरएम ने किया साहिबगंज स्टेशन का निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मालदा रेल मंडल के प्रभारी डीआरएम यतीश कुमार सहित अधिकारियों ने शुक्रवार को विशेष सैलून से साहिबगंज पहुंचे। जहां उन्होंने सबसे पहले साहिबगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चल रहे अमृत भारत योजना का जायजा लिया, वहीं कई सारे कमियों पर नाराजगी जाहिर किया, कहा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें, सिस्टम के तहत कार्य करें, यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसका ध्यान रखें। वही साहिबगंज टाइगर विचार मंच के द्वारा ईआरएमसी कार्यालय में रविंद्र नाथ टैगोर की 164 वीं जयंती कार्यक्रम में प्रभारी डीआरएम यतीश कुमार शामिल हुए, वहीं डीआरएम ने कहा कि रविंद्र नाथ टैगोर के रचित कविताएं उपन्यास राष्ट्र प्रेम को जगाता है, वहीं मंच के अध्यक्ष डॉ रंजीत कुमार सिंह, सचिव हिमांशु शेखर गुहा, सुधीर श्रीवास्तव, संतोंना पाल ने रविंद्र नाथ टैगोर की प्रतिमा को स्टेशन परिसर के मुख्य केंद्र में लगाने का अनुरोध किया, जिस पर डीआरएम ने हामी भरी। इस दौरान डीआरएम सहित रेलवे अधिकारियों ने झरना कॉलोनी स्थित डीएमयू मेंटेनेंस सेड, नॉर्थ कॉलोनी स्थित रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट कु-बुकिंग लॉबी के अलावे ईआरएमयू कार्यालय में भी रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती में शामिल हुए।

## केंद्रीय टीम ने कालाजार प्रभावित गांवों का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में कालाजार उन्मूलन के लिए केंद्रीय टीम द्वारा कालाजार प्रभावित गांव का निरीक्षण किया गया। तीन दिवसीय दौरे पर आयी टीम द्वारा लिट्टीपाड़ा प्रखंड के बड़ा कुटलो गांव और अमड़ापाड़ा प्रखंड के बदाहा गांव का निरीक्षण किया जहां से संतोषजनक परिणाम प्राप्त हुए। आईआरएस गतिविधियां प्रभावी ढ़ंग से क्रियान्वित पाई गई और रोगियों की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार देखा गया जो मजबूत स्वास्थ्य सेवा समर्थन को दशार्ता है। लिट्टीपाड़ा प्रखंड में टीम ने सामुदायिक भागीदारी को भी बढ़ावा दिया। जहां कालाजार रोगियों के बीच पोषण कीट का वितरण किया गया ताकि उनकी रोक प्रतिरोधक क्षमता और स्वास्थ्य में सुधार हो सके। इसके अलावा कालाजार चैंपियन- जो समुदाय स्वास्थ्य कार्यकर्ता है और बीमारी नियंत्रण में अहम भूमिका निभा रहे हैं उनको टी शर्ट, टोपी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कालाजार के मरीजों से मुलाकात कर आवश्यक जानकारी दी गई तथा फीडबैक लिया गया। टीम के अधिकारियों ने बताया कि यह दौरा प्रशासन की कालाजार उन्मूलन के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है और इसमें समुदाय की सक्रिय भागीदारी तथा फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कर्मियों की समर्पित भूमिका को प्रमुख माना है।आगे की कार्य योजना के तहत राष्ट्रीय और राज्य स्तर की टीमों ने जिला और प्रखंड स्तर पर रोगियों की चिकित्सा देखभाल, वेक्टर निगरानी, आईआरएस की गुणवत्ता में सुधार और पोषण एवं जागरूकता कार्यक्रमों के विस्तार की सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड के कुछ जिलों में अभी भी कालाजार एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक, एनवीबीडीसीपी, केंद्रीय टीम डॉक्टर छवि पंत जोशी, राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर राजत रंजन, राज्य और जिला पिरामल टीम, राज्य कालाजार सलाहकार सहित अन्य मौजूद रहे।

## नगर परिषद द्वारा संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार ने नगर परिषद कार्यालय में नगर परिषद अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने नगर परिषद क्षेत्र में कार्यरत सभी कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं अन्य कर्मियों से मुलाकात की एवं उनके कार्यक्षेत्र की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी क्षेत्र, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन, 15 वे वित आयोग, शहरी जलापूर्ति, होल्डिंग टैक्स आदि की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान परिषद क्षेत्र में सफाई, स्ट्रीट लाइट,पेयजल समस्या एवं अन्य नागरिक समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु उपायुक्त ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए एवं नागरिकों को उचित रिस्पॉन्स दिया जाए। नगर परिषद क्षेत्र की बंदोबस्ती एवं राजस्व संग्रहण की जानकारी ली, नगर परिषद को राजस्व बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र में सफाई, पेयजल आपूर्ति, बिजली एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की नियमित जांच एवं त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उपायुक्त ने नगर परिषद, प्रशासक को निर्देशित किया कि सभी कर्मियों के कार्यों की गहन समीक्षा करें एवं अधिकारियों सहित सभी कर्मी भी नियमित रूप से फील्ड विजिट करें एवं शहरी क्षेत्र के समस्याओं को स्वयं जाकर देखे एवं उन समस्याओं का निवारण करें। पुराने दुकानों का नया दर 1200 रुपया निर्धारित है। सख्त कार्रवाई करते हुए दुकान का बकाया भाड़ा वसूल करना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी लंबित आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। शहरी जलापूर्ति योजना के तहत शहर के लोगों को निर्बाध रूप से पानी मिले इसे सुनिश्चित करें।

## राजीव कुमार गुप्ता हत्याकांड में दो और संलिप्त अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना में आज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी साहिबगंज किशोर कुमार तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि दिनांक- 04 मई 25 को नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज रोड चैती दुर्गा के पास जी० एस० इलेक्ट्रोनिक्स मालिक राजीव कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डु, पिता- स्व० गौरी शंकर साह को उनके दुकान में घुसकर दो अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मार दी गयी थी, जिसमे इलाज के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में नगर थाना कांड सख्या- 74/25, दिनांक 05 मई 25, धारा- 103(1) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट अंकित किया गया है। घटना के गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह साहेबगंज के द्वारा नितिन खण्डेलवाल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरहरवा के नेतृत्व में कांड के उद्वेदन एवं अपराधकर्मी की गिरफ्तारी हेतु एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। पुलिस अधीक्षक साहेबगंज के द्वारा गठित एसआईटी टीम के द्वारा पूर्व मे ही इस घटना में शामिल तीन अभियुक्त मनीष कुमार मंडल, कुश कुमार मंडल एवं बिनोद कुमार ताती को इस घटना में प्रयुक्त देशी पिस्टल और जिंदा 42 पीस गोली, एवं हत्था हेतु मारने के लिये मिले पैसे एवं मनीष कुमार मंडल के द्वारा घटना के समय पहने गये कपड़ो को बरामद किया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित एसआईटी के द्वारा इस कांड में संलिप्त छंगुरी रजक उर्फ चुटरा, उम्र 20 वर्षीय, पिता गोनी रजक, साकिन प्रेमनगर, थाना जिरवाबाड़ी को गिरफ्तार किया गया। छंगुरी रजक उर्फ चुटरा के निशानदेही पर गोविन्द कुमार मंडल, जिंदा 2 पीस गोली एवं घटना के समय फायर किया गया खोखा को बरामद किया गया है।

# जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की एक अहम बैठक जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गई। बैठक में मिशन वात्सल्य योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा बाल संरक्षण के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 170 बच्चों को चिन्हित किया गया है, जिन्हें स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिया जाएगा। उपायुक्त ने बाल कल्याण समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए पदाधिकारी को निर्देश दिया कि चिन्हित बच्चों को सभी कल्याणकारी योजनाओं से शीघ्र जोड़ते हुए उनका समुचित संरक्षण सुनिश्चित किया जाए।बैठक में पंचायती राज विभाग द्वारा गठित महिला, शिशु एवं सामाजिक कल्याण समिति के अंतर्गत कार्य कर रही जिला परिषद समिति, प्रखंड स्तरीय समिति एवं पंचायत स्तरीय समितियों के कार्यों की भी समीक्षा की गई। इन समितियों के माध्यम से महिला एवं बच्चों से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विशेष किशोर पुलिस इकाई द्वारा बाल मित्र थाना एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के साथ की जा रही मासिक समीक्षा बैठक पर भी चर्चा हुई। साथ ही श्रम विभाग द्वारा संचालित धावा दल के मासिक अभियान, जिसमें बाल विवाह, बाल श्रम, बाल व्यापार एवं पोक्सो एक्ट के तहत प्रस्तुत मामलों पर कार्रवाई होती है, की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने इन मामलों में बच्चों के पुर्नवास, विद्यालय में नामांकन, कौशल प्रशिक्षण एवं परिवार को योजनाओं से जोड़ने पर विशेष बल दिया। इसके अतिरिक्त, सीसीआई एवं एसएए के लिए स्थायी भवन की व्यवस्था, बालगृह में रह रहे बच्चों की नियमित मासिक स्वास्थ्य जांच एवं दत्तक ग्रहण हेतु चयनित बच्चों के लिए चिकित्सकीय प्रतिवेदन तैयार करने हेतु विशेषज्ञ डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति पर भी विचार हुआ। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा, श्रम अधीक्षक वीरेन्द्र नाथ महतो, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी, नगर प्रशासक सहित चाइल्डलाइन से जुड़े कर्मी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के अंत में उपायुक्त ने बाल हित में कार्य कर रहे सभी विभागों के समन्वय पर जोर देते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी बच्चा सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिरसा जैविक उद्यान का आरटीसी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं किया शैक्षणिक भ्रमण




**अनगड़ा :** आरटीसी पब्लिक स्कूल के कक्षा 7 एवं 8 के छात्र हैं छात्राएं शुक्रवार को शैक्षणिक भ्रमण के तहत ओरमांझी स्थित बिरसा जैविक उद्यान का दौरा किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को प्रकृति एवं वन्यजीवन के प्रति जागरूक करना और व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने शेर, बाघ, हाथी, भालू, हिरण, बंदर, मगरमच्छ समेत अनेक पक्षियों और जानवरों को नजदीक से देखा। उन्होंने इन जीवों के प्राकृतिक आवास, आहार, व्यवहार और संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस शैक्षणिक यात्रा में विद्यालय के शिक्षक आनंद प्रसाद एवं शिक्षिका पुतुल नीलू नाग ने विद्यार्थियों को प्रत्येक प्राणी से संबंधित ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। यह भ्रमण छात्रों के लिए न केवल मनोरंजन का माध्यम रहा, बल्कि उन्हें जीव-जंतुओं के संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन की महत्ता को समझने में भी मदद मिलेगी।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं के लिए एएनसी जांच शिविर का सफल आयोजन




**बरहरवा :** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय एएनसी जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र की सभी गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच सुविधा उपलब्ध कराना, गर्भावस्था के दौरान आवश्यक देखभाल सुनिश्चित करना तथा पोषण और सावधानियों के प्रति जागरूक बनाना। शिविर में बड़ी संख्या में लाभार्थी महिलाओं ने भाग लिया। सभी उपस्थित गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड प्रेशर, वजन, यूरीन जांच, ब्लड शुगर तथा अन्य आवश्यक परीक्षण शामिल थे। साथ ही महिलाओं को संतुलित आहार, आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों के महत्व, प्रसव पूर्व देखभाल तथा हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। शिविर की अध्यक्षता सीएचसी बरहरवा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कर्मकार ने की। उन्होंने स्वयं गर्भवती महिलाओं की जांच की एवं उन्हें उचित स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के माध्यम से प्रत्येक माह की 9 तारीख को सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क जांच की व्यवस्था की जाती है, ताकि मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। इस शिविर को सफल बनाने में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पूजा कुजूर और शांति लकड़ा, एएनएम मालती मुर्मू, तथा सहिया साथी मीणा देवी और सरस्वती सेन का विशेष योगदान रहा। उन्होंने लाभार्थी महिलाओं का पंजीकरण, मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया। सीएचसी बरहरवा की ओर से सभी लाभार्थी महिलाओं एवं स्वास्थ्य कर्मियों को इस सराहनीय सहभागिता के लिए धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दी गईं।

### अपर समाहर्ता ने किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण



**साहिबगंज :** अपर समाहर्ता गौतम भगत ने समहरणालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा एवं प्रबंधन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता ने वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से मूल्यांकन किया और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनकी सुरक्षा और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपर समाहर्ता ने वेयरहाउस में फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। साथ ही उन्होंने कर्मियों को नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए ईवीएम की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू व सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जेएसएलपीएस बरहरवा प्रखंड रैंकिंग में प्रथम स्थान हासिल किया



**बरहरवा :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रगति एवं उपलब्धियों की समीक्षा के साथ बरहरवा प्रखंड के बीपीएम मो फैज आलम को प्रथम रैंक से शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा जिला मिशन प्रबंधन इकाई, साहिबगंज परिसर में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला स्तरीय समीक्षा बैठक एवं प्रखंड रैंकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम प्रबंधक मतीन तारिक के द्वारा की गई तथा इसमें सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधकों एवं सभी विषयगत प्रमुखों ने भाग लिया। यह समीक्षा बैठक मासिक प्रगति रिपोर्ट एवं लोकोस पोर्टल के आंकड़ों के आधार पर आयोजित की गई, जिसमें एसएमआईबी, आजीविका (कृषि व गैर-कृषि), सामाजिक विकास एवं समावेशन, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना तथा आरसेटी जैसे विविध विषयगत क्षेत्रों पर व्यापक चर्चा की गई।बैठक के उपरांत जिला निगरानी एवं मूल्यांकन प्रबंधक रवि शंकर के द्वारा विभिन्न प्रदर्शन संकेतकों पर आधारित प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात विभिन्न श्रेणियों में प्रखंड रैंकिंग की घोषणा की गई, जिससे प्रखंडों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया जा सके। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों में प्रथम स्थान बरहरवा को,द्वितीय स्थान बोरियो को तथा तृतीय स्थान राजमहल को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अब सरकारी तालाबों को मिलेगी विशिष्ट पहचान


## जल निकायों को अतिक्रमण से मिलेगी मुक्ति




पटना। बिहार के सरकारी तालाबों को विशिष्ट पहचान (यूआईडी) मिलेगी। बिहार गजेटियर्स जलनिकायों के संरक्षण की दिशा में मददगार साबित होगी और यूआईडी से संबंधित काम करने में विशेष भूमिका निभाएगी। ये बातें राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने ह्यगजेटियर-कम-एटलस ऑफ वॉटर बॉडीज ऑफ बिहार पुस्तक के विमोचन के दौरान कही। इस पुस्तक का लोकार्पण विभागीय मंत्री ने पटना स्थित मुख्य सचिवालय के अधिवेशन भवन में किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे न केवल जल स्रोतों की सुरक्षा और प्रबंधन को बल मिलेगा बल्कि अतिक्रमित जलनिकायों की पहचान कर उन्हें पुनः संरक्षित करने में स्थानीय प्रशासन को मदद मिलेगी। साथ ही राज्य की नदियां, आर्द्रभूमि, तालाब जैसे जल निकायों की जानकारी मानचित्रों के माध्यम से मिलेगी। पुस्तक विमोचन के अवसर पर मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि जल-जीवन और हरियाली को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जो सोच है, उसी के अनुरुप इस पुस्तक का प्रकाशन हुआ है। उन्होंने कहा कि दरभंगा तालाबों का शहर है। लेकिन जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वहां जाकर ये महसूस किया कि यहां पानी की भीषण समस्या है तो शेष बिहार का क्या होगा? इसके बाद ही मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली मिशन की शुरूआत की थी। इससे प्रेरणा लेकर ही आज इस पुस्तक का विमोचन हुआ है। इस एटलस में नदियों से संबंधित आंकड़े जल संसाधन विभाग, आर्द्रभूमियों की जानकारी पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, तालाबों की जानकारी जल-जीवन-हरियाली मिशन और ग्रामीण विभाग से प्राप्त किया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने ये भी कहा कि इस एटलस का जल्द ही हिन्दी संस्करण भी प्रकाशित किया जाएगा। आज अंग्रेजी संस्करण की पुस्तक का विमोचन किया गया है। साथ ही राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग 54 वर्षों के बाद पटना जिले का गजेटियर एवं 60 सालों के उपरांत दरभंगा जिला गजेटियर का प्रकाशन भी जल्द करेगा। इस मौके पर विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि यह एटलस जल-संसाधन, कृषि, सड़क, पुरातत्व, आपदा, ग्रामीण विकास सहित कई विभागों और संस्थाओं के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ होगा। इस दस्तावेज से न सिर्फ प्रशासनिक कार्यों में सहूलियत होगी, बल्कि आम जनता को भी जल स्रोतों से जुड़ी उपयोगी जानकारी एक ही जगह पर उपलब्ध हो सकेगी। वहीं, इस मौके पर रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने कहा कि वाटर एटलस तैयार होने से सबसे बड़ा फायदा होगा कि सरकारी कर्मचारियों और पदाधिकारियों को ये जानकारी होगी कि कहां पर कितनी संख्या में कौन-सी जल संरचनाएं मौजूद हैं। इससे अतिक्रमण हटाने में मदद मिलेगी। जो कर्मचारी अतिक्रमण हटाने में नाकाम साबित हो रहे हैं, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस पहल से सरकार की जितनी भी जल संरचनाएं हैं, वे अतिक्रमणमुक्त हो सकेंगी और इसका समुचित रिकॉर्ड सरकार के पास रहेगा। विदित है कि इस पहल की शुरूआत वर्ष 2020 में तत्कालीन अपर मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने की थी और अब इसे वर्तमान अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने अंतिम रूप दिया है। इस एटलस की खास बात यह है कि इसमें केवल नदियों या जलाशयों की जानकारी नहीं है बल्कि ऐतिहासिक, पुरातात्विक, सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय जानकारी भी सम्मिलित है। यह पुस्तक प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ नीति-निमार्ताओं, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी। गौरतलब है कि इस मौके पर राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी के साथ-साथ रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, सचिव जय सिंह समेत कई विभागीय और क्षेत्रीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



## जंक्शन के सामने का गोलंबर हटाया, जाम से राहत मिलेगी



**पटना।** जंक्शन के सामने जाम की समस्या को देखते हुए यहां बने गोलंबर को गुरुवार की रात पूरी तरह से हटा दिया गया। अब नए सिरे से छोटा गोलंबर का निर्माण किया जाएग। इसके अलावा, अन्य गोलंबरों की चौड़ाई को भी कम करने की कवायद शुरू हो गई है, जिसमें सबसे पहले पटना जंक्शन गोलंबर को हटाया गया है। यह पूरी कवायद राजधानी पटन जंक्शन के आसपास के इलाके में जाम की समस्या से निपटने के लिए की जा रही है। लंबे समय से जाम की समस्या से शहर के लोग जूझ रहे हैं। यहां कई चौराहे ऐसे हैं, जिनकी चौड़ाई अधिक है। इसे छोटा कर सड़कों की चौड़ाई बढ़ाई जा सकती है। पटना जंक्शन स्थित गोलंबर भी इनमें शामिल है, जिसे अब छोटा करने की कवायद शुरू हो गई है। अगले सात दिन में चौराहे को तीन गुना छोटा कर दिया जाएगा। छोटा गोलंबर बनाने पर एक करोड़ खर्च किए जाएंगे बिहार राज्य पुल निर्माण निगम ने बताया कि अभी पटना जंक्शन स्थित गोलंबर की चौड़ाई 40 मीटर है, जिसे घटाकर 12 मीटर कर दिया जाएगा। इससे पटना जंक्शन गोलंबर पर यात्रियों का बोझ कम होगा। आवागमन में सहूलियत होगी। इस कार्य पर एक करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। पटना जंक्शन की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अंडरग्राउंड सबवे का निर्माण किया गया है।

## तेजस्वी यादव ने सड़क दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों से की मुलाकात, आर्थिक मदद भी की



**पटना।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कटिहार जिले के कुरसेला में हुई सड़क दुर्घटना में मारे गए 8 लोगों के परिवारों से मुलाकात की। यह हादसा उस समय हुआ जब कुछ लोग शादी में शामिल होने जा रहे थे। तेजस्वी यादव ने इस दर्दनाक हादसे पर गहरा दुख जताया और पीड़ित परिवारों से मिलकर उनका दुख साझा किया। उन्होंने कहा कि यह घटना पूरे समाज को हिला देने वाली है और पार्टी इस कठिन समय में पूरी तरह से पीड़ित परिवारों के साथ है। राजद पार्टी की तरफ से मृतकों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये और घायलों को 20-20 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी गई। तेजस्वी यादव पूर्णिया जिले के बड़हरा कोठी प्रखंड के दीबराधनी और लतराहा पंचायत पहुंचे, जहां उन्होंने पीड़ितों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। दुर्घटना में जिन लोगों की मौत हुई, उनमें टुनटुन मंडल, प्रिंस कुमार, धीरज पोद्दार, ज्योति कुमार, रूपेश मंडल, शिको कुमार, राधा मंडल और अजय कुमार शामिल हैं। तेजस्वी यादव ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की। बिहार सरकार की खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने पूर्णिया जिले के बनमनखी विधानसभा क्षेत्र में सड़क हादसे में मारे गए 8 युवाओं के परिजनों से मुलाकात की। यह दर्दनाक हादसा सोमवार रात बी.कोठी प्रखंड के दिबराधनी और लतराहा पंचायत में हुआ था। मंत्री लेशी सिंह ने शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना दी और अपनी ओर से हर परिवार को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। उन्होंने कहा, ‘यह केवल एक सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि कई परिवारों के सपनों का टूट जाना है। लेशी सिंह ने कहा कि यह दुखद घटना पूरे समाज को झकझोर देने वाली है। उन्होंने कहा, ‘मैं इस कठिन समय में इन परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी हूं। इनका दर्द मैं अपना समझती हूं। हो सकता है यह घाव कभी न भर पाए, लेकिन हम सबको मिलकर इन परिवारों को सहारा देना होगा।' इस मौके पर बनमनखी के विधायक कृष्ण कुमार ऋषि भी मंत्री के साथ मौजूद थे। मंत्री ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की।

## संक्षिप्त डायरी

### बेगूसराय में भी दिखा भारत-पाक के बीच तनाव का असर, खेलो इंडिया के तहत होने वाला फुटबॉल मैच रद



**बेगूसराय।** हिंदुस्तान-पाकिस्तान में जारी तनाव का असर बेगूसराय में भी देखने को मिला। यहां राजस्थान सरकार द्वारा फुटबाल टीम को अचानक से वापस बुला लिए जाने के कारण शुक्रवार की सुबह रिफाइनरी स्टेडियम में होने वाला फुटबाल मैच रद कर दिया गया। आज सुबह में राजस्थान और बिहार की महिला टीम के बीच मैच होना था। खेलो इंडिया के तहत जिले में मैच चल रहा है। अब शाम में मणिपुर और दिल्ली की महिला टीम का मैच होगा। ओलपिक्स. कॉम वेबसाइट के मुताबिक खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025, जो कि भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना का सातवां संस्करण है। यह बिहार और नई दिल्ली के कई शहरों में आयोजित हो रहा है। यह प्रतियोगिता 4 मई से 15 मई तक आयोजित की जा रही है। KIYG 2025 में देश भर से 5,000 से ज्यादा युवा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। ये सभी खिलाड़ी 27 खेलों में मेडल के लिए मुकाबला करेंगे। ईस्पोर्ट्स को भी खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में शामिल किया गया है, लेकिन यह सिर्फ प्रदर्शनी खेल (डेमो स्पोर्ट) के रूप में होगा। बिहार इस बार अधिकतर खेलों की मेजबानी कर रहा है, जो पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय शहर में खेल आयोजित हो रहे हैं। इसके अलावा नई दिल्ली में शूटिंग, जिमनास्टिक और ट्रैक साइकिलिंग के मुकाबले हो रहे हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स एक टीम चैंपियनशिप फॉर्मेट की तरह होता है। व्यक्तिगत खिलाड़ी या टीम द्वारा जीते गए मेडल उनके राज्य या केंद्रशासित प्रदेश की कुल पदक तालिका में जोड़े जाते हैं।


### एम्स दिल्ली से पटना लौटे लालू यादव



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव 36 दिनों के लंबे इलाज के बाद शुक्रवार की देर रात दिल्ली से पटना पहुंचे। दिल्ली एम्स के कार्डियो क्रिटिकल केयर यूनिट में उनका इलाज चल रहा था। पटना पहुँचने पर उनकी बेटी और राज्यसभा सांसद मीसा भारती ने बताया कि लालू प्रसाद यादव की तबीयत अब ठीक है, और धीरे-धीरे वह बेहतर हो जायेंगे। 2 अप्रैल को तबीयत बिगड़ने पर लालू यादव को पटना के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें तुरंत एम्स दिल्ली रेफर किया गया था। पटना एयरपोर्ट पर लालू को व्हीलचेयर पर लाया गया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव और मीसा भारती उनके साथ मौजूद थे। उनके समर्थकों ने ह्ललालू यादव जिंदाबादह्व के खूब नारे लगाए। ऑपरेशन सिंदूर पर पूछने पर लालू प्रसाद यादव ने कहा कि- ह्लहमें हमारी सेना पर गर्व है। हमारी सेना ने जो साहस दिखाया, उस पर पूरे देश को गर्व है। जय हिंद !ह्व उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की हर हरकत का जवाब सेना देना जानती है। वहीं राज्यसभा सांसद मीसा भारती ने कहा कि अब भारत चुप नहीं बैठेगा। मीसा भारती ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए भी लिखा है कि, ह्लऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया है कि भारत अब केवल सहने वाला नहीं, जवाब देने वाला देश बन गया है। पाकिस्तान को अब हरकतों का अंजाम भुगतना होगा। सेना को सलाम।

## नशे में टूटा हैवानियत का बांध

### बच्चों के सामने पत्नी की गला दबाकर हत्या



औरंगाबाद। जिले के पोईवां गांव में एक दर्दनाक घटना हुई। शराब के नशे में धुत एक पति ने अपने दो छोटे बच्चों के सामने ही अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। यह घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पोईवां गांव की है। मरने वाली महिला का नाम गीता कुमारी (उम्र 23 साल) था। वह संतोष कुमार की पत्नी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतका गीता कुमारी के छोटे भाई विकास कुमार मेहता, जो सिमरी धमनी गांव (माली थाना क्षेत्र) के रहने वाले हैं, ने बताया कि उनकी बहन की शादी साल 2020 में संतोष कुमार से हुई थी। शादी बड़े धूमधाम से हुई थी। विकास ने बताया कि कुछ साल बाद संतोष को शराब पीने की लत लग गई। वह अक्सर नशे में घर आता और गीता के साथ मारपीट करता था।गुरुवार को भी वह शराब के नशे में घर आया और किसी बात पर गीता से झगड़ा करने लगा। गुस्से में उसने अपने दोनों बच्चों के सामने ही गीता का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। विकास ने यह भी बताया कि बुधवार की रात उसने गीता को फोन किया था। फोन गीता की बेटी ने उठाया और बताया कि घर में चिकन बन रहा है। जब बहन से बात करने को कहा गया तो बच्ची ने बताया कि मम्मी काम खत्म होने के बाद खुद बात करेंगी। लेकिन रात में गीता का फोन नहीं आया। गुरुवार को मृतका के भाई विकास कुमार को उनके जीजा संतोष कुमार ने फोन कर बताया कि गीता (विकास की बहन) की तबीयत बहुत खराब है। जब विकास अपनी बहन के ससुराल पोईवां गांव पहुंचा, तो देखा कि गीता अपने कमरे में बेड पर मृत पड़ी हुई थी। उसके गले पर निशान भी थे। वहां मौजूद गीता की 3 साल की बेटी और 2 साल का बेटा डरे हुए थे। बच्चों ने बताया कि पापा शराब पीकर घर आए थे, मम्मी से झगड़ा हुआ और फिर पापा ने मम्मी का गला दबा दिया। मम्मी मर गई। इसके बाद विकास ने तुरंत पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही औरंगाबाद मुफ्फसिल थाने के थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा। थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के भाई के बयान पर आरोपी पति संतोष कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने संतोष को गिरफ्तार कर लिया है। घटनास्थल पर एफएसएल (फॉरेंसिक टीम) को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए हैं और मामले की जांच जारी है।

## सांसद बोले, युद्ध की जगह देश को बात करनी चाहिए



**भागलपुर।** पाकिस्तानी आतंकवादियों के कायराना हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जवाबी कार्रवाई तेज कर दी है। पूरे देश में जहां सेना के साहस और कार्रवाई की सराहना हो रही है, वहीं महागठबंधन के सहयोगी दल सीपीआई (माले) के सांसद सुदामा प्रसाद ने सेना की कार्रवाई पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गुरुवार को नवगछिया पहुंचे आरा से सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा, 'हमले क्यों हुए, यह भी देखा जाना चाहिए। युद्ध कोई बढ़िया चीज नहीं है। इससे शांति स्थापित नहीं होती। दोनों देशों को कूटनीतिक तरीके से बात करनी चाहिए। अभी भारत में भी बमबारी हो रही है, हमारे यहां भी लोग मारे जा रहे हैं। बैठकर वार्ता होनी चाहिए और अपनी कमियों को तलाशना चाहिए।'. पूछा गया कि क्या आप ऑपरेशन सिंदूर के विरोध में हैं, तो उन्होंने कहा, हमारे मन में जो है, वही बोलते हैं। भाजपा वाले देशभक्ति का सर्टिफिकेट बांटते हैं, जबकि उनका खुद का कोई इतिहास नहीं है। क्या कभी संघ या भाजपा का कोई आदमी आजादी की लड़ाई में शहीद हुआ? सांसद ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह विरोध की आवाज को दबा रही है और असहमति जताने वालों को जेल में डाल रही है।

## दिशा बैठक में रेलवे अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर भड़के सांसद



**गोपालगंज ।** जिला समाहरणालय सभागार में गुरुवार देर शाम को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। यह बैठक सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान बैठक में रेलवे के डीआरएम और एडीआरएम, बाराणसी मंडल की अनुपस्थिति पर सांसद ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी केंद्र सरकार को दी जाएगी। बैठक के दौरान सांसद ने जानकारी दी कि जिले में 12 स्थानों पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है। इससे आवागमन में सुविधा बढ़ेगी और ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। सांसद ने बताया कि काकड़ कुंड भोजपुरवा के बीच 4.63 एकड़ भूमि केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए चिन्हित कर ली गई है और इसका प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। बैठक में सदस्य वीरेंद्र नारायण यादव ने विद्यालयों में शिक्षकों की प्रोन्नति, वेतन और पेंशन भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही बुनियादी सुविधाओं की समेकित जांच कराने की बात कही। एनएचएआई के परियोजना निदेशक ने बताया कि डुमरिया घाट पुल को अब स्टील स्ट्रक्चर में दोबारा बनाने की योजना पर कार्य चल रहा है। विभागीय बैठक में इसपर निर्णय लिया जा चुका है। सांसद ने एनएच 27 की खराब सर्विस रोड, अंडरपास और गड्ढों (पोटहोल्स) की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए त्वरित मरम्मत के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सड़क पर लाइटिंग और रोड एंबुलेंस सेवा की व्यवस्था लगातार बनाए रखने को भी कहा। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त अनुपालन रिपोर्टों की समीक्षा की गई और कई अन्य विकासात्मक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

## एयरपोर्ट पर सुरक्षा चौकस, जवानों की छुट्टी रद्द

### विमान यात्रियों का हैंड बैगेज दो बार चेक होगा, विजिटर्स पास पर 18 मई तक रोक



पटना। एयरपोर्ट पर सुरक्षा और सख्त कर दी गई है। शुक्रवार से यात्रियों का हैंड बैगेज दो बार चेक होगा। पहली बार सीआईएसएफ पहले की तरह करेगा, दूसरी बार विमान में सवार होने से पहले। लगेज पहले की तरह चेक होगा। शुक्रवार से विजिटर्स पास निर्गत नहीं होगा। यह 18 मई तक लागू रहेगा। वहीं सीआईएसएफ जवानों की छुट्टी रद्द कर दी गई है। छुट्टी पर गए जवानों को 24 घंटे में ज्वाइन करने को कहा गया है। पटना एयरपोर्ट पर किसी अनहोनी की आशंका को देख वहां की सुरक्षा चौकस कर दी गई है। दिन-रात सीआईएसएफ के जवान वाच टावर से लेकर बाउंड्री के चारों ओर गश्त कर रहे हैं। हर 30 मिनट पर डॉग स्क्वॉयड से एयरपोर्ट के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली जा रही है। बम निरोधी दस्ते से भी जांच शुरू हो गई है। सीसीटीवी से भी यात्रियों और उनके सामानों की निगहबानी तेज कर दी गई है। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, यात्रियों के सामान की गहन जांच की जा रही है। अगर किसी को भी एयरपोर्ट या इसके आसपास कोई संदिग्ध दिखे फौरन स्थानीय पुलिस और एयरपोर्ट प्रशासन को सूचना दे। पटना एयरपोर्ट पर आतंकी हमला, 5 यात्रियों को बंधक बनाया पटना एयरपोर्ट पर आतंकी हमला हुआ है। हथियार से लैस आतंकियों ने 5 यात्रियों को बंधक बना लिया है।

एयरपोर्ट और सीआईएसएफ की ओर से मैसेज फ्लैश किया गया। एयरपोर्ट पर आतंकियों के हमले से निपटने के लिए नए टर्मिनल भवन पर शाम चार बजे से साढ़े पांच बजे तक मॉक ड्रिल किया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों होटलों में देर रात तक जांच अभियान चला। कोतवाली, गांधी मैदान, कंकड़बाग, पत्रकार नगर, जक्कनपुर सहित अन्य थाने की पुलिस ने अपने अपने इलाके के होटलों में जांच अभियान चलाया गया। वहां ठहरे लोगों के बारे में जानकारी ली गई। होटल प्रबंधकों को निर्देश दिया गया कि हर ठहरने वालों की पूरी जानकारी रखी जाए। जिले के सीमा पर भी सख्त जांच के आदेश दिए गए हैं। सीमाओं पर अतिरिक्त बलों को तैनात किए गए हैं। वाहनों की जांच की जा रही है। लोगों से उनका नाम पता भी पूछा जा रहा है। जिले की सुरक्षा व्यवस्था चौकस कर दी गई है। होटलों की भी जांच की जा रही है। शहर के धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों और पार्कों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। तख्तमंदिर साहिब, गुरुद्वारा हांडी साहेब, मनेर शरीफ, महावीर मंदिर, जू, बुद्ध स्मृति पार्क, तारा मंडल, गोलघर, सभ्यता द्वार, कुम्हरार पार्क, पादरी की हवेली, इको पार्क, श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र सहित अन्य छोटे बड़े पार्कों में पुलिस अधिकारी और जवानों की तैनाती की गई है। जवानों को निर्देश दिया गया है कि वे समय समय पर इन जगहों की जांच करें और संदिग्धों पर नजर रखें। एसएसपी ने सभी एसपी, एएसपी और डीएसपी को भी इन जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहने को कहा है। एसएसपी अवकाश कुमार ने कहा कि शहर में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है।






ऑपरेशन सिंदूर ने देशभर में भरा जोश,

# कंगना से लेकर अक्षय तक बोले- जय हिंद

भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों के नौ ठिकानों पर स्ट्राइक की है। भारत ने बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे ऑपरेशन सिंदूर के तहत इन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। अब तक कई बॉलीवुड कलाकारों ने इस ऑपरेशन पर अपना रिएक्शन दिया है... भारत ने 15 दिन पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है। बीती रात भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एयर स्ट्राइक करते हुए नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। भारतीय सशस्त्र बलों ने इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया है। अब इस ऑपरेशन पर कई बॉलीवुड कलाकार भी अपना रिएक्शन दे रहे हैं। इनमें अनुपम खेर से लेकर विनीत कुमार सिंह जैसे सितारों के नाम शामिल हैं। बुधवार सुबह रितेश देशमुख, निमरत कौर और विनीत कुमार सिंह और अनुपम खेर जैसे एक्टर्स और डायरेक्टर मधुर भंडारकर ने सोशल मीडिया पर इंडियन आर्मी की तारीफ की है। अभिनेता रितेश देशमुख ने इस कार्रवाई के बाद एक्स पर खुशी जाहिर करते हुए लिखा, जय हिंद की सेना... भारत माता की जय। साथ ही, उन्होंने एक तस्वीर भी साझा की है, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर लिखा नजर आ रहा है।

# येलो कलर की ड्रेस में पलक तिवारी का अनोखा अंदाज

**श्वेता** तिवारी की बेटी और अभिनेत्री पलक तिवारी इन दिनों चर्चा में हैं। वह फिल्मों के अलावा अपने फैशनेबल अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया है, जिसमें उनका स्वैग अलग ही नजर आ रहा हैं। फैंस उनकी इस फोटो को बेहद पसंद कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में पलक येलो कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। उन्होंने फुल स्लीव्स शर्ट और मिनी स्कर्ट पहनी हुई है। शर्ट के साथ उन्होंने टाई भी पहनी हुई है। बालों को ब्लाउंस देते हुए खुला छोड़ा है और पैरों में ब्लैक हील्स नजर आ रही है। ऑवरऑल उनका लुक बेहद शानदार लग रहा है। उन्होंने इस पोस्ट के साथ कैप्शन में फनी इमोजी भी शेयर किए। उनकी हाल ही में फिल्म द भूतनी रिलीज हुई। इसमें उन्होंने संजय दत्त, मौनी रॉय और सनी सिंह के साथ काम किया। सिद्धांत सचदेवा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में मौनी ने एक चुड़ैल का किरदार निभाया है। द भूतनी को सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स ने प्रस्तुत किया है, जिसे सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले दीपक मुकुट, संजय दत्त, हुनर मुकुट और मान्यता दत्त ने प्रोड्यूस किया है। पलक तिवारी की पहली फिल्म किसी का भाई किसी की जान थी। इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म का निर्देशन फरहाद सामजी ने किया था। यह फिल्म 2014 की तमिल फिल्म वीरम की रीमेक है, जिसमें उनके साथ सलमान खान, पूजा हेगड़े, वेंकटेश, शहनाज गिल, जगपति बाबू, जस्सी गिल, सिद्धार्थ निगम, मालविका शर्मा और राघव जुयाल समेत अन्य सितारे हैं। इसके अलावा, वह हार्डी संधू के हिट म्यूजिक वीडियो बिजली बिजली में भी नजर आईं। पलक जल्द ही फिल्म रोमियो एस3 में दिखाई देंगी। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार ठाकुर अनूप सिंह के साथ नजर आएगी। फिल्म में अनूप पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। वह डबल रोल में दिखेंगे। वहीं, एक्ट्रेस उनकी प्रेमिका बनी हैं।



## 'ऑपरेशन सिंदूर' के बीच मनोज मुंतशिर ने पाकिस्तान से कहा- 'औकात में रहो'

पाकिस्तान पर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को सलाम करते हुए गीतकार-लेखक मनोज मुंतशिर ने पाकिस्तान को खूब खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक क्लिप शेयर करते हुए कहा कि कुल चार युद्ध हुए और पाक हमसे कभी जीत नहीं सका, तो मैं कह सकता हूं कि उन्हें औकात में रहना चाहिए। इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो क्लिप शेयर करते हुए मनोज मुंतशिर ने लिखा, औकात में रहो। वहीं, वीडियो में वह कहते नजर आए, मैं एक बात सोचता हूं कि पाकिस्तान ने पूरे इतिहास में हमसे कुल चार युद्ध लड़े और चारों हमसे हार गए। तो वो जो मेडल लटकाए चलते हैं, वो क्या कैंडी क्रश गेम खेलकर जीते हैं? आटा मांगने के लिए लाइन लगाते हैं, लेकिन चाहिए उन्हें कश्मीर। पड़ोसी मुल्क पर तंज कसते हुए मुंतशिर ने उन्हें सलाह भी दे दी। उन्होंने आगे कहा, मैं उन्हें एक मशवरा दे देता हूं कि इस दुनिया में रहने के लिए एक से बढ़कर एक जगह हैं, लेकिन अच्छा ये है कि औकात में रहो। इससे पहले मनोज मुंतशिर ने ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर शेयर करते हुए भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया। उन्होंने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, जय हिंद, जय हिंद की सेना। देश के मुद्दों को लेकर मुखर रहने वाले मनोज मुंतशिर ने 25 अप्रैल को एक पोस्ट शेयर कर पहलगाम हमले को लेकर देशवासियों से मार्मिक अपील की थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो जारी करके उन्होंने लोगों से इस घटना को न भूलने की अपील की थी।

# मेट गाला में रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। एक्ट्रेस की ये गुड न्यूज जानकर उनके फैंस बेहद खुश है और सोशल मीडिया पर अब चारों ओर अब रिहाना के ही चर्चे हो रहे हैं। 37 साल की रिहाना का यह तीसरा बच्चा है।

### तीसरे बच्चे की मां बनने वाली हैं रिहाना

सिंगर रिहाना ने न्यूयॉर्क में मेट गाला के रेड कार्पेट पर पुष्टि की कि वह अपने तीसरे बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। रिहाना, जिनका असली नाम रोबिन फेंटी है, ने गहरे नीले फूलों से सजी ड्रेस में अपने पेट को सहलाते हुए मुस्कुराईं। उनके साथी रैपर,क्ररॉकी, जिनका असली नाम रकीम मेयर्स है, ने भी खुशी जताई और बधाई देने वालों का धन्यवाद किया। इस जोड़े के पहले से दो बेटे हैं–आर.जेड.ए. (जन्म मई 2022) और रायट (जन्म अगस्त 2023)।एक खबर के मुताबिक, रिहाना ने कहा, अब समय आ गया है कि लोगों को दिखाया जाए कि हम क्या तैयार कर रहे हैं। रॉकी ने कहा, हम बहुत खुश हैं और सबके प्यार के लिए आभारी है।



# कश्मीरी मुस्लिम होने पर हुआ अली गोनी के साथ भेदभाव

● एक्टर बोले- 50 बिल्डिंग्स गिनवा दूंगा, जिन्होंने बोला कि हम मुस्लिमों को घर नहीं देते



टीवी एक्टर अली गोनी ने कई बार ये जिक्र किया है कि कश्मीरी और मुस्लिम होने पर उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ चुका है। हाल ही में एक पॉडकास्ट में अली ने बताया है कि जब वो गर्लफ्रेंड जैस्मिन भसीन के साथ मुंबई में घर ढूंढ रहे थे, तब कई लोगों ने ये कहते हुए घर देने से इनकार कर दिया कि वो मुस्लिमों को घर नहीं देते। अली गोनी हाल ही में इनकंट्रोवर्शियल पॉडकास्ट में पहुंचे थे। यहां उनसे पूछा गया कि कश्मीरी होने पर उन्हें कैसे भेदभाव का सामना करना पड़ा। इस पर एक्टर ने कहा, इंडस्ट्री में तो कभी ये नहीं हुआ, लेकिन घर ढूंढने में मेरे साथ भेदभाव हुआ। बहुत ज्यादा, आज भी होता है। अभी भी मैं और जैस्मिन घर ढूंढ रहे थे, तो मैं आपको 50 बिल्डिंग्स गिनवा दूंगा, जिन्होंने बोला कि हम मुस्लिमों को घर नहीं देते। आगे अली ने कहा है, मैंने देखा है कि जितने मना करने वाले थे, वो बूढ़े ही थे। या 50-60 के थे। ज्यादा से ज्यादा 5-10 साल जीने वाले हैं वो। उसके बाद या जलकर राख हो जाएंगे या कब्र में दफन हो जाएंगे। तो क्या करेंगे उस बिल्डिंग का। अली गोनी ही नहीं कई सेलेब्स ने भी मुंबई में घर न मिलने की शिकायत की है। कुछ समय पहले ही उर्फी जावेद ने ये मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा है कि कुछ ने उन्हें मुस्लिम होने पर घर देने से इनकार कर दिया, तो किसी को उनके काम से आपत्ति थी। उनके अलावा बिग बॉस 18 का हिस्सा रहीं यामिनी मल्होत्रा भी बता चुकी हैं कि उन्हें मुंबई में घर ढूंढने में दिक्कत हो रही है। वो जहां जाती हैं, वहां उनसे धर्म पूछा जाता है। इसके बाद भी अगर कोई घर देने को राजी हो जाए तो ये सुनकर इनकार कर देता है कि वो एक्ट्रेस हैं। इनके अलावा एक्ट्रेस चारू असोपा, आकांक्षा जुनेजा, बिग बॉस फेम शहजादी और शिरीन मिर्जा ने भी इस तरह की परेशानी का सामने करने का जिक्र किया था।



निशात रेप केस पर फूटा हिना खान गुस्सा कहा-

# राक्षस हर धर्म, समुदाय में मौके की तलाश में हैं, शराब को इसके लिए जिम्मेदार न ठहराएं

श्रीनगर के निशात इलाके में हाल ही में एक महिला पर 4 शराबियों ने हमला किया और फिर रेप कर उसकी हत्या कर दी। मामला सामने आने के बाद देशभर में आक्रोश है, हालांकि एक हिस्सा ऐसा भी है जो शराब को इस हत्या और रेप के लिए जिम्मेदार ठहरा रहा है। इस मामले पर अब हिना खान ने शराब को दोषी ठहराने वालों को करारा जवाब दिया है। एक्ट्रेस का कहना है कि राक्षस हर धर्म और समुदाय में हैं, जो मौके की तलाश में रहते हैं, ऐसे में सिर्फ शराब को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराना चाहिए। हिना खान ने ऑफिशियल क्र प्लेटफॉर्म में लंबी-चौड़ी पोस्ट शेयर कर लिखा है, क्या कोई इन बेवकूफों को रेप और शारीरिक शोषण में फर्क बताएगा। रेप, रेप है और मर्डर, मर्डर है। शारीरिक शोषण को अलग-अलग बताया जा सकता है, लेकिन ये रेप सिर्फ एक संकेत है। इसका मतलब सिर्फ इतना है कि अपराधी ऐसा कर नहीं सका, न कि ये कि अपराधी ने ऐसा नहीं किया। एक रेपिस्ट खुद के अलावा हर किसी को दोषी ठहराता है। उस अपराधी की तरह व्यवहार न करें। अपराधी को मुफ्त में भागने का कार्ड देने के लिए शराब का इस्तेमाल न करें। रेप को ठीक मत ठहराइए। यौन उत्पीड़न को भी ठीक मत ठहराइए। धर्म, समुदाय, भूगोल या पहनावे के नाम पर नहीं। आगे हिना खान ने लिखा है, ये राक्षस हर जगह, हर समुदाय, हर धर्म में मौजूद हैं। अवसर की तलाश में। शराब कई चीजों का कारण बनती है, लेकिन ये एक अच्छे आदमी को बलात्कारी नहीं बनाती।

# एक हफ्ते के लिए ही आईपीएल स्थगित, जल्द आयेगा नया शेड्यूल: राजीव शुक्ला

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टूर्नामेंट अनिश्चित काल के लिए स्थगित नहीं हुआ है। केवल एक सप्ताह के लिए ही स्थगित किया गया है। शुक्ला ने कहा है कि नये शेड्यूल की घोषणा शीघ्र ही होगी। वहीं इससे पहले कहा गया था कि आईपील मुकाबले अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिये गये हैं जिसपर अब बोर्ड की ओर से जवाब आया है। गत दिवस गुरुवार को दिल्ली और पंजाब मैच बीच में ही रद्द करने के बाद से ही टूर्नोमेंट के आगे आयोजन पर भी संशय जताया जा रहा था। आईपीएल का ये 18 वां सत्र अपने अंतिम पड़वा पर था और फाइनल के साथ ही केवल 16 मैच बचे थे। इसमें लीग चरण के 12 मैच शामिल थे। ये पहली बार नहीं हुआ है कि जब आईपीएल का कोई सत्र बीच में ही स्थगित हुआ है था। इससे पहले 2021 में कोरोना महामारी के कारण सत्र रोका गया था।

बीसीसीआई ने शुक्रवार को आईपीएल को स्थगित करने की घोष्णा की। आईपीएल को स्थगित करने का फैसला पाकिस्तान के साथ तनाव और युद्ध के हालात को देखते हुए लिया गया है। इसी कारण गुरुवार को धर्मशाला में चल रहे पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच को बीच में ही रोक दिया गया था। बाद में मैच को रद्द कर दिया गया और सभी खिलाड़ियों, सहायेगी स्टाफ और दर्शकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। तभी से आईपीएल के मौजूदा सीजन पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे थे।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि सभी स्टेकहोल्डर्स से चर्चा के बाद टूर्नामेंट के लिए जल्द ही नया शेड्यूल घोषित होगा। हमें भारतीय सेना पर गर्व है। बीसीसीआई अपने सुरक्षा बलों और सरकार के साथ खड़ी है।'

एक दिन पहले जब धर्मशाला में आईपीएल मैच चल रहा था, उसी वक्त पाकिस्तान ने देश के कई शहरों में मिसाइलों और ड्रोन से हमले किये थे हालांकि भारतीय रक्षा प्रणाली ने उन सभी को ध्वस्त कर दिया था। पाक के सभी ड्रोन और मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया था।



# यशस्वी जायसवाल का यू-टर्न, पत्र लिखकर फिर से मुंबई के लिए खेलने की अनुमति मांगी



**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) से अनुरोध किया है कि उन्हें घरेलू दिग्गजों के साथ बने रहने की अनुमति दी जाए। उनका यह फैसला गोवा में जाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) मांगने के एक महीने बाद आया है।

अप्रैल में जायसवाल ने गोवा में जाने के लिए एमसीए को पत्र लिखकर सभी को चौंका दिया था। अपनी ओर से स्त्र ने भी जायसवाल के अनुरोध को तुरंत मंजूरी दे दी थी। जायसवाल द्वारा स्त्र को लिखा गया ईमेल है जिसमें उन्होंने कहा है कि वह अगले घरेलू सत्र में मुंबई का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध हैं। जायसवाल ने लिखा, 'मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि मुझे दिए गए NOC को वापस लेने के मेरे अनुरोध पर विचार करें क्योंकि गोवा में जाने की मेरी कुछ पारिवारिक योजनाएं थीं, जिन्हें फिलहाल रोक दिया गया है!'

उन्होंने कहा, 'इसलिए मैं ईमानदारी से MCA से अनुरोध करता हूं कि मुझे इस सत्र में मुंबई के लिए खेलने की अनुमति दी जाए! मैंने बीसीसीआई या गोवा क्रिकेट एसोसिएशन को NOC नहीं सौंपी है!।' जायसवाल उत्तर प्रदेश के भदोही से मुंबई चले गए और पिछले कुछ वर्षों में भारत के लिए सभी प्रारूपों में पदार्पण करने के लिए रैंक के माध्यम से आगे बढ़े, ऐसा भी माना जाता था कि कप्तान बनने की संभावना के कारण वे मुंबई से गोवा चले गए थे। व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर ने शायद 23 वर्षीय जायसवाल को गोवा के साथ बिताने के लिए बहुत समय नहीं दिया होगा, लेकिन उनका कप्तान बनने से उन्हें प्रमुख नेतृत्व भूमिकाओं में कुछ अनुभव प्राप्त होगा। गोवा क्रिकेट संघ के सचिव शंबा देसाई ने पहले पुष्टि की थी कि जायसवाल उनके कप्तान होंगे और गोवा टीम को 2025-26 सीजन से पहले प्लेट डिवीजन से एलीट में अपग्रेड किया जाएगा।

# आईपीएल के बाद टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड जाएगी भारतीय टीम



**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र समाप्त होने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम जून में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। इस सीरीज से 2025-26 सत्र के लिए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरुआत होगी। ऐसे में ये सीरीज दोनो ही टीमों के लिए अहम रहेगी। रोहित शर्मा के टेस्ट प्रारुप से संन्यास की घोषणा किये जाने के कारण इस सीरीज के लिए नये भारतीय कप्तान की घोषणा अभी होनी है। इस सीरीज के लिए टीम की घोषणा इसी माह के अंत तक होने की संभावनएं हैं। टीम में श्रेयस अय्यर के अलावा आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे साई सुदर्शन को भी अवसर मिलने की संभावनाएं हैं।

भारतीय टीम को इससे पहले न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में भारतीय टीम इस सीरीज में जीत के साथ ही एक बार फिर लय हासिल करना चाहेगी।

संभावित टीम- जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, आकाश दीप, मुकेश कुमार

**सीरीज का कार्यक्रम**

भारत बनाम इंग्लैंड दूसरा टेस्ट: 02 से 6 जुलाई

भारत बनाम इंग्लैंड तीसरा टेस्ट: 10 से 14 जुलाई

भारत बनाम इंग्लैंड चौथा टेस्ट: 23 से 27 जुलाई

भारत बनाम इंग्लैंड पांचवां टेस्ट: 31 जुलाई से 4 अगस्त

# भारत और श्रीलंका के बीच होगा ट्राई सीरीज फाइनल, तारीख आई सामने

**कोलंबो (एजेंसी)।** एनेरी डेरक्सन के पहले वनडे शतक और क्लोई ट्रायन के हरफनमौला प्रदर्शन (74 और 5-34, जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल है) की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को यहां आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मेजबान श्रीलंका को 76 रन से हराकर महिला वनडे त्रिकोणीय सीरीज से अपना विदाई मैच जीत लिया।

श्रीलंका द्वारा पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर दक्षिण अफ्रीका की टीम एक समय 29 ओवर में 127/6 रन ही बना पाई थी तभी एनेरी ने 84 गेंदों पर 9 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 104 रनों की शानदार पारी खेली और मैच का रुख दक्षिण अफ्रीका के पक्ष में मोड़ दिया। क्लो ने 51 गेंदों पर 74 रन बनाए, जिसमें चार चौके और पांच छक्के शामिल थे। बाद में नादिन डी क्लार्क ने 19 गेंदों पर तेजी से 32 रन बनाए, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका 50 ओवरों में 315/9 के विशाल स्कोर पर पहुंच गया। श्रीलंका के लिए, ऑफ स्पिनर देवमी विहंगा उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे, जिन्होंने नौ ओवरों में करियर का सर्वश्रेष्ठ 5-43 रन बनाए। कप्तान चमारी अथापथु ने दो विकेट चटकाए।



लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की शुरुआत से ही जीत की उम्मीद नहीं थी। सलामी बल्लेबाज हसिनी परेरा और विशमी गुणरत्ने ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े, लेकिन क्लो ने उन्हें आउट कर दिया। चमारी और हर्षिता समाविक्रमा ने तीसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की, जिसके बाद हर्षिता शेषनी नायडू की पहली वनडे विकेट बनीं। हालांकि चमारी ने अपना 17वां वनडे अर्धशतक लगाया, लेकिन अयाबोंगा खाका द्वारा आउट होने के बाद खेल लगभग दक्षिण अफ्रीका के पक्ष में हो गया, जिसका अंत क्लो ने हैट्रिक लेकर किया और वनडे में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। आखिरकार, श्रीलंका की टीम 42.5 ओवर में 239 रन पर आउट हो गई और हार के बावजूद, वे रविवार को उसी स्थान पर त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में भारत से भिड़ेंगी।

# भारतीय टीम के एशिया कप में भाग लेने की संभावना नहीं

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के इस साल अगस्त में बांग्लादेश और सितंबर में एशिया कप में भाग लेने की संभावना नहीं है। माना जा रहा है कि बीसीसीआई इस समय में आईपीएल के बचे हुए मैचों को पूरा कर सकता है। बीसीसीआई अभी एक ऐसी विंडो पर काम कर रहा है, जिससे वे आईपीएल 2025 के शेष 17 मैचों का आयोजन कर सकें, जिसमें दो क्वालीफायर, एक एलिमिनेटर और फाइनल शामिल हैं। वहीं भारत को जून के पहले सप्ताह में पांच मैचों के टेस्ट दौरे के लिए इंग्लैंड जाना है। ऐसे में बीसीसीआई के लिए अगस्त-सितंबर का समय टूर्नामेंट को पूरा करने का एकमात्र अवसर हो सकता है। भले ही आईपीएल भारत के बांग्लादेश दौरे और एशिया कप से पहले पूरा हो जाए, लेकिन यह पूरी तरह से संभव नहीं है। धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मैच के बाद बोर्ड अब यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ सदस्य सुरक्षित रहें और किसी तरह से परेशान न हों। पाकिस्तान के साथ जारी संघर्ष के कारण लग अब एक सप्ताह के लिए स्थागत कर दी गयी है।




# आईपीएल 2025 निलंबित: टिकट खरीदने वालों को राहत, जल्द वापस मिलेंगे पैसे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए निलंबित करने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स ने पुष्टि की है कि वे कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपने-अपने घरेलू मैचों के लिए टिकट वापसी की प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए बीसीसीआई ने आईपीएल को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला लिया है।

सातवें स्थान पर काबिज स्त्र को शुक्रवार शाम को लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले मैच में दूसरे स्थान पर काबिज RCB की मेजबानी करनी थी जबकि आठवें स्थान पर काबिज SRH को शनिवार को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में छठे स्थान पर काबिज KKR की मेजबानी करनी थी। लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पार तनाव के कारण टूर्नामेंट के सात दिनों के निलंबन के कारण दोनों मुकाबले तय समय पर नहीं होंगे।

SRH ने अपने 'X' अकाउंट पर लिखा, 'मौजूदा स्थिति को देखते हुए IPL2025 को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। टिकट वापसी की जानकारी जल्द ही दी जाएगी।' दूसरी ओर LSG ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'आज रात इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होने वाला मैच रद्द कर दिया गया है। टिकट वापसी के बारे में विवरण बाद में दिया जाएगा।'

गुरुवार रात को सीमा पार तनाव बढ़ने के बाद IPL 2025 को एक सप्ताह के लिए रोकने का फैसला किया गया जिसके कारण जम्मू, उधमपुर और पठानकोट में ब्लैकआउट हो गया क्योंकि पाकिस्तान की तरफ से हवाई और ड्रोन हमले किए गए। हालांकि भारत ने इसका जवाब दिया और सभी हवाई हमलों को निष्क्रिय कर दिया। इसके कारण पठानकोट से लगभग 80 किलोमीटर दूर धर्मशाला के HPCA स्टेडियम में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच को पहली पारी के सिर्फ 10.1 ओवर पूरे होने के बाद रद्द कर दिया गया।

# पंजाब किंग्स में आने से बेहतर हुआ: अर्शदीप

नई दिल्ली। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने आईपीएल के इस सत्र में पंजाब की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया है। अर्शदीप ने कहा है कि इस टीम में आने के बाद से ही उनमें काफी बदलाव आया है जिसके कारण ही वह पहले से बेहतर खिलाड़ी बन सके हैं। अर्शदीप ने कहा कि फ्रेंचाइजी में एक साल होने के बाद से ही उन्हें अहम भूमिका भी मिलने लगी जिससे वह अधिक जिम्मेदारी से अपना काम कर पाते हैं। वह साल 2019 से ही पंजाब किंग्स से खेल रहे हैं। अर्शदीप ने कहा, जब से मैं पंजाब किंग्स में आया हूं, पहले साल को छोड़कर, मुझे अपनी भूमिका में वरिष्ठता महसूस होने लगी है। मैं पिछले सात सालों से इस टीम से जुड़ा हुआ हूं और टीम के साथ अपना पहला साल बिताने के बाद मुझे लगने लगा कि मुझे टीम में बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। इससे मुझे एक खिलाड़ी और बेहतर इंसान के रूप में विकसित होने में भी सहायता मिली। अर्शदीप का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन आईपीएल सीजन 2021 में आया जब उन्होंने 12 मैचों में 18 विकेट लिए। वहीं उन्होंने 2022 में 10 विकेट लिए थे। अर्शदीप ने कहा कि इस लीग में खेलने से उन्हें पता चला कि अधिक दबाव वाले मैचों में किस प्रकार से खेला जाता है। इसके साथ ही उनका रुख भी खेल को लेकर गंभीर को गया क्योंकि कठिन हालातों में अगर रुख गंभीर नहीं होगा तो उसका नुकसान टीम को हो सकता है।




# पीसीबी की योजना पर फिर सकता है पानी, पीएसएल मैचों की मेजबानी का अनुरोध खारिज कर सकता है यूएई

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैच संयुक्त अरब अमीरात में कराने की PCB की योजना धरी रह सकती है क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव को देखते हुए अमीरात क्रिकेट बोर्ड द्वारा इसे मंजूर करने की संभावना कम ही है।

अमीरात क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने संकेत दिया है कि बोर्ड पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के ऐसे किसी भी अनुरोध को खारिज कर सकता है। पीसीबी पहले ही ऐलान कर चुका है कि PSK UAE में होगा। सूत्र ने इसके लिए सुरक्षा कारणों का हवाला दिया है। समझा जाता है कि हालिया घटनाक्रम के मद्देनजर अमीरात क्रिकेट बोर्ड यह संकेत नहीं देना चाहता कि वह पीसीबी का मददगार है और पीएसएल की मेजबानी से ऐसा ही संकेत जाएगा।

सूत्र ने कहा, 'अमीरात क्रिकेट बोर्ड के हाल ही के कुछ वर्षों में BCCI से मजबूत रिश्ते रहे हैं। इसने टी20 विश्व कप 2021 और चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान भारत के मैचों के अलावा आईपीएल की भी मेजबानी की है।' दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का मुख्यालय भी है जिसके अध्यक्ष बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह हैं। सूत्र ने कहा, 'यूएई में काफी तादाद में दक्षिण एशियाई हैं जिन्हें क्रिकेट काफी पसंद है। इतने तनाव के बीच PSL की मेजबानी करने से समरसता बिगड़ सकती है, सुरक्षा को लेकर खतरा हो सकता है और दोनों समुदायों के बीच अनावश्यक तनाव हो सकता है।'




पीसीबी ने सुबह ही कहा था कि PSL के बाकी 8 मैच यूएई में होंगे जो रावलपिंडी, मुल्तान और लाहौर में होने थे। पहलगाम में 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले की जवाबी कार्रवाई में भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए थे। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें अधिकांश पर्यटक थे।

# प्रभसिमरन ने हासिल की अहम उपलब्धि



चंडीगढ़। पंजाब किंग्स के युवा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह का प्रदर्शन आईपीएल के इस 18 वें सत्र में काफी अच्छा रहा है। प्रभसिमरन ने इस बार एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। प्रभसिमरन ने अपनी टीम की ओर से सबसे अधिक चार अर्धशतक लगाये हैं। इससे पहले यह कारनामा डेविड मिलर ने साल (2013), ग्लेन मैक्सवेल ने साल (2014), क्रिस गेल ने साल (2018) और केएल राहुल ने साल (2018, 2019, 2020) सत्र में किया था। अब इन खिलाड़ियों ने लगातार 3-3 बार 50 से अधिक रन बनाये थे। प्रभसिमरन की इस शानदार उपलब्धि ने उनकी प्रतिभा का अंदाजा होता है। प्रभसिमरन पंजाब की ओर से सलामी बल्लेबाज के तौर लगातार चार पारियों में अर्धशतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। इस प्रकार उन्होंने क्रिस गेल और केएल राहुल को भी पीछे छोड़ा है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पंजाब जब 10.1 ओवर में 119 रन बना चुकी थी तभी पाक से तनाव के बीच ही सुरक्षा कारणों से मैच रोक दिया गया था। प्रभसिमरन ने दिल्ली के खिलाफ मुकाबले में नाबाद 50 रन बनाए और 12 मैचों में 487 रन पूरे कर लिए। इसी के साथ वह ऑरेंज कैप की रेस में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑरेंज कैप की सूची में सूर्यकुमार यादव 510 रनों के साथ ही पहले स्थान पर हैं।

# खिलाड़ियों को घर भेजने के प्रयास में लगी बीसीसीआई

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आईपीएल के एक सप्ताह तक लिए स्थगित होने के बाद भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों को घर भेजने के बारे में सलाह कर रहा है। फ्रेंचाइजी अब विदेश मंत्रालय की ब्रीफिंग के बाद आगे की सलाह का इंतजार कर रही हैं कि वे भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टाफ और अन्य क्रू सदस्यों को अपने-अपने घरों को वापस कैसे भेज सकती हैं। पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को देखते हुए धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच एचपीसीए स्टेडियम में मैच पहली पारी के आधे समय के बाद रद्द कर दिया गया था। धर्मशाला और अन्य उत्तर भारतीय शहरों में हवाई अड्डे बंद होने के कारण, दोनों टीमों के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के साथ-साथ मैच अधिकारियों, कमेंटेटरों, प्रसारण दल के सदस्यों और आईपीएल से जुड़े अन्य प्रमुख कर्मियों को शुक्रवार सुबह टूर्नामेंट द्वारा एक विशेष ट्रेन से धर्मशाला से निकाला गया और उनके नई दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। वहीं अनुमान है कि आईपीएल में भाग लेने वाला विदेशी खिलाड़ियों को भी शनिवार को वापस भेजने के प्रयास किये जाएंगे।

# पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच खिलाड़ियों ने भारतीय सशस्त्र बलों का किया समर्थन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधू, रोहित शर्मा, विराट कोहली, वीरेंद्र सहवाग सहित भारत की शीर्ष खेल हस्तियों ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे के खिलाफ देश की सैन्य कार्रवाई के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और उन्हें 'भारत की आत्मा' करार दिया। भारत ने जम्मू और पठानकोट सहित अपने सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को गुरुवार रात को तुरंत विफल कर दिया था।

रोहित ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'हर गुजरते पल के साथ, हर फैसले के साथ मुझे हमारी भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना पर बेहद गर्व महसूस होता है। हमारे योद्धा हमारे देश के गौरव के लिए खड़े हैं। प्रत्येक भारतीय के लिए जिम्मेदार होना और किसी भी फर्जी खबर को फैलाने या उस पर विश्वास करने से बचना महत्वपूर्ण है। सभी सुरक्षित रहें। ऑपरेशन सिंदूर, जय हिंद।'

विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'हम इस कठिन समय में हमारे देश की रक्षा करने के लिए अपने सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उन्हें सलाम करते हैं। हम अपने नायकों की अटूट बहादुरी के लिए हमेशा उनके ऋणी रहेंगे और हमारे महान राष्ट्र के लिए उनके और उनके परिवारों द्वारा किए गए बलिदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।'

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, 'हमें अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व है जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश के लिए लड़ रहे हैं। आइए अपनी भूमिका निभाएं और इस दौरान सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देशों का पालन करें।'

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधू ने पोस्ट किया, 'भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए - आपका साहस, अनुशासन और बलिदान हमारे राष्ट्र की आत्मा है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे क्षणों में, हमें उस मौन शक्ति और निस्वार्थ सेवा की याद आती है जो हमारे तिरंगे को ऊंचा रखती है। भारत आपके साथ खड़ा है। जय हिंद।'

धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मैच सुरक्षा कारणों से बीच में रोककर रद्द करना पड़ा था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसके बाद आईपीएल को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।

पूर्व सलामी बल्लेबाज सहवाग ने मौजूदा हालात के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है। सहवाग ने एक्स पर पोस्ट किया, 'पाकिस्तान ने युद्ध का विकल्प तब चुना है जब उनके पास चुप रहने का मौका था। वे अपनी आतंकवादी संपत्तियों को बचाने के लिए आगे बढ़े हैं, उनके बारे में इतना कुछ बोलते हैं। हमारी सेनाएं सबसे उचित तरीके से जवाब देंगी, जिसे पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा।'

शिखर धवन ने भी भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। धवन ने ट्वीट किया, 'हमारी सीमाओं की इतनी मजबूती से रक्षा करने और जम्मू पर ड्रोन हमले [illegible] रोकने के लिए हमारे बहादुर दिलों को सम्मान। भा[illegible] मजबूत है। जय हिंद।' भारतीय सशस्त्र बलों ने बुध[illegible] तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्[illegible] कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हम[illegible] किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद [illegible] मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के ठिकाने भी शामिल थे[illegible]

विश्व कप विजेता पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रि[illegible] श्रीकांत ने कहा, 'हमारे दिल और प्रार्थनाएं सीमा पर ख[illegible] हमारे सैनिकों के लिए हैं। अब समय आ गया है कि ह[illegible] एकता और विश्वास के साथ उनके पीछे खड़े हों। हम[illegible] बहादुर हमारी भूमि की रक्षा करें और दुनिया को दिखा[illegible] कि भारत वास्तव में किसके लिए है। जय हिंद इसे हम[illegible] लिए जीतें।'

पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा, 'आइए ह[illegible] सभी अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों के पीछे ख[illegible] हों क्योंकि वे हमारे देश की रक्षा करते हैं। हम हमे[illegible] आपके साथ हैं।'

## आठ हजार से ज्यादा एक्स अकाउंट ब्लॉक, भारत के खिलाफ फर्जी खबरें फैलाने का आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने पाकिस्तान को चौतरफा घेर के रखा है। उसे कहीं से कोई राहत नही मिल रही है। जो जहां गड़बड़ी करता है या अफवाह फैलाता है उस पर तत्काल एक्शन हो जाता है। ऐसे ही फर्जी खबरें चलाने के आरोप में इंटरनेशनल न्यूज ऑर्गनाइजेशन समेत 8 हजार से अधिक एक्स अकाउंट बंद किए गए है। एक्स ने यह दावा अपने ग्लोबल गवर्नेंस अफेयर्स अकाउंट के जरिए किया है। प्लेटफॉर्म ने कहा कि हम इससे सहमत नहीं हैं, ये पोस्ट और अकाउंट सिर्फ भारत में नहीं दिखेंगे ग्लोबल गवर्नमेंट अफेयर्स ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर बताया कि भारत सरकार ने ऐसे अकाउंट्स और पोस्ट्स को बैन करने के आदेश जारी किए हैं, जो फर्जी खबरें, पाकिस्तान के लिए प्रोपेगैंडा और भारत विरोधी कंटेंट (टेक्स्ट, फोटो और वीडियो) फैला रहे हैं। सरकार का कहना है कि ये कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए की गई है। कुछ अकाउंट्स पर भारत में अस्थिरता फैलाने और गलत सूचना प्रसारित करने का आरोप है।

## सांसद पप्पू यादव ने केंद्र सरकार से पीओके को वापस लाने की अपील की

पूर्णिया (एजेंसी)। पहलगाम हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बीच, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस मामले में बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने भारत सरकार से पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को वापस लाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि भारत को अब पीओके को लेने का समय आ चुका है, और वे चाहते हैं कि भारत इस मुद्दे पर कार्रवाई करें।



पप्पू यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से यह सेना को सिधान्त लेने की अपील की है कि वे पाकिस्तान के कब्जे में विराजमान कश्मीर को स्वतंत्र करें और उसे भारत में शामिल करें। उनका मानना है कि केंद्र सरकार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को मुक्त कराने का निर्णय लेना चाहिए, जिससे भारतीय सेना ने 24 घंटे में पीओके को भारत में जोड़ देना है। पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों का निषेध किया। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों पर मिसाइल और ड्रोन हमले की कोशिश की, जिसका मुकाबला भारत ने भी किया। पाकिस्तान की ओर से कुछ हमलों की कोशिश गुरुवार रात को भी हुई, जिसे भारतीय सेना ने रोक दिया। दोनों देशों के बीच फिलहाल तनाव बना हुआ है।

## भारत-पाक तनाव के दौरान बिहार में सीमावर्ती जिलों की सुरक्षा बढ़ाई गई

### - मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सीमांचल में बैठक 10 मई को

पटना (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच चरम पर पहुंचे तनाव के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीमावर्ती जिलों की सुरक्षा को लेकर कड़े प्रबंध बढ़ाने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय मीटिंग कर सतर्कता और सुरक्षा की बढ़ाई गई है। इसके साथ ही सीमा पर चौकसी को तीखे किए जाने और संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं पर नजर रखने का निर्देश भी दिया गया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया और फर्जी खबरों को रोकने के लिए भी सख्ती से कहा है और देश को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहने की अपील की है। भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर मुख्यमंत्री ने उत्साह जताया है और लोगों को पैनिक होने से रोका है। बिहार की सीमाएं नेपाल और बांग्लादेश से मिलती हैं और मुख्यमंत्री ने उन जिलों की सुरक्षा में सख्ती से लिए गए कदमों की जानकारी दी है। मुख्यमंत्री नीतीश ने सभी जिलों के डीएम और एसपी से अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थानों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर पूरी सतर्कता बरतने को कहा है। साथ ही सोशल मीडिया और अन्य हैंडल के माध्यम से फर्जी खबरों एवं अफवाहों को पूरी सख्ती से रोकने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा है कि सरकार इस मामले में पूरी तरह सजग एवं सतर्क है। लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है। आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है।

## मुंबई पर हमले की आशंका, हाई अलर्ट जारी, मुंबई पुलिस की सभी छुट्टियां रद्द

मुंबई (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण मुंबई में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की ओर से किए गए कायराना हमले को लेकर देश भर में महत्वपूर्ण जगहों पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस बीच बौखलाए पाकिस्तान ने मुंबई पर भी हमले की धमकी दी है। जिसके बाद मुंबई पुलिस की सभी छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर हाई अलर्ट है। महाराष्ट्र में महत्वपूर्ण जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। गेटवे ऑफ इंडिया समेत महत्वपूर्ण धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर हाई अलर्ट है। महाराष्ट्र के महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा बलों को सक्रिय कर दिया गया है।

**- सिद्धिविनायक मंदिर में रविवार से माला और नारियल चढ़ाने पर रोक**

मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर ने भी सुरक्षा के मद्देनजर बड़ा फैसला लिया है। मंदिर प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से कल रविवार से भक्तों को माला और नारियल चढ़ाने पर रोक लगा दी है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते एहतियातन यह फैसला लिया गया है। इस संबंध में मंदिर प्रशासन की ओर से जल्द ही आधिकारिक जानकारी जारी की जाएगी। मंदिर प्रशासन ने भक्तों से इस फैसले में सहयोग करने की अपील की है।

# जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ शुरू हो सकती है महाभियोग की कार्यवाही!



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घर में जले नोट मिलने के मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग जैसी कार्यवाही हो सकती है। उनके खिलाफ तैयार रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास पहुंच गई है। बता दें कि दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ कैश कांड में जांच रिपोर्ट चीफ जस्टिस को सौंप दी गई थी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस पर यशवंत वर्मा को विकल्प दिया था कि वे अपने पद से इस्तीफा दे दें और यदि ऐसा नहीं किया तो फिर महाभियोग की कार्रवाई की जाएगी। उन्हें जवाब देने के लिए 9 मई तक का वक्त मिला था। जस्टिस वर्मा ने इस संबंध में जवाब भी मुख्य न्यायाधीश को दे दिया है। उनके जवाब और तीन सदस्यीय न्यायिक पैनल की रिपोर्ट को अब चीफ जस्टिस ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पास बढ़ा दिया है।

माना जा रहा है कि अब राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई होगी। उन्हें इस्तीफे का विकल्प दिया गया था, जिससे वह पीछे हटते दिखे हैं। ऐसे में महाभियोग का ही विकल्प बचा है। अब चीफ जस्टिस ने जब फाइल को प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के समक्ष भेज दिया है तो उनकी भूमिका समाप्त हो जाती है। उनकी ओर से फाइल को पीएम और राष्ट्रपति को बढ़ाने का अर्थ है कि उन्हें हटाने की सिफारिश की गई है। आर्टिकल 124 के तहत किसी जज को हटाने की कार्रवाई नियुक्ति देने वाली अथॉरिटी यानी राष्ट्रपति की ओर से ही हो सकती है। किसी भी जज को आर्टिकल 124 और आर्टिकल 217 के तहत ही हटाया जा सकता है। इसी के तहत महाभियोग का प्रस्ताव संसद में लाया जा सकता है। इसके लिए दुर्व्यवहार और अक्षमता को आधार माना जाता है।

महाभियोग के प्रस्ताव के लिए यह जरूरी है कि इस पर कम से कम 100 लोकसभा सांसदों और 50 राज्यसभा सांसदों की सहमति हो। सदन के स्पीकर की ओर से महाभियोग प्रस्ताव के लिए तीन सदस्यों की कमेटी भी बनाई जा सकती है। इस कमेटी में न्यायिक क्षेत्र के ही तीन लोग होते हैं। कमेटी में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया या सुप्रीम कोर्ट का कोई जज रहता है। इसके अलावा हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस और कोई अन्य विद्वान न्यायविद इसका हिस्सा रहता है। यदि कमेटी रिपोर्ट को सही पाती है तो फिर उसे सदन में पेश किया जाता है और उस पर वोटिंग होती है। महाभियोग की प्रक्रिया के तहत कम से कम दो तिहाई सांसद जज को हटाने के पक्ष में होने चाहिए। यही नहीं संबंधित जज को संसद के समक्ष पक्ष रखने के लिए भी बुलाया जा सकता है। महाभियोग प्रस्ताव को संसद से मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रपति के साइन की जरूरत होती है।

## 36 दिन बाद पटना लौटे लालू यादव




पटना। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव 36 दिनों के लंबे इलाज के बाद सोमवार को दिल्ली से पटना लौट आए। लालू यादव का इलाज नई दिल्ली स्थित एम्स में कार्डियो क्रिटिकल केयर यूनिट में चल रहा था। उनकी बेटी और राज्यसभा सांसद मीसा भारती ने जानकारी दी कि लालू यादव की सेहत अब स्थिर है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। पटना एयरपोर्ट पर लालू यादव व्हीलचेयर पर नजर आए। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी राबड़ी देवी, पुत्र तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव, और बेटी मीसा भारती भी मौजूद रहीं। समर्थकों ने लालू यादव जिंदाबाद के नारे लगाते हुए उनका स्वागत किया। मीडिया से बातचीत में लालू यादव ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की। उन्होंने कहा, हमारी सेना ने जो साहस दिखाया है, उस पर पूरे देश को गर्व है। जय हिंद! लालू ने कहा कि पाकिस्तान की हर हरकत का जवाब सेना देना जानती है। परिवार ने लालू यादव के स्वस्थ होकर पटना लौटने पर खुशी जाहिर की है और उनके समर्थकों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके स्वस्थ होने की कामना की।

**- दिल्ली एम्स में चल रहा था इलाज**

**- लालू यादव ने की ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ, सेना को दी बधाई**

## पुंछ और राजौरी का दौरा कर सकते हैं उमर, स्कूल की कर दी छुट्टी



**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला के जम्मू के अलावा पुंछ और राजौरी का भी दौरा करने की संभावना है। अब्दुल्ला 8 मई को जम्मू शहर और आसपास के इलाकों को निशाना बनाकर किए गए असफल पाकिस्तानी ड्रोन हमले के बाद की स्थिति का आकलन करने के लिए जम्मू पहुंचे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के कारण एहतियात के तौर पर जम्मू-कश्मीर में आज और कल सभी स्कूल बंद रहेंगे। जम्मू-कश्मीर की शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने कल कहा कि एहतियात के तौर पर जम्मू-कश्मीर में सभी स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय 9 और 10 मई को बंद रहेंगे।

पाकिस्तान के साथ जारी जंग के बीच लेह प्रशासन ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव के मद्देनजर जिले के सभी स्कूल शुक्रवार और शनिवार को बंद रहेंगे। लेह के उपायुक्त संतोष सुखदेवा ने कहा, लेह जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूल अगले दो दिन तक बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि सभी से सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन से संपर्क करने का अनुरोध किया जाता है।

**गोलाबारी में महिला की मौत**

नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर गुलमर्ग, उरी, नौगाम और कुपवाड़ा, राजौरी और पुंछ में पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा भारी गोलाबारी में 40 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, भारतीय सशस्त्र बलों ने हमलों को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया।

**बीएसएफ कैंप पर हमले की कोशिश**

जैसलमेर के रामगढ़ में बीएसएफ कैंप पर सुबह 4.30 से 5.30 बजे के बीच पाकिस्तान की ओर से ड्रोन हमले की एक और कोशिश की गई। रक्षा प्रणाली ने ड्रोन को मार गिराया।

# कर्फ्यू जैसे हालात: बॉर्डर वाले इलाकों में इमरजेंसी जैसे बने हालात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की बौखलाहट को देखते हुए पंजाब, राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती इलाकों में आपातकाल जैसे आदेश लागू कर दिए गए हैं। कई शहरों में ब्लैकआउट और कर्फ्यू जैसी स्थिति है। बता दें कि गुरुवार को पाकिस्तान की तरफ से अमृतसर और पंजाब के अन्य सीमावर्ती इलाकों में मिसाइल दागी गईं। हालांकि भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने मिसाइलों को आसमान में ही तबाह कर दिया। वहीं शुक्रवार रात भारत ने जवाबी कार्रवाई की जिससे पाकिस्तान के होश उड़ गए।


बाड़मेर की कलेक्टर टीना डाबी ने भी प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करने का आदेश दिया है। फलोदी और आसपास के इलाकों में भी अस्पतालों को अलर्ट मोड प र रखा गया है। यहां करीब 450 बेड रिजर्व कर दिए गए हैं आईसीयू और पावर बैकअप की भी तैयारी करके रखी गई है। पंजाब के गुरदासपुर में एक दिन पले रात 9 बजे से सुबह के 5 बजे तक ब्लैकआउट कर दिया गया था। इसके अलावा गुरुवार को रात ढाई बजे फिरोजपुर में भी बिजली काट दी गई। सुबह चार बजे साइरन बजे और फिर सुबह के 6 बजे के बाद बिजली की सप्लाई शुरू की गई। अमृतसर में मिसाइलों के टुकड़े गिरने के बाद वाघा, हुसैनीवाला



और सादिकी में सभी समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि वाघा बॉर्डर पर होने वाली रोज की बीटिंग रीट्रीट को भी रोक दिया गया है।

सीमा के पास वाले इलाकों में लोगों ने अपने घरों के अंदर सुरक्षित स्थान बनाने शुरू कर दिए हैं। जलंधर और होशियारपुर में लोग घरों से कम ही निकल रहे हैं। पंजाब और हरियाणा सरकार ने भी पुलिस, हेल्थकेयर और फायर डिपार्टमेंट की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। मेडिसिन और एसेंसल डिपार्टमेंट में भी छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। गुजरात के पाटन, बनासकांठा और कच्छ में हाई अलर्ट है। गुरुवार को कच्छ में एक ड्रोन जैसी चीज मिली थी। इसकी जांच की जा रही है। राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर और जोधपुर में आधी रात से सुबह के 4 बजे तक ब्लैकआउट लगाया गया था। बाद में इसका टाइम अपडेट किया गया और इसे रात में 9 बजे से ही लागू कर दिया गया। यहां के लोगों को घरों के अंदर रहने और लाइट्स ऑफ करने की सलाह दी गई है। ब्लैकआउट शुरू होने और खत्म होने के समय साइरन बजाए गए। अधिकारियो ने कहा कि आदेश का पालन ना करने वालों के खिलाफ कड़ा ऐक्शन हो सकता है। राजस्थान के सीमाई शहरों में स्कूल, कोचिंग सेंटर, मदरसे और आंगनवाड़ी बंद कर दिए गए हैं। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की परीक्षाओं को भी पोस्टपोन कर दिया गया है। राजस्थान पुलिस ने सभी तरह की छुट्टियां भी रद्द कर दी हैं। एडीजी विशाल बंसल ने कहा कि आईजी से लेकर कॉन्स्टेबल तक सभी को ड्यूटी पर रहना है। आईजी ओमप्रकासश ने कहा कि सीमा वाले इलाकों में ड्रोन ऐक्टिविटी को बैन कर दिया गया है। इसके अलावा पट्रोलिंग बढ़ा दी गई है।

## चारधाम यात्रा करने पिछले साल के मुकाबले इस साल 26 फीसदी यात्री कम आए



**देहरादून (एजेंसी)।** चारधाम यात्रा की शुरुआत के एक सप्ताह के अंदर तीर्थयात्रियों की संख्या में 26 फीसदी की गिरावट आई है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों का कहना है कि यह गिरावट बेहतर योजना और पंजीकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के कारण हुई है। उनका कहना है कि सरकार ने यात्रा शुरू होने से पहले ही ऑनलाइन पंजीकरण शुरू कर दिया था, जिससे भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। इस साल अभी तक 2.9 लाख श्रद्धालुओं ने चारों तीर्थों के दर्शन किए हैं, जबकि पिछले साल इस अवधि में यह संख्या 3.9 लाख थी।

इस साल चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की संख्या पिछले साल के मुकाबले कम है। 30 अप्रैल से शुरू हुई यात्रा के पहले सप्ताह में ही 26 फीसदी की गिरावट आई। मंगलवार तक 2.9 लाख श्रद्धालुओं ने चार धामों के दर्शन किए, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 3.9 लाख था। इस तरह करीब 1 लाख तीर्थयात्री कम आए हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह कमी बेहतर योजना और पंजीकरण को सही तरीके से लागू करने के कारण आई है।

राज्य के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पिछले साल के अनुभव को देखते हुए इस बार 20 मार्च को ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया था। इसके अलावा आधार कार्ड का वेरिफिकेशन भी अनिवार्य कर दिया था और यात्रियों को आगे बढ़ने की अनुमति देने से पहले उनके दस्तावेजों की अच्छी तरह से जांच की गई। मंत्री ने कहा कि ऑफलाइन बुकिंग काउंटर भी बढ़ाए थे, जिससे बेहतर योजना बनाकर भीड़ को रोकने में मदद मिली।

दून स्थित थिंक-टैंक, एसडीसी फाउंडेशन के संस्थापक अनूप नौटियाल ने तीर्थयात्रियों की संख्या में कमी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इस गिरावट का मुख्य कारण इस साल यात्रा का अलग-अलग समय पर शुरू होना है। साल 2024 में केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री 10 मई को खुले थे, जबकि बद्रीनाथ 12 मई को खुला था। इसके विपरीत, इस साल केदारनाथ 2 मई को खोला गया, जबकि यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट 30 अप्रैल को ही खोल दिए गए थे। बद्रीनाथ 4 मई को खुला। इस वजह से तीर्थयात्रियों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ी।

उन्होंने कहा कि धीमी शुरुआत के बावजूद, यात्रा के मई के दूसरे चरण में चरम पर पहुंचने की उम्मीद है। पिछले साल भी ऐसा ही देखा गया था, जब गर्मियों की छुट्टियां शुरू होने पर ज्यादा तीर्थयात्री आए थे। नौटियाल ने सरकार और सभी संबंधित पक्षों से आग्रह किया कि वे इस तीर्थयात्रा को सिर्फ एक पर्यटन कार्यक्रम के रूप में न देखें। बुधवार तक 25 लाख से ज्यादा लोगों ने यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें 8.7 लाख केदारनाथ, 7.8 लाख बद्रीनाथ, 4.5 लाख गंगोत्री और 4.1 लाख यमुनोत्री के लिए लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

## आतंकियों के ताबूतों पर जो फूल चढ़ाए गए वे इशारा कर रहे मारे गए बड़े आतंकी!

### - क्या आतंकी हाफिज सईद या मसूद अजहर भारत के हमले में मारे गए?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बुधवार देर रात पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर भारत ने आतंक के नौ ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। भारत ने जिन ठिकानों पर हमला किया उसमें मुरीदके में हाफिज सईद और बहावलपुर में मौलाना मसूद अजहर का ठिकाना भी था। ऑपरेशन सिंदूर में बहावलपुर के मरकज को मिसाइल अटैक से तबाह कर दिया। ये वह जगह है जो मसूद अजहर का सबसे बड़ा ठिकाना है। वहीं मरकज तैयबा जो मुरीदके में है। वहां पर भारत ने हमला करके हाफिज सईद के सबसे बड़े टेरर प्वाइंट को मिटटी में मिला दिया। अब सवाल उठा है कि क्या पाकिस्तान में निकले ताबूतों का सीधा रिश्ता हाफिज सईद या मसूद अजहर से हो सकता है?

अटकलें लगाई जा रही है कि क्या इस ऑपरेशन में इन दोनों में से कोई मारा गया है वैसे ताबूतों को देखकर यही लग रहा है कि कोई बड़ा आतंकवादी मारा गया है। वैसे पाकिस्तान की तरफ से ताबूतों पर जो फूल चढ़ाए गए उसमें से एक पर चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लिखा था। वहीं दूसरे पर राष्ट्रपति लिखा था। इसके अलावा एक अन्य ताबूत के सामने लश्कर का कमांडर हाफिज अब्दुल रउफ ने खुद नमाज पढ़ी। ऐसे में इन तीन सबूत और फोटो से यह सवाल उठ रहे हैं कि हाफिज सईद या अजहर मसूद मारा गया है क्या?

पाकिस्तान में पंजाब प्रांत में आतंकवादी के ताबूत पर जो फूल चढ़ाया गया है उस पर लिखा है चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ यानी पाकिस्तानी सेना का प्रमुख आसिम मुनीर ने ये फूल आतंकी के ताबूत के लिए भेजे थे। वहीं एक पर लिखा है प्रेसीडेंट मतलब पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने ये फूल आतंकंकवादी की मौत पर भेजे हैं ऐसा लगता है आतंकियों की मौत से इनको झटका लगा है। ताबूत के सामने जो नमाज पढ़ा रहा है वो लश्कर का कमांडर हाफिज अब्दुल रउफ है, जिसके पीछे पाकिस्तानी सेना के तमाम अफसर हाथ बांधकर खड़े हैं। इसीलिए ये सवाल उठ रहे हैं कि क्या भारत ने जो आतंकवाद पर सबसे बड़ा प्रहार किया उसमें हाफिज सईद या मसूद अजहर या फिर इतना ही बड़ा आतंकवादी मारा गया है जिस पर यह लोग आंसू बहा रहे हैं।

# भारत ने पाक को मारी दोहरी मार, ऊपर से बम तो जमीन पर पानी का सैलाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ हमले की हिमाकत की, तो उसे जवाब भी मिल गया। एक ओर आसमान से उसकी मिसाइलें और ड्रोन भारतीय फौजों की सतर्कता के आगे टिक नहीं पा रही हैं, तो दूसरी ओर जमीन पर भारत ने पानी का सैलाब छोड़ दिया जिसने पाकिस्तान को हिला कर रख दिया है। गुरुवार को पाकिस्तान की ओर से किए गए सैन्य हमलों का भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया। इसके बाद शुक्रवार सुबह रामबन जिले में स्थित बगलिहार हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के गेट सुबह 8-15 बजे खोल दिए गए। इससे पहले भारत ने कुछ दिन पहले ही इन डैमों के गेट बंद कर दिए थे, जिससे पाकिस्तान में चिनाब नदी का जलस्तर नीचे आ गया था। अब भारी बारिश और डैम के भर जाने से जब गेट खोले गए, ऐसे में वहां बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। इसके बाद पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर और ज्यादा दबाव बन जाएगा।

गुरुवार शाम पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट, उधमपुर, जैसलमेर, पोखरण, जालंधर और भुज जैसे रणनीतिक सैन्य ठिकानों को ड्रोन और मिसाइलों से निशाना बनाने का प्रयास किया, लेकिन भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने अपनी ताकत और मुस्तैदी से हर कोशिश को नाकाम कर दिया। भारतीय सेना ने तीन पाकिस्तानी फाइटर जेट्स को भी मार गिराया, जिनमें दो जेएफ-17 और एक एफ-16 शामिल थे। ये फाइटर जेट भारतीय हवाई क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें सतर्क रडार सिस्टम और फाइटर स्क्वाड्रन की मदद से हवा में ही निशाना बनाया गया है।

जम्मू-कश्मीर के उरी, अखनूर और पुंछ जैसे सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल हमलों के साथ फायरिंग भी की। कई घरों को नुकसान पहुंचा, लेकिन भारतीय सेना की तत्परता से हालात काबू में रहे। जम्मू के सतवारी में सुबह आसमान में संदिग्ध गतिविधि दिखने पर भारतीय जवानों ने तुरंत फायरिंग कर फ्लाइंग ऑब्जेक्ट को नष्ट कर दिया। भारत की रक्षा प्रणाली में शामिल रूस निर्मित एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने इन हमलों में अहम भूमिका निभाई। राजौरी और पुंछ की नियंत्रण रेखा पर जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई, लेकिन भारत की तरफ से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। जम्मू यूनिवर्सिटी के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया गया।

भारत ने पाकिस्तान को सिर्फ हथियारों से ही नहीं, पानी के जरिए भी करारा जवाब दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हुई सिंधु जल संधि को विश्व बैंक ने मध्यस्थता के जरिए लागू कराया था। इस संधि के तहत भारत को पूर्वी नदियों (सतलुज, रावी, ब्यास) का और



पाकिस्तान को पश्चिमी नदियों (सिंधु, झेलम, चिनाब) का अधिकार मिला था, लेकिन हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले में 28 लोगों की मौत के बाद भारत ने इस संधि को रद्द करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**